3 राजधानी
ऑनलाइन फ्राड करने वाला मास्टरमाइंट गिरफ्तार

6 अभिमत
कोविड के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता

9 राष्ट्रीय
भारत ने अफगानिस्तान को भेजी 27 टन राहत सामग्री

10 विदेश
कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख ने दिया इस्तीफा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 244
लखनऊ, शनिवार, 25 जून, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



तीरंदाजी विश्व कप में भारत की जोड़ी फाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# महाराष्ट्र संकट की गेंद अब डिप्टी स्पीकर के पाले में

- विधानसभा में विश्वास मत के लिए तैयार उद्धव ठाकरे सरकार
- अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट जाने की तैयारी मे शिंदे गुट

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**महाराष्ट्र** का राजनीतिक संकट अब उलझता जा रहा है। गेंद अब डिप्टी स्पीकर नरहरि सीताराम जिरवाल के पाले में चली गई है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट और सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दल अब विश्वास मत के लिए अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि अब उद्धव सरकार विधानसभा में विश्वास मत के लिए अगले सप्ताह तक का समय मांग सकती है।

विधानसभा में स्पीकर की अनुपस्थिति में फरवरी 2021 से कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल के पास एकनाथ शिंदे और एमवीए सरकार दोनों गुटों के बहुमत के दावों से निपटने जैसा बड़ा ही कठिन काम होगा। हर रोज जटिल होती जा रही स्थिति और आने वाले दिनों में दल-बदल विरोधी कानून के प्रभाव को देखते हुए इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि मामला विधायकों की संभावित अयोग्यता को लेकर अदालत की चोखट तक पहुंच जाए। इससे महाराष्ट्र में उपजे राजनीतिक संकट को सुलझाने में और देर होगी। वर्तमान राजनीतिक संकट से संबंधित मामले में पहला कदम उठाते हुए डिप्टी स्पीकर नरहरि ने शिवसेना विधायक दल (एसएसएलपी) द्वारा 21 जून को शिवसेना के बागी नेता और मंत्री एकनाथ शिंदे को शिवसेना समूह के नेता पद से बर्खास्त करने के फैसले को मान्यता दे दी है। शिंदे की जगह पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय चौधरी को नियुक्त किया गया है। चौधरी को शिंदे के स्थान पर नए एसएसएलपी नेता के रूप में नियुक्त करने के मूल सेना नेतृत्व के फैसले की मान्यता का मतलब है कि उपाध्यक्ष के पास यह मानने का मजबूत कारण है कि मूल शिवसेना के पास इस तरह से कार्य करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है।

नए एसएसएलपी नेता के रूप में चौधरी की नियुक्ति की अनुमति देने वाले डिप्टी स्पीकर के फैसले से बागी एकनाथ शिंदे खेमे में बेचैनी बढ़ गई है और उसने इस मामले को शनिवार सुबह बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर ली है। अपनी ओर से विद्रोही खेमे ने गुरुवार को डिप्टी स्पीकर को एक नया पत्र सौंपा कि शिवसेना के 37 बागी विधायक गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। यह संख्या शिवसेना के कुल 55 विधायकों का दो-तिहाई से अधिक है। इससे यह दावा मजबूत होता है कि एकनाथ शिंदे राज्य विधानसभा में शिवसेना समूह के नेता के रूप में बने रहेंगे। हालांकि शुक्रवार शाम तक, डिप्टी स्पीकर ने इस दावे को स्वीकार नहीं किया था कि शिंदे खेमे को शिवसेना के 37 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। यदि उपसभापति शिवसेना के विद्रोही खेमे के इस दावे को स्वीकार ( शेष पेज 4 )



गुवाहाटी के एक होटल में शुक्रवार को अपने समर्थक विधायकों के साथ शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे

## कोई राष्ट्रीय दल हमारे संपर्क में नहीं है: शिंदे

**मुंबई।** शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे ने एक दिन पहले दिए अपने बयान से पटलते हुए शुक्रवार को कहा कि कोई भी राष्ट्रीय दल उनके संपर्क में नहीं है। शिंदे ने गुरुवार शाम को जारी एक वीडियो में बागी विधायकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय दल के समर्थन का दावा किया था। शिंदे वीडियो में यह कहते दिखे, चाहे जो हो जाए, जीत हमारी होगी। एक राष्ट्रीय दल है, एक महाशक्ति जिसे आप जानते हैं कि उन्होंने पाकिस्तान को मात दी। उस दल का कहना है कि हमने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है और उसने हमें हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। उसने कहा है कि अगर आपको कुछ चाहिए तो हम आपको निराश नहीं करेंगे। जब भी आपको किसी सहायता की आवश्यकता होगी, हम देंगे। शिंदे से एक टीवी चैनल पर पूछा गया कि क्या भाजपा उनके समूह का समर्थन कर रही है, तो उन्होंने कहा, बड़ी शक्ति का समर्थन मिलने से मेरा मतलब बालासाहब ( शेष पेज 4 )

# जम्मू-कश्मीर में होगा जी-20 देशों के नेताओं का सम्मेलन

- अगले साल होने वाले सम्मेलन की तैयारी के लिए पांच सदस्यीय समन्वय समिति गठित
- अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किए जाने के बाद भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**केंद्र** शासित जम्मू और कश्मीर आगामी वर्ष 2023 में विश्व के सबसे प्रभावशाली अर्थव्यस्था वाले देशों के समूह जी-20 के नेताओं का स्वागत करेगा। जम्मू-कश्मीर में अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने के बाद इसे भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। जी-20 की 1999 में स्थापना के बाद से भारत इसका सदस्य रहा है। भारत नई दिल्ली में 1 दिसंबर 2022 को जी-20 समूह की अध्यक्षता करेगा और वर्ष 2023 में जम्मू और कश्मीर में पहली बार जी-20 समूह के नेताओं के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए पांच सदस्यीय समन्वय समिति गठित की गई है।

जी-20 सदस्य देशों के संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन, जर्मनी, फ्रांस, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। जी-20 दुनिया की 19 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और यूरोपीय संघ को एक प्लेटफॉर्म पर लाते हैं, जिसके सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 फीसदी, वैश्विक व्यापार का 75 फीसदी और वैश्विक आबादी का 60 फीसदी हिस्सा हैं। केंद्र शासित प्रशासन वैश्विक नेताओं की कश्मीर घाटी में मेजबानी करने वाला है। बैठक की तैयारी के लिए केंद्र शासित प्रशासन ने समग्र समन्वय के लिए पहले ही पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

पिछले साल सितंबर में, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को जी-20 के लिए भारत का शेरपा (अगुवाई करने वाला) नियुक्त किया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत एक दिसंबर, 2022 से जी-20 की अध्यक्षता करेगा और 2023 में पहली बार जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। यहां गुरुवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव समिति के अध्यक्ष होंगे, जिसका गठन विदेश मंत्रालय के 4 जून के पत्र के बाद किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार द्विवेदी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में होने वाली जी-20 बैठकों के समग्र समन्वय के लिए एक समिति के गठन को मंजूरी दी जाती है। समिति के सदस्यों में आयुक्त सचिव (परिवहन), प्रशासनिक सचिव (पर्यटन), प्रशासनिक सचिव (आतिथ्य एवं प्रोटोकॉल) और प्रशासनिक सचिव (संस्कृति) शामिल हैं। आदेश में कहा गया है, इसके अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जी-20 बैठकों की व्यवस्था के समन्वय के लिए सरकार के प्रधान सचिव (आवास और शहरी विकास विभाग) को केंद्र शासित प्रदेश स्तर के नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत के प्रतिनिधित्व का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत 1999 में जी-20 की स्थापना के बाद से इसका सदस्य है।

# गुजरात दंगा मामले में मोदी को क्लीन चिट

- सुप्रीम कोर्ट ने जकिया जाफरी की याचिका खारिज की

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की एक पीठ ने मामले को दोबारा शुरू करने के सभी रास्ते बंद करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्रित की गई समाग्री से मुसलमानों के खिलाफ सामूहिक हिंसा भड़काने के लिए सर्वोच्च स्तर पर आपराधिक षड्यंत्र रचने संबंधी कोई संदेह उत्पन्न नहीं होता है। पीठ ने कहा कि जकिया की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। अदालत ने किसी गुप्त उद्देश्य के लिए मामले को जारी रखने की गलत मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि जो प्रक्रिया का इस तरह से गलत इस्तेमाल करते हैं, उन्हें कटघरे में खड़ा करके उनके खिलाफ कानून के दायरे में कार्वाई की जानी चाहिए।

जकिया जाफरी ने एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी सहित 64 लोगों को मामले में दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विशेष जांच दल (एसआईटी) के अथक प्रयासों के लिए उसकी सराहना की और कहा कि उसने बेहतरीन काम किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईटी की जांच में कोई दोष नहीं पाया जा सकता और मामले को बंद करने से संबंधित उसकी आठ फरवरी 2012 की रिपोर्ट पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित है। पीठ ने मामले को बंद करने संबंधी 2012 में सौंपी गई एसआईटी की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके खिलाफ दाखिल जाकिया की याचिका को खारिज करने के विशेष मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश को बरकरार रखा।

जकिया ने उच्च न्यायालय के पांच अक्टूबर, 2017 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने एसआईटी की रिपोर्ट के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने 452 पृष्ठ के अपने आदेश में कहा, हम मामले की जांच के सिलसिले में कानून के उल्लंघन और अंतिम रिपोर्ट को लेकर मजिस्ट्रेट तथा उच्च न्यायालय के रुख के खिलाफ अपीलकर्ता के प्रतिवेदन से सहमत नहीं हैं। कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी 28 फरवरी, 2002 को अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में मारे गए 68 लोगों में शामिल थे। इससे एक दिन पहले गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगा दी गई थी, जिसमें 59 लोग मारे गए थे। इन घटनाओं के ( शेष पेज 4 )

# कोरोना के केस चार माह में सबसे ज्यादा

- 17,336 नए मामले, 13 और ने गंवाई जान, प्रतिदिन के मामलों में 30 फीसदी केस बढ़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** में शुक्रवार को चार माह से ज्यादा (124 दिन) समय के बाद एक दिन में कोविड-19 के सबसे अधिक मामले आए और ये 17,000 के आंकड़े को पार कर गए। कुल मिलाकर रोजमर्रा के मामलों में 30 फीसदी की उछाल दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 17,336 नए मामले आए जिससे संक्रमित लोगों की संख्या 4,33,62,294 हो गई जबकि महामारी में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,24, 954 हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक आज 13 और मौतें दर्ज की गईं।शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कोविड के 1,147 नए केस आए जबकि एक मौत हुई। यहां पॉजिटीविटी दर गिरकर 5.98 फीसदी हो गया है। एक दिन पहले हुए 24,203 जांच में ये नए मामले सामने आएं हैं। दिल्ली में संक्रमित लोगों की संख्या 19,28,841 तथा मृतकों की संख्या 26,243 हो गई है।

गुरुवार को दिल्ली में 1934 केस आए थे तथा कोई मौत नहीं हुई थी, जबकि पाजिटीविटी रेट 8.10 फीसदी था। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 88,284 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.20 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 4,294 की बढ़ोतरी हुई है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, मरीजों के ठीक होने की ( शेष पेज 4 )

# ब्रज क्षेत्र की धरोहरों का होगा पुनरुद्धार

- योगी ने विकास कार्यों के संबंध में केंद्रीय मंत्रियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के विकास कार्यों के सम्बन्ध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रियों के साथ ब्रज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संबंध में बैठक की।

उन्होंने ब्रज विकास परियोजना के सम्बन्ध में व्यापक विचार-विमर्श किया। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से 361 किलोमीटर लम्बी ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा परियोजना, 52 किलोमीटर लम्बी ब्रज तीर्थ पथ परियोजना एवं 72 किलोमीटर लम्बी गोवर्धन कनेक्ट परियोजना से जुड़े बिन्दुओं पर विचार मंथन किया। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से लगभग 12 किलोमीटर लम्बे मथुरा-वृन्दावन रेल मार्ग को वैकल्पिक यातायात मार्ग के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया। ज्ञातव्य है कि मथुरा-वृन्दावन के मध्य स्थित यह रेल मार्ग वर्तमान में अनुपयोगी सिद्ध हो रहा है। इस मार्ग की भूमि का उपयोग मथुरा और वृन्दावन के बीच वैकल्पिक यातायात मार्ग को विकसित किये जाने के लिए हो सकता है। इसके दृष्टिगत मथुरा-वृन्दावन रेलवे लाइन पर लाइट रेल ट्रांजिट सिस्टम (एलआरटीएस) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से मथुरा जंक्शन पर टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेण्टर के निर्माण के सम्बन्ध में वार्ता की। उल्लेखनीय है कि जनपद मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े स्थलों पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इनमें ट्रेन के माध्यम से आने वाले यात्रियों की संख्या सर्वाधिक होती है। रेलवे स्टेशन पर टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेण्टर के निर्माण से मथुरा आने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,727 | ↑ | 462 | |
| निफ्टी | 15,699 | ↑ | 142 | |
| सोना | 50,557 | ↓ | 70 | /10g |
| चांदी | 59,077 | ↓ | 621 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लश्कर-ए-तैयबा का मादक पदार्थ आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के चार सहयोगियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लश्कर-ए-तैयबा के मादक पदार्थ से आतंकवादी घटनाओं के लिए वित्तपोषण करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।इनके पास से विस्फोटक, गोलाबारूद और वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुरुआती जांच मे खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आतंकवादियों के सहयोगी सक्रिय आतंकवादियों और आतंकी गतिविधियां करने वालों को मादक पदार्थ की बिक्री से प्राप्त मुनाफा पहुंचाकर प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा को रणनीतिक मदद देने में संलिप्त थे। उन्होंने बताया, सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों से जुड़े जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है उनकी पहचान वथूर चादूरा निवासी यूनिस मंजूर और महबूब अहमद, अरिगमा खानसाहिब निवासी इरशाद गनी और परनेवा खानसाहिब निवासी मुजफ्फर अहमद के तौर पर की गई है।

# दिव्यांग बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के दोषी की मौत की सजा बरकरार

- उच्चतम न्यायालय ने कहा, मासूम के साथ अपराध आत्मा को झकझोर देने वाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने राजस्थान में साढ़े सात साल की मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांग बच्ची के साथ 2013 में बलात्कार और उसकी हत्या के दोषी की मौत की सजा को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अपराध अत्यंत निंदनीय है और अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है।

दोषी मनोज प्रताप सिंह उस समय 28 वर्ष का था और उसने शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग नाबालिग लड़की का उसके माता-पिता के सामने से 17 जनवरी, 2013 को अपहरण कर लिया था। सिंह ने राजस्थान के राजसमंद जिले में बच्ची के साथ एक सुनसान जगह पर बेरहमी से बलात्कार किया और फिर नृशंस तरीके से उसकी हत्या कर दी।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की तीन सदस्यीय पीठ ने मृत्युदंड दिए जाने के राजस्थान उच्च न्यायालय के 29 मई, 2015 के आदेश को बरकरार रखा है। पीठ ने कहा कि खासकर, जब पीड़िता (मानसिक रूप से अस्वस्थ और दिव्यांग साढ़े सात साल की बच्ची) को देखा जाए, जिस तरह से पीड़िता का सिर कुचल दिया गया, जिसके कारण उसके सिर की आगे की हड्डी टूट गई और उसे कई चोटें आईं, उसे देखते हुए यह अपराध अत्यंत निंदनीय और अंतरात्मा को झकझोर देता है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि यह मामला अत्यंत ( शेष पेज 4 )

# मुर्मू ने भरा नामांकन पत्र, सोनिया-ममता से मांगा समर्थन

- प्रधानमंत्री मोदी ने निर्वाचन अधिकारी को सौंपे राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग उम्मीदवार के नामांकन पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आगामी 18 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए शुक्रवार को सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू (64) ने अपना नामांकन पत्र भरा।

प्रधानमंत्री मोदी ने संसद भवन परिसर स्थित राज्यसभा महासचिव के कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी पी.सी. मोदी को मुर्मू के नामांकन पत्र सौंपे। मुर्मू के साथ नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं के अलावा वाईएसआर कांग्रेस के विजयसाई रेड्डी, ओडिशा की बीजू जनता दल सरकार के दो मंत्री और उसके नेता सस्मित पात्रा, अन्नाद्रमुक नेता ओ. पनीरसेल्वम और थम्बी दुरई तथा जनता दल (यू) के राजीव रंजन सिंह भी मौजूद थे। राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए प्रत्येक सेट में निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच से 50 प्रस्तावक और 50 अनुमोदक होने चाहिए। यदि मुर्मू यह चुनाव जीतती हैं तो वह देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी। मुर्मू एन संजीव रेड्डी के बाद अब तक की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति होंगी।

रेड्डी राष्ट्रपति बनने के समय मुर्मू से कुछ ही दिन बड़े थे। प्रतिभा पाटिल 2007 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनी थीं। राष्ट्रपति पद के लिए राजग की पसंद ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को मुश्किल में डाल दिया है और अब तक संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार और वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे यशवंत सिन्हा का समर्थन कर रही झामुमो अपने रुख की समीक्षा कर सकती है। झामुमो झारखंड की आदिवासी पार्टी है, इसलिए ( शेष पेज 4 )



नई दिल्ली में राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पत्र भरने के समय राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य वरिष्ठ नेता

# सीएम योगी आज सौंपेंगे 10 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी प्रमाणपत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एक** बड़ी महत्वाकांक्षी योजना के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ 25 जून को स्वामित्व योजना के तहत 1081062 ग्रामीणों को डिजिटल माध्यम से उनके आवास का मालिकाना हक दिलाने वाला दस्तावेज (ग्रामीण आवासीय अभिलेख) यानी घरौनी प्रमाण पत्र सौंपेंगे।

योजना का लाभ पाने वाले ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण पत्र मिलने से काफी राहत मिलेगी। उनके लिए बैंकों से लोन प्राप्त करना आसान हो जाएगा। अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राप्त करने में भी घरौनी के दस्तावेज उनके काम आ सकेंगे। राज्य सरकार स्वामित्व योजना के तहत सभी 75 जनपदों में घरौनियां तैयार किए जाने का कार्य बड़ी तेजी से कर रही है।

अभिलेखों को तैयार करने के लिए 110313 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 से शुरू की गई स्वामित्व योजना का लाभ सीएम योगी आदित्यनाथ यूपी की ग्रामीण जनता को भी दिला रहे हैं। स्वामित्व योजना के तहत 20 जून तक प्रदेश के कुल 68641 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। 23287 ग्रामों में कुल 3428305 घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। योजना के तहत ग्रामीण आवासीय अभिलेखों का निर्माण हो जाने पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति संबंधी विवाद काफी कम हो जाएंगे। स्वामित्व का अभिलेख बन जाने पर न्यायालय में चल रहे विवादों का निस्तारण जल्द होगा। आबादी क्षेत्र का प्रारंभिक डाटा मिलने पर सरकार विकास की योजनाओं को आसानी से संचालित करा सकेगी। इन अभिलेखों के तैयार हो जाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय तरलता एवं वित्तीय सुदृढ़ता के साथ ही विकास की प्रक्रिया को भी गति मिलेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश में 23 दिसम्बर 2021 तक 5 चरणों में कुल 15940 ग्रामों में 2347243 घरौनियों का वितरण कर चुकी है। सरकार ने पहले चरण में 11 अक्टूबर 2020 को 346 ग्रामों में 41731, दूसरे चरण में 25 दिसम्बर 2020 को 229 ग्रामों में 10041, तीसरे चरण में 12 फरवरी 2021 को 1001 ग्रामों में 157224, चतुर्थ चरण में 24 अप्रैल 2021 को 427 ग्रामों में 53424 और पांचवें चरण में 23 दिसम्बर 2021 को 13937 ग्रामों में 2084823 घरौनियों का वितरण किया है।

## होमगार्ड विभाग को बजट एलाट

# अब विभाग से ही मिलेगा 34 हजार जवानों को वेतन

● आजीवन कारावास की सजायाफ्ता बंदियों के लिए 60 वर्ष आयु सीमा की बाध्यता समाप्त, अब सजा पूरी करने के बाद हो सकेंगे रिहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के होमगाड्र्स एवं कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापित ने कहा है कि लगभग 34 हजार होमगाड्र्स जवानों का वेतन अब होमगाड्र्स विभाग से दिया जाएगा। पहले उनका वेतन गृह विभाग से दिया जाता था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था कि इन जवानों को ड्यूटी एवं वेतन हेतु गृह विभाग पर निर्भर रहने से उनके सामने समय-समय पर असहज स्थिति आती रहती है। इसी के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने बजट को गृह विभाग से अलग करते हुए होमगार्डस विभाग को दे दिया है।

धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि 25 हजार होमगाड्र्स जवान गृह विभाग से सम्बद्ध होकर विभिन्न थानों में एवं 8996 होमगार्डस जवान डॉयल 112 में तैनात थे। इनके के लिए क्रमश: 755 करोड़ एवं 320 करोड़ की बजट की व्यवस्था थी। अब इस बजट को वित्त विभाग ने होमगाड्र्स विभाग को दे दिया है। उन्होने बताया कि होमगाड्र्स विभाग इसका भुगतान अपने अनुसार कर सकेगा। होमगाड्र्स जवानों के लिए ड्यूटी की समस्या का भी हल हो जायेगा। होमगार्डस जवानों को गृह विभाग से ड्यूटी के भुगतान में विलम्ब होता था। जिसके कारण उन्हें अपने जीविकोपार्जन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था परन्तु अब उनकों समय से ड्यूटी भत्ते का भुगतान हो सकेगा। इससे उनको भागदौड़ नहीं करनी पडेगी। उनकों समय से भुगतान प्राप्त होगा। धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत आजीवन कारावास से निरूद्ध कैदियों से संबधित नियमावली में परिवर्तन किया गया है। पहले आजीवन कारावास के तहत 16 या 20 साल की सजा पूरी कर लेने के बाद भी कैदियों को 60 वर्ष की आयु सीमा तक जेल में रहना पड़ता था। परन्तु अब इसमें बदलाव करते हुए 60 साल की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब कोई भी कैदी अपनी 16 से 20 साल की सजा पूरी करने के बाद जेल से रिहा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे कैदियों की मनोदशा में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रजापति नें हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले कैदियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया है कि जेल नियमावली के अध्ययन करने के पश्चात उनकी आगे की पढाई की क्या व्यवस्था हो सकती है इस पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कैदी शिक्षित एवं रोजगार के अवसर पा सके इसके लिए कारागार विभाग महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। उन्होने बताया कि कारागार एमएसएमई विभाग से वार्ता करके उनके रोजगार सृजन के सम्भावनाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहा है।

# 52 पीसीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने 52 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। प्रशिक्षण पूरा कर चुके पीसीएस अफसरों को भी नई तैनाती प्रदान की गई है। इस संबंध में शुक्रवार को यूपी सरकार के विशेष सचिव की ओर से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार एसडीएम स्तर के इन अधिकारियों में प्रीति तिवारी को अमेठी, सौरभ यादव को पीलीभीत, हरिशंकर लाल को अंबेडकरनगर, विपिन कुमार द्विवेदी को अयोध्या, अंशुमान सिंह को अयोध्या, दिव्या सिंह को आगरा, पूनम गौतम को कानपुर देहात, अभय सिंह को आगरा, विक्रम सिंह राघव को इटावा, प्रियंका कुमार को बुलंदशहर, कार्तिकेय सिंह को लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ चौधरी को मथुरा, विवेक राजपूत को फिरोजाबाद, अजेन्द्र सिंह को फतेहपुर, आकाश कुमार को गाजीपुर, अंकित कुमार को जौनपुर, शिवम सिंह को गोरखपुर, सिद्धार्थ पाठक को गोरखपुर, कुंवर सचिन सिंह को गोरखपुर, कुमार सत्यम जीत को इटावा में तैनाती दी गई है। इसी प्रकार प्रशिक्षण पूरा कर चुकी हर्षिता तिवारी को गाजीपुर, कुणाल गौरव को जौनपुर, सुनील कुमार भारती को जौनपुर, शिखा शुक्ला को पीलीभीत, अखिलेश सिंह यादव को मऊ, शैलेन्द्र कुमार वर्मा को प्रतापगढ़, अभिषेक कुमार सिंह को प्रयागराज, गणेश कुमार कनौजिया को प्रयागराज, अविनाश सिंह यादव को प्रयागराज, आदेश सिंह सागर को फिरोजाबाद, कुणाल को सिद्धार्थनगर, ऋषभ पुंडीर को अलीगढ़, राखी वर्मा को सीतापुर, सत्येन्द्र सिंह को मैनपुरी, विकास यादव को बांदा, शिवेंद्र कुमार वर्मा को उन्नाव, उदित नारायण सेंगर को उन्नाव, अजीत प्रताप सिंह को रायबरेली, रितू रानी को बिजनौर, युगान्तर त्रिपाठी को मैनपुरी, विकल्प को फिरोजाबाद, अभिनव द्विवेदी को बुलंदशहर, संतबीर सिंह को लखनऊ, मोहित यादव को लखनऊ, अभिनव कुमार यादव को सीतापुर, प्रीती सिंह को बाराबंकी, नीलिमा यादव को कानपुर देहात, अखिलेश कुमार यादव को बलिया, नीतू रानी को मथुरा, शना अख्तर मंसूरी को जालौन, अंजलि सिंह को मैनपुरी, इला प्रकाश को हापुड़ में उपजिलाधिकारी पद पर तैनात किया है।

# महाकुंभ-2025 का हो भव्य आयोजनः मुख्य सचिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कुंभ मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि 2025 का महाकुम्भ भारत और उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से दुनिया को परिचित कराने का बेहतरीन अवसर है। महाकुम्भ 2025 का भव्य आयोजन हो। आजादी का अमृत महोत्सव और महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए संगम क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक विरासतों व पौराणिक धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार कार्य तेजी से सम्पन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि ढाई साल बाद होने वाले महाकुम्भ में देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी। पार्किंग, ट्रांसपोर्ट सिस्टम, रोड कनेक्टिविटी, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई, सैनिटेशन, अविरल और निर्मल गंगा की तैयारियों सहित अन्य तात्कालिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रयागराज को क्लीन, ग्रीन और सुंदर शहर बनाने की दिशा में काम हो। जो जन सहयोग और जन अभियान से ही संभव है। स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, पौधरोपण, जल संरक्षण, पेयजल सुविधा, गंगा स्वच्छता, श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए बड़े पैमाने पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध वर्ग, युवाओं, महिलाओं समेत सामाजिक व धार्मिक संगठनों का जनसहयोग लिया जाए। जन जागरण के साथ मेले से जुड़े अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंलायुक्त प्रयागराज एवं जिलाधिकारी प्रयागराज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीग उपस्थित थे।

## सिविल सेवा-2022

# अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की निशुल्क तैयारी कराएगा समाज कल्याण विभाग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिविल** सेवा 2022 की प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी लखनऊ, प्रयागराज और दिल्ली के अच्छे कोचिंग संस्थानों से मुख्य परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। इसका पूरा खर्च समाज कल्याण विभाग उठाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके या कार्यालय से फार्म लेकर 5 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

विभाग के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के निवासी हों और उनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपए से अधिक न हो। विभाग की तरफ से उन्हें निजी कोचिंग या अध्ययन सामग्री खरीदने के लिए 45 हजार और रहने के लिए दस हजार रुपए दिए जाएंगे। इन मदों की रसीदें उपलब्ध कराने पर यह राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। निदेशक ने बताया कि मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थी समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित कोचिंग में भी आवेदन कर सकते हैं। यहां उनके पठन-पाठन और रहने खाने की सभी व्यवस्थाएं निशुल्क होंगी। एससीएसटी और ओबीसी वर्ग के छात्र छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, भागीदारी भवन लखनऊ और इसी वर्ग की छात्राएं आदर्श परीक्षा पूर्व परीक्षण केंद्र, अलीगंज लखनऊ के लिए आवेदन कर सकती हैं। वहीं, अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राएं राजकीय आईएएस-पीसीएस कोचिंग केंद्र हापुड़, इसी वर्ग के छात्र संत रविदास आईएएस-पीसीएस परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र वाराणसी, डॉ. बीआर अंबेडकर प्रशिक्षण केंद्र आगरा, डॉ. बीआर अंबेडकर प्रशिक्षण केंद्र अलीगढ़ और न्यायिक सेवा परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज के लिए आवेदन कर सकते हैं। राकेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना समाज के लिए सभी वर्गों के लिए संचालित है। इसके तहत समस्त आय वर्ग अभ्यर्थी निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा के लिए छात्र छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, भागीदारी भवन लखनऊ और छात्राएं आदर्श परीक्षा पूर्व परीक्षण केंद्र, अलीगंज लखनऊ के लिए आवदेन करें जबकि हापुड़ केंद्र पर छात्रों के साथ-साथ छात्राएं भी आवेदन कर सकती हैं।

# सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ को यूपी चुनाव के पहले बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को गोरखपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धमकी देने वाला आरोपी फिरोजाबाद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के अहमदपुर का रहने वाला सोनू भीम आर्मी का नेता है और वह 'लेडी डॉन' के नाम से ट्विटर अकाउंट चलाता रहा है। इसी ट्विटर हैंडल से ही उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

सीएम योगी को बम से उड़ाने की यह धमकी बीती 4 फरवरी को दी गई थी। पुलिस ने इस संबंध में गोरखपुर के थाना कैंट में मुकदमा पंजीकृत कर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को तलाशने का प्रयास शुरू किया लेकिन काफी छानबीन के बाद उसे कोई सफलता नहीं मिल पाई थी। इतना जरूर पता चल गया था कि यह धमकी लेडी डॉन नाम के ट्विटर हैंडल से दी गई है। विवेचना के दौरान आखिरकार पुलिस ने यह पता लगा लिया कि यह ट्विटर हैंडल सोनू सिंह निवासी अहमदपुर, थाना सिरसागंज, फिरोजाबाद संचालित करता है। विस्तृत छानबीन से पता चला कि सोनू वर्तमान में आगरा जेल में बंद है।

# प्रत्येक वर्ष 11 मई को मनाया जायेगा तकनीकी दिवस

● प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने सभी संस्थानों में रिक्त पदों को भरे जाने के संबंध में निर्देश दिये गये कि रोस्टर के संबंध में उप्र शासन के वर्तमान संगत नियमो व शासनदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाय। वर्ष में एक दिवस को तकनीकी दिवस के रूप में मनाये जाने संबंधी पूर्व निर्देश पर यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष 11 मई को तकनीकी दिवस के रूप मे मनाया जायेगा। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने प्राविधिक शिक्षा विभाग के क्रिया.कलापों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने इंजीनियरिंग कालेजों में प्रशासकीय परिषदों का पुनगर्ठन किये जाने संबंध में निर्देश दिए कि एकेटीयू लखनऊ, एमएमएमटीयू गोरखपुर एवं एचबीटीयू कानपुर के कुलपतिगण अपने-अपने विश्वविद्यालयों एवं राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों के उपनियमों का गहन अध्ययन करते हुए संस्थान के हित में प्रशासनिक व्यवस्था मे एकरूपता के दृष्टिगत औचित्यपूर्ण एवं सुविचारित लिखित सुझाव शासन उपलब्ध कराएं। एकेटीयू लखनऊ, एमएमएमटीयू गोरखपुर एवं एचबीटीयू कानपुर तीनों प्राविधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की विश्वविद्यालय व इंजीनियरिंग कालेजों में शैक्षिक स्टाफ व निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया को और पारदर्शी एवं बेहतर बनाने



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी देवरिया जिला शाखा के सचिव अखिलेन्द्र शाही को रेडक्रास सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया

# प्रदेश में कोरोना के 627 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 96,295 सैम्पल की जांच की गई। कोरोना संक्रमण के 627 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,66,38,018 सैम्पल की जांच की गई हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 507 लोग तथा अब तक कुल 20,60,317 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 3,536 एक्टिव मामले हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 23 जून, 2022 को एक दिन में 4,48,550 वैक्सीन की डोज दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,34,09,185 तथा दूसरी डोज 14,20,13,725 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,39,31,524 तथा दूसरी डोज 1,20,29,761 दी गयी हैं। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 80,63,051 तथा दूसरी डोज 54,13,372 दी गयी। कल तक 34,81,196 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 33,83,41,814 वैक्सीन की डोज दी गयी हैं।

# अखिलेश ने की राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा को वोट देने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को जिताने के लिए अब बड़ी भूमिका निभाने में जुट गए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के विधायकों व सांसदों को निर्देश दिए है कि वह एकजुट होकर यशवंत सिन्हा के लिए वोट करें, और जिताने के लिए जुट जाएं। अखिलेश ने इसके साथ ही भाजपा की तोड़ो राजनीति से भी सावधान रहने को कहा। उनका इशारा महाराष्ट्र की सियासत में शिवसेना में मची बगावत की ओर भी था।अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सपा मुख्यालय में पार्टी व सहयोगी दलों के विधायकों व सांसदों से कहा है कि राष्ट्रपति चुनाव में पूरी सतर्कता बरतते हुए वोट डालना है। समाजवादी पार्टी राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी। अखिलेश यादव ने विधायकों व सांसदों से उनसे फार्म पर हस्ताक्षर करवाकर यशवंत सिन्हा का नाम प्रस्तावित किया। अखिलेश ने पहले ही ऐलान किया था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राष्ट्रपति के लिए तय किए उम्मीदवार का सपा समर्थन करेगी। बैठक में चुनाव की रणनीति को लेकर मंथन हुआ। तय हुआ कि यशवंत सिन्हा के पक्ष में अधिक से अधिक वोट दिलाने की दिशा में काम भी करना है। वर्तमान में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी दलों रालोद, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को मिला कर कुल 125 विधायक हैं। वहीं सपाए निर्दलीय व रालोद मिलाकर राज्यसभा में पांच सांसद हैं। लोकसभा में अभी तीन सांसद हैं, जबकि दो सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। उत्तर प्रदेश में एक विधायक का मूल्य 208 और सांसद का मूल्य 700 है। सपा गठबंधन के 125 विधायकों के वोट का मूल्य 26000 है। तरह सपा के अभी 3 लोकसभा और 3 राज्यसभा सांसदों का मूल्य 4200 है।

**नहीं आए शिवपाल यादव:** सपा गठबंधन की बुलाई बैठक में शिवपाल यादव शामिल नहीं हुए। अखिलेश यादव से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। माना जा रहा है कि वह एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में जा सकते हैं।

## बुनियादी मुद्दों से ध्यान बंटाने में अब सफल नहीं होगी भाजपा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बुनियादी मुद्दों से ध्यान बंटाने में अब भाजपा सरकार सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता को गुमराह करने के लिए जो सपने दिखाए उनकी सच्चाई अब सामने आने लगी है। वादों की चाशनी लपेटकर भाजपा सरकारों ने लोगों को अपने जाल में फंसाने की जो कवायद की अब उसका भी अंत नजर आने लगा है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने 100 स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया था। काशी को क्योटो बनाने का सपना दिखाया था लेकिन दो बार के प्रधानमंत्रित्वकाल (अभी तक के 8 साल) में भारत में भारत का एक भी शहर दुनिया के 100 टाप शहरों में शामिल नहीं है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में विकास के रास्ते पर एक भी कदम नहीं बढ़ा पाए। कन्नौज में विश्वस्तरीय इत्र पार्क के निर्माण का निर्णय समाजवादी सरकार में हुआ था।

भाजपा सरकार के राजनीतिक विद्वेष का शिकार होकर इत्र पार्क आज वीरान पड़ा है। खुशबू से नफरत का यह खेल किसी को पसंद नहीं आने वाला है। इससे किसानों में भी निराशा है क्योंकि फूलों की खेती भी उजड़ गयी। अखिलेश ने कहा कि 'आरोग्य भारत' की बात करने वाले हर मौके को सियासत का एजेण्डा बनाने वाली डबल इंजन सरकार के अधीन उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सेवाएं बदहाल हैं। स्ट्रेचर, एम्बूलेंस, दवा, उपचार के प्रश्न बेमानी हो गए हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार में हेल्थ इंडेक्स में अंतिम पायदान पर पहुंच गया है। मरीजों का हाल बुरा है। पहले राशन से तेल, चना, चीनी, नमक गायब हुआ और अब गेहूं भी भाजपा निगल गई है। जून माह में राशन लाभार्थियों को क्यों नहीं दिया जा रहा है। पूरा राशन नहीं देना था तो चुनाव के वक्त झूठा वादा क्यों किया था। गरीब की रोटी भी छीन ली गई है। भाजपा का हर वादा झूठा है। जनता की मजबूरियों का भाजपा कितने दिन दोहन करेगी।

# राजबब्बर के मामले में अदालत का फैसला सात जुलाई को

**लखनऊ (विसं)।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मतदान अधिकारी को मारने-पीटने आदि के एक मामले में फैसला सुनाने के लिए सात जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। इस मामले में राजबब्बर आरोपी हैं। शुक्रवार को विशेष अदालत के समक्ष राजबब्बर व अभियोजन पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी कर ली गई। सात मार्च 2020 को इस मामले में मुल्जिम राजबब्बर के विरुद्ध आरोप तय हुआ था। दो मई 1996 को इस मामले की एफआईआर मतदान अधिकारी कृष्ण सिंह राना ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई थी।

PPGCL
Regd Office: Shatabdi Bhawan, B12 & 13, Sector 4, Gautam Budh Nagar, Noida, Uttar Pradesh-201301
Plant Adress: PO- Lohgara, Tehsil-Bara, Prayagraj(Allahabad), Uttar Pradesh-212107
Phone : +91-120-6102000/6102009 CIN: U40101UP2007SGC032835
Corrigendum
**In reference to the advertisement published on 24th May'22 for inviting** Expression of Interest (EOI) from eligible bidders for participation in Tender for **"Transportation of Coal via direct Rail Mode and Road Cum Rail (RCR) mode from various NCL mines"** (Ref No: CC-FY23-AV-PPGCL-Coal Logistics-May22), we have issued the Revised Tender notice with revised PQR.
Tender Notice may be downloaded using the URL- **https://www.tatapower.com/tender/tenderlist.aspx**. Eligible vendors willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee for issue of bid document latest by 29th June 2022. Parties who have already submitted their expression of interest with Tender fee need not re-submit the Tender fee only EOI to be re submitted.

पायनियर वर्गीकृत
सूचना
श्रीमती मधु मिश्रा पत्नी जयकरन नाथ मिश्रा निवासी बी 10 ब्रह्मपुरी लखनऊ की वास्तविक जन्मतिथि शैक्षणिक दस्तावेज के अनुसार 18 जनवरी 1963 है। संशोधन हेतु प्रकाशित।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# करोड़ों का ऑनलाइन फ्राड करने वाले गैंग का मास्टरमाइंट गिरफ्तार

● एसटीएफ ने पारा थाना क्षेत्र से दबोचा विभिन्न कार एजेंसियों व मार्ट के मालिक बनकर करते हैं जालसाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विभिन्न** कार एजेंसियों व मार्ट के मालिक बनकर ऑनलाइन करोड़ों का फ्राड करने वाले एक शातिर गैंग के मास्टर माइंड तौसीब अहमद को एसटीएफ ने लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र से गिरफ़्तार किया है।

एसटीएफ ने बीती 12 मार्च को भी इस गैंग के चार सदस्यों को लखनऊ से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनके खिलाफ बीबीडी थाने में आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 471 आईपीएसी व 66 डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछतांछ में जानकारी मिली थी कि गिरोह के लिए विभिन्न कम्प्यूटर एप्लीकेशन के के माध्यम से वीओआईपी, व्हाट्सएप, वर्चुअल नंबर क्रिएट करने व इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों मे पैसे ट्रांसफर करने का कार्य तौसीब अहमद द्वारा किया जाता है और वह हमेशा वीओआईपी, व्हाट्सएप, वर्चुअल नंबर से ही गिरोह के सम्पर्क मे रहता है। कभी नार्मल नम्बर इस्तेमाल नही करता है। एसटीएफ की टीम ने इस सबंध में छानबीन प्रारंभ की तो जानकारी मिली कि इस गिरोह के सदस्य रानू सिंह आदि 13 मई 2022 को जमानत पर छूटे है और 21 मई व 23 मई में इस गिरोह द्वारा ओसियन मार्ट अहमदाबाद के मालिक बनकर धोखाधड़ी कर लगभग एक करोड़ रुपए की ठगी की गयी है। पूर्व में भी इस गिरोह द्वारा एसआरएम स्मार्ट हुप्स प्रा.लि. (मर्सेडीज वेंज कार एजेंसी लखनऊ) का मालिक बनकर व सुगोइ मोटर्स प्रा.लि. (होंडा कार एजेंसी दिल्ली) का चीफ फाइनेंस आफिसर बनकर आरटीजीएस नेट बैंकिंग के माध्यम से 14 फर्जी बैंक खातों का प्रयोग कर क्रमशः 1840000 (अठ्ठारह लाख चालीस हजार) व 5800000 (अठ्ठावन लाख) की ठगी की गयी थी। जिस पर कार्यवाही करते हुए मुख्यालय स्थित साइबर गिाइम टीम द्वारा विभिन्न बैंको से समन्वय स्थापित कर अलग अलग बैंक खातों का विश्लेषण करते हुए कुल 2563200 (पच्चीस लाख तिरसठ हजार दो सौ) रुपए विभिन्न बैंक खातों मे फ्रीज करा दिये गए थे व गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था।

साइबर टीम, एसटीएफ और बीबीडी थाने की पुलिस की संयुक्त टीम ने बीते बृहस्पतिवार को लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र से उक्त संगठित गिरोह के मास्टर माइंड तौसीब अहमद सौभाग्यश्री अपार्टमेंट विगिम नगर थाना पारा को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में तौसीब ने बताया कि हमारे गिरोह के सदस्य दिल्ली, एनसीआर,लखनऊ, गोपालगंज व सिवान बिहार में हैं। हम लोग फर्जी नाम पते पर बैंक खाते खुलवाने, किराये पर लेना उसके बाद विभिन्न कम्पनियों के मालिकों के बारे में गूगल व सोशल मीडिया से जानकरी प्राप्त कर व्हाट्सएप पर उसकी डीपी लगाकर बैंकों के मैनेजर और कम्पनी के एकाउंटेंट को काल अथवा मैसेज के माध्यम से यह विश्वास दिलाते हैं कि वह कम्पनी के मालिक ही हैं। इसके बाद इमरजेंसी होने का झांसा देकर धोखे से अलग अलग बैंक खातों मे रुपए डलवा लिए जाते हैं। जब रुपए बैंक खातों मे आ जाते हैं तब उन खातों से हम लोगों द्वारा इंटरनेट बैंकिंग व मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से पूर्व से एडेड बेनीफीसरी खातों में रुपए ट्रांसफर कर दिए जाते है। इसके बाद विभिन्न शहरों के एटीएम पर मौजूद हमारे गैंग के सदस्यों द्वारा कुछ की मिनट में रुपए निकाल लिए जाते हैं। एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्यों की गतिविधियों व उनके द्वारा की गयी धोखधड़ी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# बगैर मानचित्र के बनाई गई बिल्डिंग को एलडीए की किया सील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गोमतीनगर** में पास मानचित्र के विरुद्ध निर्माण करने पर एलडीए द्वारा बिल्डिंग को सील कर दिया गया। पहले से सील बिल्डिंग को पासमानचित्र के अतिरिक्त बने पक्के निर्माण को ध्वस्त करने के लिए छूट दी गयी थी, लेकिन बिल्डिंग मालिक द्वारा 45 दिन बाद भी नहीं गिराया गया। मानकों का उलंघन करने पर बिल्डिंग को सहायक अभियंता द्वारा सील कर दिया गया।

गोमतीनगर के अवैध निर्माण को एलडीए ने सीलिंग कार्रवाई की। शुक्रवार को गोमती नगर के विराज खण्ड में एक अवैध निर्माण को दोबारा सील किया गया। प्रवर्तन जोन.1 के जोनल अधिकारी विहित प्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अरविंद कुमार उपाध्याय (हाउस मैटेरियल पैलेस) द्वारा भूखण्ड संख्या. सीपी.71 विराज खण्ड, गोमती नगर में स्वीकृत मानचित्र से अतिरिक्त निर्माण किया गया था। इसके विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या 266/2019 योजित किया गया था। बाद में 21 अप्रैल 2022 को इस शर्त के साथ प्रश्नगत स्थल की सील एक सप्ताह के लिए खोली गयी थी कि विपक्षी द्वारा स्वीकृत मानचित्र से अतिरिक्त किए गए निर्माण एवं टीनशेड को हटाना होगा। साथ ही सोलर पैनल लगाने के लिए फैब्रिकेटिंग का कार्य किया जाएगा। लेकिन, सील खोले जाने के 45 दिन बीतने के बाद भी विपक्षी द्वारा स्थल पर ये कार्य नहीं कराया गया। इस पर इस निर्माण को दोबारा सील किये जाने के आदेश दिये गये हैं। इस आदेश पर सहायक अभियंता अजय गोयल, अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा प्राधिकरण की पुलिस बल की सहायता से अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

# चार से सात जुलाई तक अवध शिल्प ग्राम में होगा आम महोत्सव

● प्रमुख सचिव उद्यान ने आम महोत्सव-2022 का 'लोगो' किया लांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश के** प्रमुख सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण राजेश कुमार सिंह ने लोक भवन स्थित मीडिया सेन्टर में लखनऊ आम महोत्सव–2022 का लोगो लांच किया। इस अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 4 जुलाई से 7 जुलाई तक अवध शिल्पग्राम, लखनऊ में पर्यटन विभाग, सूचना, जनसम्पर्क विभाग और 20 से अधिक राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मंत्रालय और विभागों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश विश्व में आमों की उच्चतम उत्पादकता (17 मीट्रिक प्रति हेक्टेयर) के लिए प्रसिद्ध है। लखनऊ को आम क्लस्टर के रूप में घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य आम की उत्पादकता को बढ़ाने के साथ ही किसानों की आय को बढ़ाना है। इस महोत्सव के माध्यम से किसानों को मार्केटिंग के प्रति जागरूक करना भी है। इसी के दृष्टिगत विभिन्न विभागों एवं कंपनियों को इस महोत्सव में आमंत्रित किया गया है और उनके बेहतर सुझावों को विभाग द्वारा अपनाने का प्रयास किया जायेगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इन फलों से बनने वाले उप उत्पादों को बनाने की दिशा में और बेहतर प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आम महोत्सव में आध्यात्मिक सत्र के साथ बच्चों के लिए कार्यशाला एवं असीमित आम खाने प्रतियोगिताएं होंगी तथा आम कार्निवाल के माहौल में चार चांद लगाने के लिए खेल के स्टॉल भी लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रमुख रसोइया आम व्यंजनों का प्रदर्शन करेंगे तथा फोटोग्राफर और ब्लागर भी इसमें बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। चयनित प्रविष्टियों को 7 जुलाई 2022 को आम महोत्सव समापन समारोह में सम्मानित किया जायेगा। प्रमुख सचिव उद्यान ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर आम महोत्सव का लुफ्त उठाएं और लगाये गये आम विभिन्न प्रजातियों अवगत हों। प्रेसवार्ता के अंत में आम महोत्सव से जुड़े विषय पर एक डॉक्यूमेन्टरी भी दिखायी गयी। प्रेसवार्ता के दौरान निदेशक उद्यान डॉ. आरके तोमर एवं संयुक्त निदेशक उद्यान बीपी द्विवेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम से मंहगाई भत्ते की किश्त जारी करने की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सचिवालय** सेवा संगठन समन्वय समिति ने मंहगाई भत्ते की किश्त तत्काल जारी करने की मुख्यमंत्री से मांग की है। समन्वय समिति के सदस्य सचिव ओंकार नाथ तिवारी व शशिकान्त शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य कर्मचारियों की वेतनमान व मंहगाई भत्ते में केन्द्रीय समानता के कारण मंहगाई भत्ते का आदेश केन्द्र सरकार द्वारा जारी करने के बाद तत्काल अथवा एक.दो माह के भीतर ही राज्य सरकार द्वारा भी पूर्व में आदेश निर्गत कर दिये जाते रहे हैं। किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा मार्च में ही आदेश जारी कर दिये जाने के बाद भी अभी तक राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2022 से देय 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की किश्त को अवमुक्त न किये जाने से सचिवालय सहित समस्त राज्य कर्मचारियोंध्अधिकारियों में घोर निराशा व असंतोष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि इस भीषण मंहगाई में केन्द्रीय कर्मचारी तो 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता पा रहा है किन्तु राज्य कर्मचारी अभी भी 31 प्रतिशत मंहगाई भत्ता ही पा रहा है। सचिवालय सेवा संगठन समन्वय समिति ने मुख्य मंत्री जी से मंहगाई भत्ते का आदेश तत्काल जारी कराने की मांग की है।

## उप्र आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक

# अहस्तांतरित कालोनियों के आवंटियों से यूजर चार्ज वसूलेगा आवास विकास

● नगर निगम की तर्ज पर यूजर भवन के क्षेत्र और प्रकृति के आधार पर लगेगा शुल्क

● समूह आवेदन पर 15 से 25 प्रतिशत छूट 31 मार्च 2023 तक बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आवास** एंव विकास परिषद की कालोनियों में सफाई की समुचित व्यवस्था निजी एजेंसी को दी गयी है। बिना हैंडोवर वाली कालोनियों में नगर निगम की तर्ज पर यूजर चार्ज वसूला जाएगा। बहुमंजिला इमारतीय परियोजना की बल्क खरीद पर छूट की अवधि बढ़ायी गयी। यह 15 से 25 प्रतिशत छूट 31 मार्च 2023 तक कर दी गयी है। वहीं, इसके साथ ही आवास विकास ने अपने बीते वर्ष का पुनरीक्षित और वर्तमान का बजट पास कर दिया।

शुक्रवार को उप्र आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक में आवास विकास ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं। प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में हुई बैठक में उप्र आवास एवं विकास परिषद के रखे 55 प्रस्तावों में अहस्तांतरित कालोनियों में नगर निगम की भांति सॉलिड वेस्टमैनेजमेंट लागू करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। आवास एवं विकास परिषद के सचिव नीरज शुक्ल ने बताया कि सॉलिड वेस्टमैनेजमेंट के लिए संस्था का चयन कर आवंटियो से यूजर चार्ज वसूलेगा। नगर निगम की तर्ज पर आवासीय, अनावासीय और व्यावसायिक बिल्डिंगों से यूजर चार्ज लिया जाएगा। इनमें वृंदावन और अवध विहार के कई सेक्टर हैं, जो नगर निगम को हैंडोवर नहीं हैं। ऐसे में इन कालोनियों से क्षेत्रफल और भवन के प्रकृति अनुसार यूजर चार्ज देना होगा। यही नहीं शहरवायिसों को ग्रुप आवेदन पर बहुमंजिली परियोजनाओं में छूट की अवधि बढ़ा दी गयी है। यह छूट अब 31 मार्च 2023 तक मिलेगी। इसमें 25 से 49 लोगों के आवेदन पर 15 प्रतिशत और 50 से अधिक लोगों के खरीदने पर 25 प्रतिशत की छूट दी गयी। परिषद की अनावासीय, आवासीय, स्कूल, बल्क सेल संपत्ति के निस्तारण संबंधी संशोधित मार्च 2016 दोबारा संशाधित अप्रैल 2022 के प्रस्ताव को परिवर्तन कर शासन भेजा गया है। इसके साथ ही परिषद की अहस्तांतरित योजनाओं में विज्ञापन का अधिकार निज संस्था को दिए जाने और विज्ञापन एजेंसी से वसूली कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है। परिषद कीयोजनाओं में सामुदायिक केंद्रो के लिए आरक्षित पड़े प्लाटों को पीपीपी मॉडल पर विकसित कर सामुदायिक केंद्रों को 30 साल की लीज पर देने के प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। परिषद की योजनाओं में चल रहे सामुदायिक केंद्रों, कन्वेंशन सेंटर, कल्याण मंडप का संचालन और रखरखाव निर्धारित अवधि के लिए प्राइवेट संस्थाओं कोलीज पर दिए जाने के लिए बिड प्रपत्रों की शर्तों में आंशिक संधोन के प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया है।

परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना से सटी हुई गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की प्रताप विहार लिगेसी साइट से लिगेसी सालिड वेस्ट का बायो रिमेडिएशन पद्धति से निस्तारण कराने के लिए नगर निगम को धनराशि देकर कराया जा रहा है। इसमें आवास एवं विकास के सचिव ने बताया कि 15 करोड़ की धनराशि तय की गयी थी, जिसमें 10 करोड़ दिया जा चुका है। एनजीटी की आपत्ति के बाद यह निर्णय लिया गया था।

## ये प्रस्ताव हुए पास

- बोर्ड में रखे गए सेवानिवृत कर्मचारियों पर अनुशासनिक कार्रवाही की स्वीकृति दी गयी है। इनमें 11 कर्मचारियों पर आरोप है, जिनकी विभागीय जांच होगी।
- परिषद मुख्यालय पर 41 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट की स्थापना को हरी झंडी।
- वित्तीय वर्ष 2020–21 की बैलेंस शीट लेखों का अनुमोदन किया गया।
- राजाजीपुरम और इंदिरानगर योजना में आवंटन के बाद संपत्तियों के काल बाधित प्रकरणों को पुनर्जीवन किया गया।
- हाईकोर्ट के आदेश पर 13 भू स्वामित्व रखने वाले अवैध कब्जेधारकों को वर्तमान प्रचलित दर पर आवंटन किए जाने का निर्णय लिया है।
- सेवानिवृत्त कनिष्ठ लेखाधिकारी रामपाल भास्कर के विरुद्ध गठित विभागीय जांच में आरोप सिद्ध पाया गया। इनके पेशन से 5 प्रतिशत की कटौती पांच वर्ष तक किए जाने का दंड दिए जाने का निर्णय लिया गया।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ उनके आश्रितों को क्षैतिज आरक्षण में शामिल करना, ई नीलामी, केवल ऑन लाइन मोड आफ पेमेंट, नीलामी समिति का पुनर्गठन किया गया।
- आवासीय सम्पत्तियों के लिए ब्याज दरों में संशोधन किया गया 10 लाख मूल्य तक की सम्पत्तियां– 9.5 प्रतिशत से 9 प्रतिशत, 10 लाख से 25 लाख तक की संपत्तियों पर 10 प्रतिशत से 9.5 प्रतिशत, 25 लाख से अधिक पर 10.5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत
- आवासीय संपत्तियों पर पूर्ण भुगतान के बाद ही कब्जा दिया जाएगा। पहले ईडब्लूएस पर 10 प्रतिशत, एलआईजी पर 20 और एचआईजी पर 30 प्रतिशत पर कब्जा आवंटियों को दे दिया जाता था, जिसे बोर्ड में संशोधित किया गया।
- नगर निगम को कब्जा देने के बाद संपत्तियों में विक्रय विलेख, गिफ्ट डीड के केस में नामांतरण में, मालियत का एक प्रतिशत के स्थान पर 5 लाख की संपत्तियों पर 200 रुपए, 5 से 10 लाख रुपए पर 300 रुपए, 10 से 20 लाख पर 500 रुपए और 20 लाख से अधिक पर डीएम सर्किल रेट से मूल्यांक का एक प्रतिशत होगा।

### इन्हें दी चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति

चिकित्सा व्यय प्रतिपूति दावों पर निदेशक मंडल ने सहायक लेखाधिकारी प्रकाश चंद्र, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा, सहायक अभियंता स्व राम प्रकाश तिवारी, सहकारी अ धिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सहकारी अधिकारी आवास राजेन्द्र कुमार, सहायक वास्तुविद नियोजक अमीता श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक पंकज कुमार, चौकीदार मिठाईलाल, कार्यधिकारी प्रभारी कर्मचारी स्व. संतोष कुमार तिवारी, अधीक्षण अभियंता के पी त्रिपाठी, सेवानिवृत्त ओपी पांडेय की आशुलिपिक की पत्नी और सहायक लेखाधिकारी प्रकाश चंद्र की चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावों के प्रस्तावों पर स्वीकृति दी।

### पेंशन से होगी 5 प्रतिशत 5 वर्ष तक कटौती

बोर्ड द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई काते हुए ग्रेटर नोएडा के सहायक अभियंता डीएम बिस्ट के विरुद्ध विभागीय जांच में अनियमितता पाई गयी। विभाग द्वरा 5 प्रतिशत पेंशन से कटौती 5 वर्ष तक किए जाने का दण्ड दिया गया है।

### बजट हुआ पास

बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्रस्तावित बजट पास कर दिया गया है। परिषद के सचिव ने बताया कि पुनरीक्षित बजट 2021–22 के आय 206320 लाख – व्यय 192172 लाख के बजट को पास किया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022–23 का आय 334707 लाख रुपए व्यय 249609 लाख के बजट को मंजूरी दी गयी।

## खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की 52 वीं बैठक

# अब खादी बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मियों को भी मिलेगी चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति

● ज्येष्ठ संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पद पर होगी उप मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की पदोन्नति

● सीबीसी योजना में एक मुश्त समाधान योजना की समयावधि बढ़ाये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान करने का महत्वपर्ण निर्णय लिया गया है। बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके आश्रितों को अब राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कार्मिकों की भांति चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध होगी। पूर्व में चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की सुविधा का लाभ केवल कार्यरत कार्मिकों को मिल रहा है।

यह निर्णय शुक्रवार को खादी भवन में खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में आयोजित उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की 52 वीं बैठक में लिया गया। इसके साथ ही विभाग में रिक्त ज्येष्ठ संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेतनमान 78800–209200 लेवल 11 पद पर उप मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की पदोन्नति किये जाने विषयक प्रस्ताव का पारित कर दिया गया। इसके अतिरक्त बैठक में सीबीसी योजना में एक मुश्त समाधान योजना की समयावधि बढ़ाये जाने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है।बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कन्सोर्सियम बैंक क्रेडिट योजना (सीबीसी) के अंतर्गत वित्तपोषित इकाइयांए जो ऋण और उसका ब्याज चुकता नहीं कर पा रही थी, एक मुश्त ऋण अदायगी पर ब्याज माफी की योजना को 31 दिसम्बर 2022 तक बढ़ा दिया गया है। साथ ही जनपद कुशीनगर में स्थापित कॉमन फैसिलिटी सेंटर के परिसर में खादी उत्पादन केन्द्र का विस्तारीकरण एवं बिक्री भण्डार केन्द्र का निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार कैसरबाग लखनऊ में कस्तूरबा इम्पोरियमध्परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय को खादी प्लाजा के रूप में विकसित किये जाने संबंधी प्रस्ताव की अनुमोदित किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा. नवनीत सहगल सहित बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# हाउस अरेस्ट के विरुद्ध अमिताभ ठाकुर पहुंचे हाईकोर्ट, सरकार से जवाब तलब

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**बीते** 19 व 20 जून को पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को हाउस अरेस्ट करने के मामले में दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस सैयद वाइज मियां की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेशअमिताभ ठाकुर की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि 20 जून को वह दरोगा भर्ती परीक्षा की कथित गड़बड़ियों को लेकर ईको गार्डन में आयोजित सत्याग्रह में भाग लेने वाला था। इस सम्बंध में उसने पुलिस को भी सूचित कर दिया था। कहा गया कि वहां जाने से रोकने के लिए 19 जून की रात से उसके आवास पर भारी पुलिस बल लगा दिया गया और उन्हें घर पर नजरबंद कर दिया गया। ऐसी स्थिति में उनकी तबियत भी खराब हो गई थी। याचिका में मांग की गई है कि हाउस अरेस्ट करने के इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

# युवक को अवैध हिरासत में रखने के मामले में हाईकोर्ट सख्त

● एसपी को दस दिनों में जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एक युवक** को बिना लिखा.पढी के थाने में अवैध हिरासत में रखने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सख्त रुख अख्तियार किया है। पीठ ने इस मामले में सीतापुर के पुलिस अधीक्षक को दस दिन में जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को होगी।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस सैयद वैज मियां की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेश युवक रामू की मां रेखा देवी की ओर से भेजे गए पत्र को बतौर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका सुनवाई करते हुए दिया है। सीतापुर के सकरन थाने में एफ्आईआर दर्ज कराते हुए इस युवक के खिलाफएक लड़की को भगाने का आरोप लगाया गया है। वहीं युवक व लड़की ने हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर की थी। बीते 25 मई को हाईकोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया था कि यदि लड़की बालिग है और एफ्आईआर के तथ्यों का समर्थन नहीं करती तो युवक को गिरफ्तार नहीं किया जाए। 30 मई को इस आदेश की प्रति देने गए युवक व लड़की को पुलिस ने थाने में ही रोक लिया। आरोप है कि बिना किसी लिखा.पढी के युवक को थाने में 17 जून तक रखा गया। पीठ के आदेश पर हाजिर हुए इस मामले के विवेचक प्रदीप पांडेय ने स्वीकार किया कि युवक को थाने में बैठाया गया था। हालांकि उसने कहा कि एक या दो दिन बाद युवक थाने से चला गया था। उसने यह भी माना कि इस संदर्भ में जीडी में एंट्री नहीं की गई थी।

# मत्स्य उत्पादन के स्तर को 12 लाख मीट्रिक टन तक ले जाने का लक्ष्य

## ग्रामीण अंचल के लोग एवं महिलायें मत्स्य पालन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें:डा. संजय कुमार निषाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मत्स्य** विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश में मत्स्य विकास एवं तकनीकी परामर्श पर राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन मत्स्य चेतना केन्द्र मत्स्य निदेशालय लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की 05 वर्षीय कार्य योजना में मत्स्य उत्पादन स्तर को 12 लाख मैट्रिक टन तक ले जाने के लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके साथ ही अनुपयुक्त जल क्षेत्र जैसे वेटलैंड खारा पानी जल क्षेत्रए जलाशय व नदियां को मत्स्य विकास कार्यक्रम से अच्छादित करनें तथा प्रदेश के मछुआरों व मत्स्य पालकों के जीवन में आर्थिक सुधार लाने हेतु कल्याणकारी योजनाएं को अधिक से अधिक संचालित करने हेतु प्राथमिकता दी जाए।

डा. निषाद ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का ग्रामीण अंचल के लोग महिलायें एवं मत्स्य पालक अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण ऑनलाइन आवेदनए डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी का अंतरण एवं विभागीय आंकड़ों सूचनाओं की एमआईएस फीडिंग आदि कार्यक्रम विभागीय पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रदेश में सघन मत्स्य पालन के लिए नई तकनीकों जैसे रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, एकीकृत मत्स्य पालन, बायोफ्लॉक आदि को अपनाने हेतु मत्स्य उद्यमियों को प्रेरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में बायोफ्लॉक, आरएएस आदि कई नवाचार योजनाओं को सम्मिलित किया गया है, जिसके अच्छे परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। डॉ निषाद जी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत संचालित विभिन्न परियोजनाओं के लिए विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित करने हेतु पोर्टल आगामी 01 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक आम जनमानस के लिए खोला जायेगा और जरूरत पड़ने पर इस तिथि को आगे भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा की इस लाभ लेकर मात्स्यिकी गतिविधियॉ, स्थापित/संचालित करने हेतु मछुआ समुदाय के व्यक्तिए पट्टेधारक व उद्यमी योजना की गाइडलाइन के अनुरूप आवेदन कर सुविधा अनुदान सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इस मौके पर डा. निषाद ने कहा कि मात्स्यिकी क्षेत्र का विकास सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है और मात्स्यिकी क्षेत्र एवं मछुआ समुदायों की समस्याओं के निराकरण और मत्स्य कृषकों विशेषकर लघु उद्यम से जुड़ेए महिला अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं मछुआ समुदाय के विकास के प्रति दृढ़संकल्पित है। मत्स्य पट्टेधारकों एवं मछुआ समुदाय के व्यक्तियों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए शतप्रतिशत राज्य सहायतित दो नई योजनाओंए निषादराज बोट योजना एवं मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का शुभारम्भ इस वित्तीय वर्ष से किया जा रहा है।

विशेष सचिव निदेशक मत्स्य डा. सरोज कुमार द्वारा वेबिनार के अन्त में मत्स्य विकास मंत्री तथा अपर मुख्य सचिव, मत्स्य को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यालय स्तर से राजेन्द्र सिंह संयुक्त निदेशक मत्स्य, डॉ. हरेन्द्र प्रसाद उप निदेशक मत्स्य, मुख्यालय, विजय शंकर चौरसिया उप निदेशक मत्स्य नियोजन, मोनिशा सिंह प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लखनऊ तथा अंजना वर्मा उप निदेशक मत्स्य लखनऊ मण्डल लखनऊ द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की।

# 27 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

● मेले में 100 कम्पनियों द्वारा 22858 पदों पर किया जाएगा चयन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत 27 जून, 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में कौशल विकास मिशन लखनऊ मण्डल एवं राजकीय आईटीआई लखनऊ मण्डल एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में के मण्डल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 100 कम्पनियां प्रतिभाग करने आ रही हैं।

इन कम्पनियों में कुल 22858 पदो पर चयन किया जायेगा। एम ए खान ट्रेनिंग काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि जो अभ्यर्थी मात्र हाईस्कूल पास हैं वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं, एवं जो अ यर्थी मात्र इण्टमीडिएट पास है वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते है तथा जो अभ्यर्थी मात्र आईटीआई राजकीय अथवा निजी आईटीआई से पास हैं, वे भी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं, तथा डिप्लोमा पास अभ्यर्थी भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो अभ्यर्थी कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, वे भी रोजगार मेला में सम्मिलित होकर रोजगार पा सकते हैं। आर एन त्रिपाठी प्रधानाचार्य ने बताया कि आने वाली 100 प्रतिष्ठित कम्पनियों में न्यूनतम वेतन 10000 से 25000 रुपये तक के वेतन पर जॉब के अवसर उपलब्ध होंगे तथा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी 27 जूनए 2022 को प्रात: 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कर्मचारी यूनियन का हुआ शपथ ग्रहण

**लखनऊ।** खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यालय पर खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान द्वारा सम्पूर्ण यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कर्मचारी यूनियन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालो में अध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष डीएस पाण्डेय, राजेन्द्र कुमार कश्यप, महामंत्री पीसी श्रीवास्तव, संगठन मंत्री सुघर सिंह यादव, प्रचार मंत्री अमित त्रिपाठी कोषाध्यक्ष अंकिता सिंह, तथा कार्यकारिणी सदस्य बालकृष्ण त्रिपाठी, एसके शाक्य, राजकुमार, रामानन्द वर्मा, कमलाकान्त यादव, अभिषेक अग्निहोत्री एवं श्रीमती पारुल श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने कहा कि बोर्ड में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। कमलेश कुमार वर्मा ने मंत्री सहित बोर्ड के सभी सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि बोर्ड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगें। समारोह में मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### सहकारिता मंत्री 27 को करेंगे 13 नयी कोआपरेटिव बैंको का शुभारम्भ

**लखनऊ।** प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लि. वीके मिश्र ने बताया कि प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर द्वारा 27 जून को पूर्वान्हन 11 बजे उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लि.मुख्यालय महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ में उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लि. की 13 नयी शाखाओं का शुभारम्भ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद फतेहपुर, मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, सम्भल, ज्योतिबाफूले नगर, हापुड़, अम्बेडकरनगर, अमेठी, गोरखपुर, महाराजगंज एवं औरैया में बैंक की नयी शाखाएं खुल रही है। श्री मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लि. की अभी कुल 27 शाखाएं संचालित है। 13 नयी शाखाएं खुलने से प्रदेश के अधिकांश जिलों में बैंक की पहुंच हो जायेगीए जिससे आम जनता तक बैंकिंग की सुविधाएं उपलब्ध हो जायेंगी।

### सीएमएस शिक्षक निकालेंगे 'चरित्र निर्माण मार्च'

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 4000 से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारी भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगाने के लिए 30 जून को 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालेंगे। सी.एम.एस. शिक्षकों का यह मार्च 30 जून वृहस्पतिवार को प्रात: 7 बजे सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस थाना से प्रारम्भ होकर सीएमएस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम तक जायेगा। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया शिक्षकों के मार्च का नेतृत्व सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी, सीएमएस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन, सीएमएस के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गाँधी एवं सीएमएस के सभी कैम्पस की प्रधानाचार्याओं के साथ ही शिक्षा, समाज, साहित्य व पत्रकारिता आदि क्षेत्रों की विभिन्न हस्तियाँ करेंगे एवं भावी पीढ़ियो के नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगायेंगे।

### छह विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्र का चयन

**लखनऊ।** सिटी मान्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के छात्र वंश बत्रा को कैनडा एवं आस्ट्रेलिया के छ: विश्वविद्यालयों से उच्चशिक्षा का आफर आया है। इन विश्वविद्यालयों में कैनडा की ब्रॉक यूनिवर्सिटी, कार्लटन यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफअल्बर्टा एवं आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, यूनिवर्सिटी ऑफक्वीन्सलैंड एवं यूनिवर्सिटी ऑफएडिलेड शामिल है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि वंश ने इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सीएमएस के अपने शिक्षकों व विद्यालय के -शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते जल निगम पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी

# डॉ. शेखर मांडे चुने गए विज्ञान भारती के अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विज्ञान** भारती की अखिल भारतीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. शेखर मांडे को चुना गया, वहीं डॉ. सुधीर भदौरिया को पुन: राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। इससे पहले विज्ञान भारती की 21वीं वार्षिक आम सभा की बैठक शुक्रवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित की गयी। बैठक का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने दीप जलाकर किया। बैठक की अध्यक्षता विज्ञान भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विजय पी भाटकर ने की। उन्होंने विस्तार से बताया कि दीर्घकालिक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित जनशक्ति का उपयोग सतत विकास के लिए किया जा सकता है। उन्होंने बैठक में विज्ञान भारती का नया लोगो भी पेश किया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सुधीर भदौरिया ने बैठक में संगठन की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। डॉ. रंजना अग्रवाल ने आजादी के अमृत महोत्सव की चर्चा करते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों की भी अहम भूमिका रही है। वहीं विज्ञान भारती के अवध प्रान्त के संगठन मंत्री श्रेयांश मांडलोई ने बताया कि विज्ञान भारती के पांचवें राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारम्भ 25 जून को सीएम योगी करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और देशभर से आए पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाफल समिति की बैठक सम्पन्न



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाफल समिति की महत्वपूर्ण बैठक परिषद कार्यालय शाहमीना मार्ग मे सम्पन्न हुई।

बैठक की प्रमुखता जे पी सिंह ने करते हुए सभी सदस्यों से विचार-विमर्श कर समिति समक्ष प्रस्तुत विचारणीय बिन्दुओं पर सर्वसम्मत से निर्णय लेते हुए जून अंतिम सप्ताह तक उत्तर मध्यमा स्तर तक के परिणाम घोषित किए जाने के सम्बंध मे सहमति बनी। बैठक मे मुख्य रूप से जितेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष सं. भा. न्यास अवधप्रान्त, आरके तिवारी, सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, सीएल चौरसिया उप शिक्षा निदेशक प्रयागराज, डॉ. जेपी शर्मा, लोकेश शर्मा मेरठ उपस्थित रहे।

संस्कृत भाषा तथा शिक्षण मे विद्यालयों की गुणवत्तापूर्ण प्रशासनिक प्रबंधन की अवश्यकता पर भी समिति ने विचार व्यक्त किए। जुलाई माह मे पुन: परिषद कार्यकारिणी की बैठक आहुत करने का भी निर्णय लिया गया।

# महिला को बचाने वाले हाउसकीपर को एमडी ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मेट्रो** के कर्मियों को प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया। हाउसकीपिंग कर्मचारी की सजगता से 27 मई को महिला के गिरते ही एक्सक्लेटर बंदकरवा कर बड़ा हादसा होने से टल गया। महिला सफाई कर्मी और हाउस कीपर को एमडी द्वारा सजगता और सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र से पुरुस्कृत किया गया।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सुरक्षाकर्मी एवं हाउसकीपिंग कर्मचारी को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। प्रबंध निदेशक कुमार केशव द्वारा 1 सुरक्षाकर्मी एवं 1 हाउसकीपिंग कर्मचारी को विशिष्ट सेवा ईमानदारी एवं कार्य के प्रति समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ पुरस्कार भी दिया गया।

लखनऊ मेट्रो के सुरक्षा कर्मियों ने मेट्रो सेवा के प्रारंभ से ही अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। लखनऊ मेट्रो के लॉस्ट एंड फाउंड सेल की सफलता इनकी मेहनत एवं ईमानदारी का साक्षात प्रमाण है। सुरक्षाकर्मी अमर प्रताप सिंह एवं हाउसकीपिंग की कर्मचारी मीना देवी को पुरस्कार दिया गया। 27 मई को अलमबाग बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन पर महिला यात्री एक्सक्लेटर से गिर गई, जिसके बाद स्टेशन पर तैनात सुरक्षा कर्मी अमर प्रताप सिंह ने सजगता दिखाते हुए तुरंत एक्सक्लेटर बंद करवा दिया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। सफाई कर्मी मीना देवी को स्टेशन की साफ सफाई एवं वहां इस्तेमाल होने वाले रसायनों एवं मशीनों की अच्छी जानकारी के लिए पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक केशव ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि एयूपीएमआरसी से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति हमारे लिए शक्ति का एक स्तंभ है और एक ही मिशन के साथ शहर को सबसे अच्छी यात्रा का अनुभव दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन विजेताओं ने अपने लगन और परिश्रम से हम सभी को प्रभावित किया है और इस पुरस्कार के लिए प्रशंसा और बधाई के हकदार हैं।

## पीड़ित बच्चे का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराए बिना आरोप पत्र दाखिल करने पर अदालत सख्त

**लखनऊ ( विसं )।** पॉक्सो के विशेष जज अरविंद मिश्र ने पीड़ित बच्चे का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराए बिना मुल्जिम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने पर कड़ा रवैया अख्तियार किया है। फोरेंसिक जांच के सम्बंध में नमूना संकलित करने के लिए पीड़ित को घटना के आठ दिन बाद डॉक्टर के समक् प्रस्तुत करने पर भी गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने इस मामले के विवेचक व विवेचना के पर्यवेक्षीय अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त के खिलाफ भी कार्यवाही का आदेश देते हुए पुलिस आयुक्त को पत्र भेजने का निर्देश दिया है। साथ ही इस मामले में निरुद्ध मुल्जिम की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। 31 जनवरी 2022 को इस मामले की रिपोर्ट पीड़ित बच्चे के पिता नेवथाना मोहनलालगंज में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मुल्जिम ने उनके बेटे को खेलने के बहाने बुलाकर जानवरों के बाड़े में उसके साथ दुष्कर्म किया।

# पेज एक का शेष

## महाराष्ट्र संकट...

कर लेते हैं कि शिंदे को विधानसभा में कुल 55 शिवसेना विधायकों में से 37 का समर्थन प्राप्त है और इसी आधार पर उन्हें शिवसेना विधायक दल का नेता घोषित कर देते हैं तो मूल शिवसेना का अंत मान लिया जाएगा। क्योंकि, शिंदे गुट यदि विधानसभा में मूल पार्टी की ताकत का दो-तिहाई हिस्सा है तो उस पर दलबदल विरोधी कानून के दंडात्मक प्रावधानों के तहत कार्रवाई भी नहीं हो सकती और यह गुट आसानी से किसी अन्य दल में विलय कर सकता है या सदन में एक अलग समूह बन सकता है। दूसरी ओर, मूल शिवसेना पार्टी यह उम्मीद कर रही है कि नए एसएसएलपी नेता अजय चौधरी द्वारा किए गए एक लिखित अनुरोध के आधार पर उपसभापति नरहरि एकनाथ शिंदे सहित 12 विधायकों को पार्टी व्हिप का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए अयोग्य घोषित कर देंगे। यदि डिप्टी स्पीकर एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना के 12 बागी विधायकों को अयोग्य ठहरा देते हैं तो विद्रोही खेमे के विधायकों की संख्या घटकर पहले के 37 विधायकों के मुकाबले 25 ही रह जाएगी। इससे इस गुट पर दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई का रास्ता साफ हो जाएगा। यदि ऐसा होता है तो शिवसेना के अयोग्य 12 बागी विधायक ठाकरे सरकार द्वारा मांगे जाने वाले विश्वास मत में भाग नहीं ले पाएंगे। यह देखा जाना बाकी है कि क्या शिवसेना के शेष 25 बागी विधायक विश्वास मत के खिलाफ मतदान करेंगे और यदि हां, तो क्या उन्हें दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। विश्वास मत की प्रक्रिया पूरी होने तक उपसभापति नरहरि ही पूरे मामले से निपटेंगे- जिसमें शिवसेना (55) राकांपा (53) और कांग्रेस (44) शामिल हैं। इस प्रकार एमवीए के पास 152 विधायकों की सामूहिक ताकत थी। शिंदे के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट ने 21 जून (मंगलवार) को शिवसेना को हिलाकर रख दिया। हालांकि, विश्वास मत पर फैसला होने के बाद राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी स्थिति पर नियंत्रण करेंगे। राज्यपाल कोश्यारी इस समय कोविड-19 संक्रमण से जूझ रहे हैं। बीते बुधवार को उन्हें रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह कुछ और दिनों तक अस्पताल में रहेंगे। यह देखा जाना बाकी है कि क्या कोश्यारी अस्पताल में रहने के बावजूद उन मामलों में हस्तक्षेप करेंगे जो डिप्टी स्पीकर के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इस बीच, तीनों एमवीए घटक- शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस- उद्धव ठाकरे के लिए विधानसभा के पटल पर विश्वास मत की मांग कर रहे हैं। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार के शिल्पकार राकांपा प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा था कि मौजूदा राजनीतिक संकट को हल करने का एकमात्र तरीका फ्लोर टेस्ट है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई थी कि एमवीए सरकार आसानी से बहुमत सिद्ध कर देगी और शिवसेना के सामने मौजूद टल जाएगा। सभी विधायकों को गुवाहाटी से आने दो, स्थितियां अपने आप बदल जाएंगी। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भी गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को मौजूदा राजनीतिक संकट के समाधान के लिए विश्वास मत हासिल करने की सलाह दी थी।

## कोई राष्ट्रीय...

ठाकरे (शिवसेना के दिवंगत नेता) और आनंद दिघे से था। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री शिंदे से जब पूछा गया कि महाराष्ट्र का राजनीतिक संकट कब खत्म होगा, तो उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा। शिंदे ने दावा किया कि उनकी अगुवाई वाला समूह वास्तविक शिवसेना है और अयोग्य करार दिए जाने की धमकियों से उन्हें एवं उनके समर्थकों को डराया नहीं जा सकता। शिवसेना के 37 और 10 निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए शिंदे ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के अनुसार, बैठक में भाग लेने के लिए नहीं, बल्कि विधाई कार्यवाही के संबंध में पार्टी व्हिप जारी किया जाता है।

## गुजरात दंगा...

बाद ही गुजरात में दंगे भड़क गए थे। इन दंगों में 1044 लोग मारे गए थे, जिसमें से अधिकतर मुसलमान थे। इस संबंध में विवरण देते हुए, केंद्र सरकार ने मई 2005 में राज्यसभा को सूचित किया था कि गोधरा कांड के बाद के दंगों में 254 हिंदू और 790 मुस्लिम मारे गए थे। शीर्ष अदालत ने जकिया की याचिका पर पिछले साल नौ दिसंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान एसआईटी ने कहा था कि जकिया के अलावा किसी ने भी 2002 दंगे मामले में हुई जांच पर सवाल नहीं उठाए हैं। इससे पहले जकिया के वकील ने कहा था कि 2006 मामले में उनकी शिकायत है कि एक बड़ी साजिश रची गई, जिसमें नौकरशाही की निष्क्रियता और पुलिस की मिलीभगत थी और अभद्र भाषा एवं हिंसा को बढ़ावा दिया गया।

## कोरोना के...

राष्ट्रीय दर 98.59 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 4.32 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 3.07 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,27,49,056 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 196.77 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 13 मामले सामने आए, जिनमें से केरल में सात, पंजाब में दो और छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में एक-एक मामला सामने आया।

## ब्रज क्षेत्र...

केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री से वृन्दावन-मथुरा-गोकुल को जोड़ते हुए यमुना नदी पर जलमार्ग विकसित किये जाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया। इस जलमार्ग के विकास से मथुरा, वृन्दावन एवं गोकुल तीर्थ स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता होगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री से ब्रज क्षेत्र के पौराणिक तथा ऐतिहासिक धरोहरों के पुनरुद्धार तथा पुनर्प्रतिष्ठा के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। ज्ञातव्य है कि ब्रज क्षेत्र की धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों की पुनर्प्रतिष्ठा हेतु राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है।

## दिव्यांग बच्ची...

दुर्लभ मामलों की श्रेणी में आता है और उसने सत्र अदालत द्वारा इस मामले में पारित आदेश को बरकरार रखा था। उसने कहा था कि सत्र अदालत के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृत्युदंड नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि अगर इस तरह के सबूत पर दोषसिद्धि की जा सकती है तो अपराध की प्रकृति के आधार पर अत्यधिक जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

## मुर्मू ने...

उसके लिए राजग उम्मीदवार ओडिशा की आदिवासी संथाल जनजाति से ताल्लुक रखने वाली मुर्मू के पक्ष में वोट करने की संभावना है। इस बीच, द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अपना नामांकन भरने से पहले खुद ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार से फोन पर बात की और उनसे राष्ट्रपति चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने की अपील की। सूत्रों के मुताबिक सोनिया, ममता और पवार ने मुर्मू को शुभकामनाएं दी हैं। इन्हीं सरगर्मियों के बीच भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला से फोन पर बात की और राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के लिए समर्थन मांगा।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 25 जून 2022



# परिश्रम सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता की कुंजी: भोला सिंह

● सीएमडी एनसीएल ने डीएवी पब्लिक स्कूल के नव निर्मित भवन का किया उद्घाटन



संवाददाता। सोनभद्र

**शुक्रवार** को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के सीएमडी भोला सिंह ने खड़िया क्षेत्र में संचालित एनसीएल के वित्त पोषित विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल में नव निर्मित भवन किंडरगार्टन मिनी मिरेकल का उद्घाटन किया। इस नवनिर्मित किंडरगार्टन भवन में स्मार्टबोर्ड से सुसज्जित 6 कमरे इनडोर और आउटडोर खेलों की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ पर प्लेरूम की दीवार को सुंदर ढंग से चित्रित किया गया है जिससे बच्चे खेलते खेलते आसानी से अपने विषय सीख सकते हैं। अपने उद्बोधन में सीएमडी श्री सिंह ने छात्रों से विद्यालय के आधुनिक संसाधनों का उपयोग करते हुए पूरी मेहनत से पढ़ाई करने और अपने निर्धारित लक्ष्य को हांसिल करने के लिए प्रेरित किया। श्री सिंह ने कहा कि कंपनी आधुनिक शिक्षा के लिए शिक्षा संबंधी आधारभूत ढांचे को लगातार मजबूत कर रही है और बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध करा रही है। श्री सिंह ने कठिन परिश्रम, सकारात्मक दृष्टिकोण को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने छात्रों को गणित व विज्ञान के साथ साथ साहित्य संगीत व कला के क्षेत्र में भी रुचि लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक तकनीकी संचालन एवं कार्मिक एनसीएल डॉ अनिंद्य सिन्हा ने सभी को नए परिसर के उद्घाटन की बधाई दी और छात्रों से पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया। खड़िया क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री राजीव कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। विद्यालय की प्राचार्या संध्या पाण्डेय ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। गौरतलब है कि एनसीएल के 10 वित्तपोषित विद्यालयों में 13 हजार से अधिक बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जिसमें एनसीएल कर्मियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ अनिंद्य सिन्हा, महाप्रबंधक कार्मिक एनसीएल चार्ल्स जुस्टर महाप्रबंधक खड़िया राजीव कुमार कंपनी जेसीसी के सदस्य सीएमओएआई प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी शिक्षकगण व बच्चे उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने किया रिहंद स्टेशन का निरीक्षण



संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**क्षेत्रीय** कार्यकारी निदेशक उत्तर देबाशीस सेन ने एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन का निरीक्षण कर के विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गुरुवार को रिहंद में पहुँचने पर शिवालिक अतिथि गृह में स्टेशन के उच्चाधिकारियों द्वारा उन्हे गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री सेन द्वारा स्टेज 1 का निरीक्षण किया गया। अगली कड़ी में उन्होने स्टेशन के सोलर एरिया, एफजीडी एरिया एवं अन्य स्थानों का अवलोकन कर के वहाँ की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। उन्होने लेक पार्क का भ्रमण किया। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होने एश डाइक का निरीक्षण किया। अगली कड़ी में उन्होने यूनियन व एसोसिएसन, एक्सिकिटिव ट्रेनीस एवं अन्य के साथ बैठक कर उनसे स्टेशन के संदर्भ में अन्य जानकारियाँ प्राप्त करने के उपरांत उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। शुक्रवार की शाम रिहंद प्रस्थान से पूर्व उन्होने वृक्षारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर श्री सेन के साथ मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक रिहंद देबब्रत पॉल महाप्रबंधक एवं अन्य विभागाध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

# छात्रावास के लिए 25 जुलाई तक करें आवेदन

संवाददाता। सोनभद्र

**जिला** समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में समाज कल्याण विभाग दारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक बिचपई राबर्ट्सगंज एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालिका उरमौरा, राबर्ट्सगंज में शैक्षिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा 9 से स्नातकोत्तर तक की कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रवेश के लिए आवेदन पत्र वितरण किया जा रहा है, जो छात्र छात्रायें अपना प्रवेश छात्रावास में कराना चाहते चाहती हैं वे प्रवेश से सम्बन्धित आवेदन पत्र सम्बन्धित संस्था के छात्रावास अधीक्षक अधीक्षिका के कार्यालय में सम्पर्क कर 25 जुलाई, 2022 तक प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। छात्रावास में छात्र छात्राओं को तख्त कुर्सी एवं मेज नि:शुल्क उपलब्ध कराये जायेंगें। छात्रावास की कुल क्षमता 48 का है जिसमें 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं 30 प्रतिशत पिछड़े वर्ग सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हैं, विकलांग छात्र छात्राओं को वरियता प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि छात्र छात्रा से लिए जाने वाले शुल्क निर्धारित की गयी है, काशन मनी एक मुश्त 100 रूपये प्रति छात्र छात्रा अनुसूचित जाति जनजाति के लिए तथा अन्य पिछड़ा वर्ग सामान्य वर्ग के लिए 200 रूपये प्रति माह निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार से कमरे का किराया 25 रूपये प्रति छात्र छात्रा के लिए प्रति माह निर्धारित किया गया है।

## कृत्रिम अंग दिलाने का वादा किया

**वाराणसी।** अपने दर्शकों को कुछ आकर्षक टीज़र्स के जरिए इस साल के जबर्दस्त टैलेंट की झलक दिखाने के बाद ज़ी टीवी ने हाल ही में देश के सबसे यंग डांसिंग टैलेंट की खोज के लिए अपना टॉप.रेटेड रियलिटी शो डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीज़न 5 शुरू किया है। इस शो के फैंटास्टिक फिनाले वीक में दर्शकों को टॉप 5 यंग डांसिंग सेंसेशंस के कुछ बेमिसाल एक्ट्स देखने को मिलेंगे। शूटिंग के दौरान जहां सभी फाइनलिस्ट्स ने अपनी परफॉर्मेंस से जजों को इम्प्रेस कर दियाए वहीं एक स्पेशल सरप्राइज़ ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। टॉप 5 बच्चों की परफॉर्मेंस के बाद होस्ट जय भानुशाली ने कंटेस्टेंट अहमद राजा को मंच पर बुलाया और उन्हें एक ऐसा खास उपहार दियाए जिससे उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल जाएग।

# मऊ में कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई जुमे की नमाज

● संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों पर चौकसी रही पुलिस टीम

● मस्जिदों के मुख्य द्वार के पास मुस्तैदी के साथ तैनात रहे पुलिस के जवान



संवाददाता। मऊ

**विगत** दिनों कानपुरए प्रयागराज समेत अन्य स्थानों पर जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा को देखते हुए मऊ जिले में शुक्रवार को लगातार चौथे जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहा। सभी प्रमुख मस्जिदों के मुख्य द्वार पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहा। चप्पे.चप्पे पर उच्चाधिकारी पुलिस के फोर्स के तैनात मुस्तैद रहे। सीसी कैमरे व ड्रोन कैमरे से पल.पल की गतिविधि पर उच्चाधिकारी पर अपनी पैनी नजर रखे रहे। अपरान्ह बाद शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस लिया। ताने.बाने के बुनकर बाहुल्य मऊ जनपद में जून माह के दौरान लगातार चौथे जुमे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन की टीम पूरी तरह से सर्तक रही। जिलाधिकारी अरुण कुमारए पुलिस अधीक्षक सुशील घुले द्वारा सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को सुरक्षा को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किया गया था। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार की सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स नगर क्षेत्र के सदर चौकए रौजा बाजारए सिंधी कालोनीए संस्कृत पाठशालाए मिर्जा हादीपुराए औरंगाबादए मुंशीपुरा समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अपरान्ह डेढ़ बजे के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर क्षेत्र के शाही मस्जिदए खीरीबाग रघुनाथपुरा रौजा मलिकटोला औरंगाबाद मिर्जाहादीपुरा हट्टीमदारी बुलाकीपुरा रघुनाथपुरा डोमनपुरा मलिकटोला धोबिया इमिली सहित विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा किया गया। सभी मस्जिद पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वहीं जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों चिरैयाकोट रतनपुरा पहसा हलधरपुर दोहरीघाट मुहम्मदाबाद गोहना घोसी समेत अन्य स्थानों पर कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज अदा की गई।

## डिजिटल इंडिया की मुहिम को बढ़ाने की पहल

**वाराणसी।** डिजिटल इंडिया की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए लोगों को डिजिटल रूप से आगे और टेक्नोलॉजी की तमाम प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाओं और विकसित तकनीक को लोगो तक पहुंचाने की पहल जिसमें गेमिंग के दीवानों और जेनरेशन जिससे पोवा तीन के साथ टेक्नो बेहद सटीक तरीके से गेमिंग की इस तेज लहर से खुद को जोड़ता है। कंपनी ने लगातार अपना ध्यान मध्य श्रेणी से लेकर उच्च श्रेणी के फोन के विकास पर केंद्रित किया है। उन लोगों की स्मार्टफोन को चार्ज करने से जुड़ी चिंता खत्म हो जाएगीए जो दिन में अपना ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताते हैं और जिनके लिए पूरे दिन फोन की बैटरी के दमदार परफॉर्मेंस देने की जरूरत बढ़ती जा रही है।

## स्मार्ट सिटी की दुकानों के लिए स्वराज सस्था ने की बैठक

**वाराणसी।** लहरतारा पुल कैंट स्टेशन के सामने स्मार्ट सिटी द्वारा निजी एजेंसियों को दुकानों को एलॉटमेंट करने का अधिकार दिए जाने के विरोध में स्वराज संस्था आंदोलन करेगा वाराणसी शुक्रवार स्वराज संस्था के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक आज महमूरगंज में संपन्न हुई इस अवसर पर स्वराज संस्था के प्रबंधक सचिव विकास चंद्र तिवारी ने कहा है कि नगर निगम वाराणसी द्वारा लहरतारा पुल कैंट रेलवे स्टेशन तथा हुकूलगंज मार्ग पर छोटे.छोटे दुकानों को आवंटित करने का अधिकार स्मार्ट सिटी द्वारा निविदा के जरिए निजी एजेंसियों को दिए जाने पर स्वराज संस्था आपत्ति करता है श्री तिवारी ने कहा है कि नगर निगम द्वारा अलॉटमेंट का कार्य मानक के अनुरूप स्वयं करना चाहिए समय रहते नगर निगम ने अपना निर्णय नहीं बदला तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा बैठक में प्रमुख रूप से विकास चंद्र तिवारी रुद्र कुमार अवस्थी राजलक्ष्मी तिवारी सत्यांशु जोशी राजेश श्रीवास्तव राजेश साहनी संतोष उपाध्याय मनोज प्रजापति राहुल शर्मा पंकज राजेंद्र शर्मा राजू राजू भारती बबलू यादव राजेश सोनी अजय गौड़ मुन्ना आदि लोग शामिल रहे बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष रुद्र कुमार अवस्थी ने किया।

# पुरुष भी निभाएं परिवार नियोजन की जिम्मेदारी: सीएमओ

● महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित, दो बच्चों में अंतर रखने और जब तक बच्चा न चाहें तब तक अपनाएं कंडोम




पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**परिवार** नियोजन सेवाओं को सही मायने में धरातल पर उतारने और समुदाय को छोटे परिवार के बड़े फायदे की अहमियत समझाने की हरसम्भव कोशिश सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनवरत की जा रही है। यह तभी फलीभूत हो सकता है जब पुरुष भी खुले मन से परिवार नियोजन साधनों को अपनाने को आगे आयें और उस मानसिकता को तिलांजलि दे दें कि यह सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी है। इसमें जो सबसे बड़ी दिक्कत सामने आ रही है वह उस गलत अवधारणा का परिणाम है कि पुरुष नसबंदी से शारीरिक कमजोरी आती है। इस भ्रान्ति को मन से निकालकर यह जानना बहुत जरूरी है कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित है। इसलिए दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के लिए और जब तक बच्चा न चाहें तब तक पुरुष अस्थायी साधन कंडोम को अपना सकते हैं। वहीं परिवार पूरा होने पर परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी को भी अपनाकर अपनी अहम जिम्मेदारी निभा सकते हैं। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी का ।

सेवापुरी के ग्रामसभा उपरवार के निवासी बृजेश सिंह ;29द्ध का कहना है कि दो बच्चों के बाद तीसरे बच्चे की चाह न होने पर उन्होने परिवार नियोजन के स्थायी साधन पुरुष नसबंदी कराने के लिए सोचा । क्षेत्र की एएनएम अनीता देवी से पूरी जानकारी ली और उन्होने प्रोत्साहित भी किया। जब उन्हें पता चला कि पुरुष नसबंदी महिला नसबंदी से आसान और सुविधाजनक है तो उन्होने पत्नी की सहमति से खुद की नसबंदी का निर्णय लिया। नसबंदी के करीब एक साल हो चुके हैं। नसबंदी के अपने अनुभवों का साझा करते हुए वह बताते हैं कि हल्की एनेस्थिसिया दी जाती है जिससे दर्द नहीं होता। चंद मिनट में नसबंदी हो जाती है । नसबंदी के बाद आदमी अपने दैनिक कार्य कर सकता है । नसबंदी की सफलता जांच होने तक असुरक्षित शारीरिक संबंध होने से बचना होता है। नसबंदी सफल होने के बाद यौन सुख में कोई कमी नहीं आती हैं द्य

'जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी ;डीएचईआईओद्ध हरिवंश यादव' बताते हैं कि वाराणसी जिला गैर मिशन परिवार विकास जनपद में शामिल है। इस जिले में पुरुष नसबंदी करवाने पर लाभार्थी को दो हजार रुपये उसके खाते में दिये जाते हैं । पुरुष नसबंदी के लिए चार योग्यताएं प्रमुख हैं. पुरुष विवाहित होना चाहिएए उसकी आयु 60 वर्ष या उससे कम हो और दंपति के पास कम से कम एक बच्चा हो जिसकी उम्र एक वर्ष से अधिक हो। पति या पत्नी में से किसी एक की ही नसबंदी होती है। गैर सरकारी व्यक्ति के अलावा अगर आशाए एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरक की भूमिका निभाती हैं तो उन्हें भी 300 रुपये देने का प्रावधान है ।

सेवापुरी के उपरगांव के ही 29 वर्षीय अभिषेक सिंह के दो बच्चे हैं। उन्हें नसबंदी कराये एक साल हो चुका है। इसके लिए एएनएम अनीता देवी ने प्रेरित किया और पुरुष नसबंदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# महारानी दुर्गावती को किया याद



**मुग़लसराय चंदौली ।** वीरांगना महारानी दुर्गावती का शहादत दिवस महासभा के मुख्यालय पर संपन्न हुआ जिसमें बताया गया कि महारानी का 458 वो बलिदान दिवस हैए24 जून 1564 को नई नाला मण्डला के पास मुगल सम्राट अकबर के सेनापति आसक खां साथ हुए युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुई ।महारानी ने गोंडवाने की संस्कृति और अस्मिता के लिए अपने प्राणों का निछावर किया ।आज स्वतंत्र भारत में गोडवाने की सैकडो रियासतों सम्मिलित है ।आज यह देश संविधान से चलता है अत: हम हमी को भारत के संविधान प्रति समर्पण रखते हुए उसकी सुरक्षाएसम्मान और संवर्धन करते हुए नागरिकों के बीच इसका पर्याप्त प्रचार.प्रसार किये हुए संविधान के मंशा के अनुसार.बंधुता को विकसित करने का प्रयास लगातार करते रहा है ।आगे के कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाशंकर प्रसाद व संचालन कृष्णा गोंड और संतोष गोंड ने किया। कार्यक्रम को प्यारे बालएप्रेमशंकर प्रसादएहरिश्चन्द्र विजयी गोंडएरवि शंकरएप्रसारएकृष्ण कुमार उमेश चन्द्र छबीले रावएगंगाराम गंगेश आदि ने सम्बोधित किया ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने पुष्पांजली अर्पित कर महारानी को श्रद्धांजलि दिया।

## शहादत दिवस मनाया

**धानापुर चंदौली।** क्षेत्र के कुसम्ही गांव स्थित शंकर मंदिर प्रांगण में गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने महारानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। वक्त बृजेश कुमार ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने समाज के लिए अपना बलिदान दिया जो सभी के लिए उदाहरण है इसलिए हमें एकजुट होकर उनके द्वारा दिखाए गए मार्गदर्शन पर चलना होगा। इस दौरान मुख्य रूप से महादेव प्रसादए रघुवर प्रसादए कांताए रामजन्म रामए भूयाल अशोकए कोमल अरुण कुमार तहसीलदार गोंड आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान योजना पहुंचेगी अब घर घर, निजी कंपनी बनाएगी कार्ड

संवाददाता। मिर्जापुर

**जिले** में घर.घर आयुष्मान योजना पहुंचाने के लिए विविध प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अब एक निजी कंपनी की भी ली जा रही है। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर गुलाब वर्मा ने दी है।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत को घर.घर तक पहुंचाने के लिए नेशनल हेल्थ अथॉरिटी भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अब जिले में आयुष्मान कार्ड निजी कम्पनी बनायेगी। इस सम्बन्ध में प्रदेश स्तर से भी पत्र जारी कर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है। जिले के सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को पत्र के माध्यम से जानकारी दे दिया गया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजीव सिंघल ने बताया कि कम्पनी के द्वारा जुलाई माह से आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू कर देगे। जिले में अप्रैल 2018 से मई 2022 तक जिले में तीन लाख चार हजार छत्तीस हजार कार्ड बनाये गये है। कार्ड जिले के मण्डलीय चिकित्सालय के अलावा 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य मित्र के माध्यम से बिल्कुल निशुल्क बनाया जा रहा है। प्रदेश स्तर से जिले के 14 वां रैंक मिलने पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यो की प्रशंसा की जाए उतनी कम है।जिला सूचना प्रबन्धक आयुष पाण्डेय ने बताया कि जिले में अभी तक 304036 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। इसके साथ ही 32856 अत्योदय कार्डधारकों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया गया है जिसका वितरण भी विभागीय स्तर से किया जा चुका है। आयुष्मान कार्ड बनने पर कार्ड धारक भी एक वर्ष में पांच लाख रूपये तक का निशुल्क उपचार आयुष्मान भारत योजना से जुड़े सरकारी व निजी चिकित्सालयों में आसानी से करा सकेंगेए अभी तक 22456 मरीज इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त कर चुके हैं ।

## लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आज

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा 25.6.2022 दिन शुक्रवार को लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह जनपद मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर दोपहर 12.00 बजे आयोजित किया गया है।

## सिंचाई बन्धु की बैठक 12 जुलाई को

**सोनभद्र।** अधिशासी अभियन्ता एवं सचिव सिंचाई बन्धु सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद सोनभद्र की सिंचाई बन्धु की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित की जाती है। माह जुलाई, 2022 की सिंचाई बन्धु की बैठक 12 जुलाई, 2022 को चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह बढ़ौली राबर्ट्सगंज में पूर्वान्ह 11.00 बजे से 02.00 बजे तक आयोजित की जायेगी। बैठक में कृषकों की समस्याओं के गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण के लिएबैठक में कृषकों की समस्याओं के गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण के लिए जन प्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सम्बन्धित अधिकारीगण 14 जून, 2022 को आयोजित बैठक में प्राप्त हुयी समस्याओं को निस्तारण आख्या विलम्बवत् 07 दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस बाबत दिशा र्निदेश जारी कर दिए हैं।

# सीएमओ ने अनुपस्थित चिकित्सक का रोका वेतन

संवाददाता। मऊ



**मुख्य** चिकित्साधिकारी डॉण् एसएन दुबे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगली पिजड़ा का शुक्रवार की दोपहर औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान एक चिकित्सक समेत दो एएनएम के अनुपस्थित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से एक दिन का वेतन रोकते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही साथ चेताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर सख्त निर्देश जारी किया गया है। शासन द्वारा सख्त निर्देश जारी होने के बाद जिले के स्वास्थ्य अधिकारी भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी तरह से एर्लट हो गए हैं। इस क्रम में शुक्रवार की अपरान्ह 11ण्20 बजे के लगभग मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् एसएन दुबेए डीआईओ डॉण् बीके यादव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगली पिजड़ा पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किए।

अचानक मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी के पहुंचने से पूरे हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया।सीएमओ ने आपात कालीन कक्ष एउपस्थिति रजिस्टरए दवाखानाए वार्डए टीकाकरण आदि का निरीक्षण किया। साथ ही साथ स्वास्थ केंद्र में तैनात डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों मौजूदगी को लेकर गहनता के साथ जांच किया। सीएमओ ने उपस्थिति पंजिका की भी जांच किया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात चिकित्सक डॉण् विनोद यादवए एएनएम वंदना सिंह एवं उषा बरनवाल अनुपस्थित पाई गई। अनुपस्थित चिकित्सक समेत स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिन का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। निरीक्षण के क्रम में सीएमओ ने काउंटर पर दवा लेने आये मरीजों से दवाओं की वितरण के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अंदर सफाई व्यवस्थाए टीकाकरण आदि के बारे में भी जानकारी हासिल किया।

## महाराष्ट्र की स्थिति

### उद्धव का संघर्ष

**महाराष्ट्र** में व्याप्त संकटपूर्ण परिस्थिति उद्धव ठाकरे के लिए एक झटका हो सकती है, लेकिन इससे उनका भविष्य का रास्ता बंद नहीं हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बुधवार रात अपने आधिकारिक निवास 'वर्षा' से अपने पारिवारिक निवास 'मातोश्री' चले गए। इसे भले ही उनके कॅरियर की समाप्ति नहीं तो भी पार्टी पर उनके परिवार के कब्जे में गिरावट की तरह देखा जा रहा है जिसे उनके पिता बाल ठाकरे ने बनाया था। यह काफी भावनात्मक क्षण था और बड़ी संख्या में शिवसैनिक उनके साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रहे थे। भावनाओं से भरे संभवत: अपने विदाई भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा, 'यदि एक भी असंतुष्ट विधायक आकर मुझसे कहे कि वह मुझे मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहता है तो मैं मुख्यमंत्री का पद और आधिकारिक आवास छोड़ दूंगा।' कोरोनावायरस से संक्रमित होने के कारण उनका भाषण फेसबुक पर था। उन्होंने अपने भाषण में तीन मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया। पहला, उन्होंने स्वयं को अलग किस्म के नेता की तरह पेश करते हुए कहा कि वे उन लोगों में नहीं हैं जो किसी भी कीमत पर सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं, 'मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का पत्र तैयार रखा था और मैं किसी भी क्षण इसे दे सकता था।' दूसरा, पार्टी अब भी उनके साथ है, 'मुझे एकनाथ शिंदे के साथ गए विधायकों के फोन आ रहे हैं जो दावा कर रहे हैं कि उनको जबरन ले जाया गया है।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वे हिंदू राष्ट्रवाद के साथ हैं और 'शिवसेना को हिंदुत्व से अलग नहीं किया जा सकता है।' उनके अनुयायी व समर्थक उनसे सहमत हो सकते हैं, पर दूसरे लोग इस पर कुछ सवाल उठा सकते हैं। शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा और जीता जिसमें भाजपा के देवेंद्र फडनवीस मुख्यमंत्री उम्मीदवार थे। फिर सवाल है कि शिवसेना ने देश में एकमात्र अन्य हिंदुत्ववादी शक्ति भाजपा को धोखा क्यों दिया तथा उन पार्टियों के साथ चली गई जो अंतर्निहित रूप से हिंदुत्व-विरोधी थीं? क्या शिवसेना विधायक मासूम या बच्चे हैं जिनको जबरन सैकड़ों मील दूर ले जाया जा सकता है?



यदि ऐसा है ता उद्धव ठाकरे को इस दोष से मुक्त नहीं किया जा सकता है कि आखिर उन्होंने पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में इतने कमजोर लोगों को टिकट क्यों दिया। इसके बावजूद ऐसे नेता से कोई हमदर्दी जता सकता है जिसके अनुयायी उसे छोड़ कर चले गए हों, लेकिन इससे पार्टी व सरकार संचालित करने की उसकी क्षमता पर काफी सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं। स्पष्ट रूप से वे अपनी पार्टी में विरोध की गहनता को ठीक से समझने में विफल रहे। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट होता है कि उनके हर तीन में से दो विधायक शिंदे के साथ थे। विधायकों की भगदड़ जारी है। गुरुवार सवेरे शिवसेना के तीन और विधायक-दीपक केसाकर, मंगेश कुदालकर व सदा सारवंकर विमान से असम पहुंच गए जहां विद्रोही इकट्ठा थे। सवाल है कि क्या उद्धव या ठाकरे परिवार की राजनीति का अंत हो गया है? यदि ऐसा होता तो इसका अर्थ था कि एक राजनीतिक पार्टी उस परिवार से पल्ला झाड़ने में सफल हुई जिसने उसे जन्म दिया था। लेकिन अभी यह नतीजा निकालने का समय नहीं आया है कि ठाकरे परिवार का राजनीतिक कॅरियर समाप्त हो गया है। भले ही उसमें गिरावट आई हो, पर यह समाप्त नहीं हुआ है। यह स्थिति चिराग पासवान जैसी है जिनका लोजपा पर नियंत्रण समाप्त हो गया है, पर वे अभी भी राम विलास पासवान की विरासत का दावा करते हैं। देखें और प्रतीक्षा करें कि महाराष्ट्र में घटनाक्रम क्या मोड़ लेता है।

# कोविड के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता

**कोविड-19 के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता आई है। ऐसे में देश में बढ़ती श्रम शक्ति के लिए तत्काल ज्यादा बेहतर व उत्पादक रोजगार सृजन की आवश्यकता है।**



**बलवंत सिंह मेहता**
(इंस्टीट्यूट फार ह्यूमन डेवलपमेंट के निदेशक)



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ ने 14 जून को 2020-21 का पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस जारी किया। पहली नजर में वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से रोजगार की स्थिति में सुधार दिखता है क्योंकि पिछले वर्षों की तुलना में महामारी वाले वर्षों में रोजगार में वृद्धि हुई है तथा बेरोजगारी दर में कमी आई है। पीएलएफएस सर्वे वर्ष जुलाई से जून तक कृषि वर्ष से जुड़ा है। यह पूरी तरह अप्रत्याशित है क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण गंभीर आर्थिक अव्यवस्था पैदा हुई थी।

सर्वे के परिणाम अनेक अन्य रिपोर्टों से अलग हैं जो संकेत करती हैं कि देश में रोजगार की स्थिति वैश्विक महामारी के बाद और खराब हो गई है। इस सर्वे रिपोर्ट के नतीजों ने बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। यह गंभीर जांच का विषय है कि सर्वेक्षण के ये परिणाम विसंगतियां हैं अथवा इनसे संकेत मिलता है कि देश में रोजगार की स्थिति बदल रही है। इस लेख में पिछले तीन वर्ष की पीएलएफएस रिपोर्टों में पेश नतीजों का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। हमने कुछ प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों के विश्लेषण के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी का क्या प्रभाव पड़ा।

आमतौर से श्रम शक्ति सहभागिता दर का आंकलन सर्वे के पहले 365 दिनों के संदर्भ से होता है। यह काम कर रहे, काम के लिए उपलब्ध या बेरोजगार लोगों का कुल योग है। इसकी चार साल में अधिकतम दर 41.6 प्रतिशत 2020-21 में थी। कामगार जनसंख्या अनुपात-डब्लूपीआर में वृद्धि हुई है जो 2018-19 में 35.3 से बढ़ कर 2020-21 में 39.8 प्रतिशत पहुंच गई। यह देश की जनसंख्या में रोजगार प्राप्त लोगों का प्रतिशत है। दूसरी ओर श्रम शक्ति में बेरोजगारों का प्रतिशत, यानी बेरोजगारी दर 2018-29 में 5.2 प्रतिशत से घट कर 2020-21 में 4.2 प्रतिशत रह गई है।

ग्रामीण-शहरी विभाजन पर गौर करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में डब्लूपीआर शहरी क्षेत्रों की तुलना में लगभग 2.5 गुना अधिक है। यह अच्छी तरह दस्तावेजीकृत है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का प्रभाव शहरी क्षेत्रों की तुलना में बहुत कम था जो सर्वे के परिणामों से स्पष्ट है।

काफी संख्या में लोगों, खासकर अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले प्रवासियों का रोजगार शहरी क्षेत्रों में महामारी के दौरान समाप्त हो गया। शहरी क्षेत्रों में रोजगार का कोई साधन न होने के कारण उनकी बड़ी संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में अपने मूल स्थानों पर वापस लौटी। वहां उनके परिवारी सदस्य, खासकर महिलायें स्थानीय रूप से उपलब्ध गतिविधियों जैसे कृषि व उससे जुड़े कामों में आजीविका के लिए लगे रहे। सर्वे परिणामों से यह भी स्पष्ट हुआ कि डब्लूपीआर में वृद्धि का कारण पुरुषों की तुलना में महिलायें थीं जिनकी संख्या में पुरुषों की तुलना में 2.54 प्रतिशत वृद्धि हुई। यह परिघटना ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा स्पष्ट थी जहां महामारी के वर्षो में महिला डब्लूपीआर में अपने शहरी समकक्षों की तुलना में 3.2 गुना वृद्धि हुई। यह 19 प्रतिशत से बढ़ कर 27.1 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत से बढ़ कर 17 प्रतिशत हुई। इस प्रकार महामारी के वर्षों में रोजगार दर में वृद्धि अधिकांशत: ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में हुई। औद्योगिक ढांचा व्यापक रोजगार प्रवृत्तियां प्रदर्शित करता है। जहां भारत जैसे विकासशील देशों में कृषि में रोजगार आजीविका के रूप में देखा जाता हैऔर यह कम उत्पादक होता है, वहीं औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार को ज्यादा उत्पादक माना जाता है। यह भी अच्छी तरह दस्तावेजीकृत है कि देश की प्रगति के साथ लोग ग्रामीण क्षेत्रों में कम उत्पादक कृषि क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों में ज्यादा उत्पादक गैर-कृषि औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों की ओर पलायन करते हैं। लेकिन भारत में रोजगार के औद्योगिक वितरण में एक प्रतिगामी प्रभाव दिखता है। हालिया वर्षों में कृषि क्षेत्र में दशकों लंबी गिरावट के बावजूद ज्यादा से ज्यादा लोग ग्रामीण क्षेत्रों के कृषि क्षेत्र में जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा 3 प्रतिशत बढ़ा है और यह 2018-19 में 57.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2020-21 में 60.8 प्रतिशत हो गया है।

इस प्रवृत्ति से संकेत मिलता है कि लोगों को गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार पाने में कठिनाई हो रही है और वे मजबूरी में अन्य रोजगार विकल्प न होने के कारण आजीविका के लिए कृषि से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग तीन-चौथाई महिलायें कृषि गतिविधियों में लगी हैं, जबकि इसमें पुरुषों का प्रतिशत 53.8 प्रतिशत है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि का महिलाओं के काम पर भारी प्रभाव पड़ता है जो महिलाओं की बढ़ती डब्लूपीआर से स्पष्ट है। इससे स्पष्ट होता है कि कृषि क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि वैश्विक महामारी के कारण पैदा आर्थिक मंदी का नतीजा है।

शहरों से गांवों में विपरीत पलायन के कारण कृषि क्षेत्र पर ज्यादा कामगारों खासकर महिलाओं को समाहित करने का दबाव पड़ा है। इससे परेशानी में कोई भी रोजगार करने की प्रवृत्ति सामने आई है। 'स्टेटस आफ इम्प्लायमेंट' से व्यापक रूप से रोजगार की गुणवत्ता प्रदर्शित होती है जहां नियमित वेतन को स्वरोजगार या अनियमित श्रम की तुलना में बेहतर गुणवत्ता वाला काम माना जाता है। नियमित वेतनों के साथ काम की नियमितता तथा सामाजिक सुरक्षा लाभ जुड़े होते हैं, जबकि स्वरोजगार व अनियमित श्रम के साथ सामाजिक सुरक्षा प्राविधान आमतौर से शामिल नहीं होते हैं। पीएलएफएस सर्वे रिपोर्ट से पता चलता है कि स्वरोजगार प्राप्त लोगों का हिस्सा बढ़ा है और यह 2018-19 में 52.1 प्रतिशत से बढ़ कर 2019-20 में 55.6 प्रतिशत हो गया है। इसके साथ ही पिछले तीन साल में नियमित वेतन प्राप्त करने वालों में 23.8 प्रतिशत से 21.1 प्रतिशत तथा अनियमित श्रम में 24.1 प्रतिशत से 23.3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

यह परिघटना ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा स्पष्ट है जहां स्वरोजगार प्राप्त लोगों के प्रतिशत में शहरी क्षेत्रों में 1.7 प्रतिशत की तुलना में 3.3 प्रतिशत वृद्धि हुई है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के हिस्से में वृद्धि अधिकांशत: घरों में बिना वेतन काम करने वाले सहायकों की संख्या में वृद्धि के कारण है, जबकि अपने लिए श्रम करने व रोजगार देने वालों की संख्या में कमी आई है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला डब्लूपीआर में वृद्धि अधिकांशत: सहायकों या घरेलू उद्यमों में बिना भुगतान वाले परिवारी कामगारों के कारण है। नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि भारत में बेरोजगारी की तुलना में 'परोक्ष रोजगार' या बिना भुगतान के परिवारों में काम करना ज्यादा गंभीर मुद्दा है। नियमित वेतन वाले कामगारों के हिस्से में कमी एक और गंभीर चिन्ता का विषय है। इससे रोजगार की खराब होती स्थितियों का संकेत मिलता है। हालिया वर्षों में वैश्विक महामारी के कारण कम गुणवत्ता वाले रोजगार में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि महामारी के वर्षों में रोजगार में वृद्धि परेशानी के कारण है और इसका देश में समग्र रोजगार स्थिति में सुधार से संबंध होना जरूरी नहीं है। इसे रिपोर्ट में श्रम शक्ति सहभागिता दर व कामगार-जनसंख्या अनुपात में वृद्धि तथा बेरोजगारी दर में गिरावट से प्रदर्शित किया गया है। यह उल्लेख भी जरूरी है कि हालिया वर्षों में कृषि व संबंधित क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि, खासकर ग्रामीण महिलाओं की रोजगार में वृद्धि मुख्यत: परेशानी के कारण है और यह उत्पादक या अच्छा रोजगार नहीं है। हालिया रिपोर्ट से स्पष्ट है कि महामारी के वर्षों में 2020-21 में अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार 68.4 प्रतिशत से बढ़ कर 71.4 प्रतिशत हो गई। अनौपचारिक क्षेत्र में अधिकांश कामगार किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के अधिकारी नहीं होते हैं और उनको राष्ट्रीय श्रम कानूनों व नियमों के क्षेत्र में भी नहीं आते हैं। ऐसे कामगारों पर किसी आर्थिक उथलपुथल का सर्वाधिक प्रभाव होता है, जैसा कोविड-19 के बाद आई आर्थिक उथलपुथल से स्पष्ट है।

कुल मिला कर पीएलएफएस सर्वे रिपोर्ट से देश में कोरोना महामारी के वर्षों में नए रोजगार सृजन का संकेत मिलता है, लेकिन अधिकांश रोजगार परेशानी के कारण पैदा अनौपचारिक किस्म के हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए। इस संदर्भ में देखें तो, देश में उभरती श्रम शक्ति के लिए तत्काल ज्यादा बेहतर व उत्पादक रोजगार पैदा करने की आवश्यकता है जो एसडीजी लक्ष्यों का आठवां लक्ष्य-वर्ष 2030 तक 'सबको अच्छा व उत्पादक रोजगार' प्रदान करने की दिशा में आगे बढ़े।

# डब्लूटीओ बैठक में नेता बनकर उभरा भारत

**पी. के. वासुदेव**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के पूर्व प्रोफेसर हैं)



विवादास्पद धाराओं को हटाकर भारत ने भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। दशक में पहली बार, 164 सदस्य देशों के विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ)ने 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी12) में एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप दिया है। चार दिवसीय इस सम्मेलन को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया क्योंकि व्यापार मंत्रियों ने जिनेवा झील के बगल में डब्ल्यूटीओ मुख्यालय में रात भर बातचीत की और 18 जून की सुबह तक बातचीत जारी रही। भारत एमसी12 में डब्लूटीओ वार्ताओं के केंद्र में था। भारत विश्व खाद्य कार्यक्रम पर कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं लगाने के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। लेकिन आंतरिक खाद्य सुरक्षा चिंताएं प्राथमिकता पर रहेंगी। कृषि पर कोई कार्य आयोजन नहीं है, जो भारत के लिए एक अच्छा परिणाम माना जा सकता है क्योंकि हमारी कृषि-सब्सिडी को किसी और जांच का सामना नहीं करना पड़ेगा। व्यापार से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार (ट्रिप्स) छूट पर, केवल टीकों पर एक समझौता किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि विकसित देशों की मांग के मुताबिक डायग्नोस्टिक्स और थैरेप्यूटिक्स के लिए बातचीत छह महीने में शुरू हो जाएगी। इसका मतलब है कि समझौते में डायग्नोस्टिक्स और थेरेप्यूटिक्स को शामिल करने की भारत की मांग को विकसित देशों का समर्थन नहीं मिला। अक्टूबर 2020 में, भारत, दक्षिण अफ्रीका और 63 सह-प्रायोजकों ने मध्यम व निम्न-आय वाले देशों को कोविड -19 टीकों और दवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए ट्रिप्स छूट का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, समझौते के संचालन की निगरानी के लिए जिम्मेदार निकाय ट्रिप्स काउंसिल में चर्चा गतिरोध की स्थिति में आ गई। मसौदा समझौता मूल प्रस्ताव से कमतर था और इसमें केवल टीके शामिल थे।

भारत ने कोविड -19 और भविष्य की महामारियों से लड़ने के लिए टीकों, चिकित्सा विज्ञान और निदान के लिए ट्रिप्स छूट का आह्वान किया था। भारत ने माना था कि अब बहुत देर हो चुकी थी यदि केवल टीकों को शामिल किया गया था क्योंकि महामारी ने अपना प्रारंभिक क्रम चलाया था। ई-कॉमर्स लेनदेन पर सीमा शुल्क के ऊपर स्थगन पर, देश इसे अगले दो साल तक बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत ने पहले की तरह प्रतिक्रियाशील होने के बजाय विश्व व्यापार संगठन वार्ता के सभी स्तंभों में आक्रामक मसौदा ग्रंथों को रखा। भारत मत्स्य पालन, स्वास्थ्य और विश्व




व्यापार संगठन के सुधारों, डिजिटल प्रौद्योगिकी, भोजन और पर्यावरण के भविष्य पर एक सर्वसम्मत समझौते के लिए सदस्यों को एक साथ लाया। विश्व व्यापार संगठन में भारत के सैद्धांतिक रुख ने वैश्विक स्तर पर गरीबों और कमजोर लोगों की आवाज को मजबूत किया। जिनेवा में हुआ समझौता इसे 2013 के बाली मंत्रिस्तरीय के बाद पहला व्यापार सौदा बनाता है, जहां सदस्यों ने खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक स्टॉकहोल्डिंग पर शांति खंड और व्यापार सुविधा समझौते पर विश्व व्यापार संगठन के पहले व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। बहुपक्षीय व्यापार संगठन में सर्वसम्मति से संचालित, नियम बनाने की प्रक्रिया का मतलब है कि एक सदस्य भी अंतिम समय में किसी सौदे को विफल कर सकता है। छठे दिन तक पहुंची बातचीत के बाद, विश्व व्यापार संगठन के 164 देशों ने अंतत: 18 जून को जिनेवा में भारत के साथ एक पैकेज डील अग्रसारित की। नौ वर्षों में पहले बड़े समझौते में, इस सौदे में विकासशील देशों के लिए महत्ता के छह प्रमुख मुद्दे शामिल हैं जिनमें खाद्य सुरक्षा, संतुलित परिणाम मत्स्य पालन सब्सिडी, महामारी की प्रतिक्रिया और कोविड -19 टीकों पर पेटेंट छूट शामिल हैं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के वार्ता कौशल की परीक्षा लेने वाले सौदे ने मैराथन वार्ता की दो रातों के दौरान विकसित और विकासशील देशों के बीच कई व्यापार-समझौते देखे। गोयल ने समझौते के बाद कहा, ''लंबे समय से लंबित मुद्दों पर अच्छे नतीजे आए हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत ने मछुआरों और किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की है। ''कुल मिलाकर, यह एक अच्छा पैकेज है। आज कोई मुद्दा नहीं है जिस पर हमें चिंतित होना है, चाहे वह एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) जैसा कृषि से संबंधित मुद्दा हो, या राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम या पीएम गरीब कल्याण योजना, ट्रिप्स छूट, ई-कॉमर्स स्थगन, कोविड और मत्स्य पालन की प्रतिक्रिया को पूरा करने के लिए सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग कार्यक्रम की प्रासंगिकता को मजबूत करना हो।'' भारत ने अंतिम समय में पाठ से विवादास्पद खंड हटा कर, भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। बदले में, भारत इलेक्ट्रॉनिक आयात पर सीमा शुल्क पर स्थगन के 18 महीने के विस्तार के लिए सहमत हुआ, जिसका तर्क है कि यह अमीर देशों के पक्ष में है। हालांकि, अत्यधिक मछली पकड़ने, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर सहमति बनती है, और इसमें अवैध, गैर-सूचित और अनियमित (आईयूयू) मछली पकड़ने को प्रस्तावित समझौते के जरिए संबोधित किया गया है।

''भारत के आग्रह पर, ईईजेड (विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र) पर संप्रभु स्थलों को मजबूती से स्थापित किया गया है। यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है,'' गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के 12वें मंत्रि-स्तरीय सम्मेलन द्वारा लिए गए इन 'ऐतिहासिक निर्णयों' से लाभान्वित होने वाले प्रमुख हितधारकों में मछुआरे, किसान, खाद्य सुरक्षा, बहुपक्षवाद, और व्यापार और व्यवसाय, विशेष रूप से डिजिटल अर्थव्यवस्था और एमएसएमई हैं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से एमसी12 ने कई महत्वपूर्ण सफलतायें हासिल की है, स्पष्ट है कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत ने आज विभिन्न मुद्दों पर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी की। यह 'न्यू इंडिया' के आत्मविश्वास का नतीजा था।

## आप की बात

### गुरुद्वारे पर हमला

**अफगानिस्तान** में गुरुद्वारा साहिब पर हमला उन पाखंडी सेक्युलरों व भाईचारा गैंग की सच्चाई खोलता है जो भगवा आतंकवाद व देश में डर के माहौल की वकालत करते हैं। कभी हिंदुकुश पर्वत श्रृंखलाओं तक फैली हिन्दू संस्कृति को कितनी बर्बरता के साथ कथित अमन व भाईचारे के मज़हब की दुहाई देने वालों ने कुचला और दमन किया था और कर रहे हैं। 2001 में उन्होंने ही बामियान में शान्ति के देवता महात्मा बुद्ध की विशाल मूर्ति को तोप लगाकर उड़ा दिया था। वह आज नुपुर शर्मा के एक बयान पर भारत के उन तमाम उपकारों को भूल गया जो अफगानिस्तान पर तब किये गए जब अमेरिका जैसी महाशक्ति भी उसे मंझधार में छोड़ चुकी थी। नूपुर को उस बयान के लिए शिवलिंग पर अशोभनीय टिप्पणी कर उकसाया गया था। इंसानियत के मज़हबी ठेकेदारों ने अफगानिस्तान में बचे एक गुरुद्वारे पर हमला कर अपनी घृणित मानसिकता का परिचय दे दिया। भारत में बैठे अनेक कथित उदारवादी व सेक्युलर क्या इस सवाल का उत्तर दे सकेंगे कि अफ़गानिस्तान, पाकिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यक घटते क्यों जा रहे हैं?

–**डॉ नरेन्द्र**, मेरठ

### अग्निपथ का स्वागत

**सेना** में भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में जिस प्रकार से देश के विभिन्न राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए वह युवाओं में बढ़ रही विचार-शून्यता एवं अराजकता को दर्शाते हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा कर कोई कैसे सैनिक बन कर देश की दुश्मन देशों से सुरक्षा का दावा कर सकता है? अग्निपथ के विरोध के पीछे कुछ सियासी राजनीतिक दलों की मंशा भी नेक नहीं कही जा सकती। अग्निपथ योजना भारत सरकार की ओर से देश के युवाओं के लिए एक शानदार अवसर है। योजना में सुधार की कुछ गुंजाइश हो सकती है। अग्नि वीरों को चार पांच साल की सेवा के पश्चात 11-12 लाख का पैकेज भी बुरा नहीं है। भूतपूर्व अग्नि वीरों को सेवाकाल के पश्चात अन्य विभागों में रोजगार प्रदान करने हेतु भी केंद्र एवं अनेक राज्य सरकारों का सकारात्मक प्रस्ताव उत्साह बढ़ाने वाला है। दुनिया के शक्तिशाली देश सेना में मैनपावर को कम करके हथियार गोला बारूद एवं आधुनिक मारक क्षमता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इसी नीति का अनुसरण भारत को भी करना होगा। सेना के बजट को संतुलित करने में एवं स्थापना खर्च घटाने में भी अग्निपथ योजना कारगर सिद्ध होगी।

–**ललित महालकरी**, इंदौर


### कथनी-करनी में अंतर

**कोई** देश अगर अमीर हो तो, उसके द्वारा किए गए गुनाह पर दुनिया कोई तवज्जो नहीं देती। अब मानवाधिकार के मामले में सऊदी अरब को ही ले लीजिये। उसके खिलाफ कभी कोई देश बयानबाज़ी नहीं करता। 2018 में वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार जमाल खशोगी की हत्या, इस्ताम्बुल स्थित सऊदी वाणिज्य दूतवास के लोगों द्वारा, कर दी गयी थी। तमाम साक्ष्यों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सिर्फ तुर्की ने सऊदी अरब के खिलाफ एक्शन लेने के बात की थी। जिसके चलते दोनों देशों के बीच संबंधों में दरार पड़ गयी थी। मगर अब सऊदी क्राउन प्रिंस सलमान के तुर्की का यात्रा पर जाने, फिर वहां राष्ट्रपति रिस्प टेयिप एरडोगान से गले मिलने को देख कर लग रहा था दोनों देशों के बीच कोई अनबन कभी थी ही नहीं। अब जमाल खशोगी की आत्मा को कभी शांति नहीं मिलेगी। तुर्की को इस समय सऊदी अरब से आर्थिक पैकेज की सख्त दरकार है। कथनी-करनी में अंतर इसी को कहते हैं।

–**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**इस** वर्ष हम 7.5 प्रतिशत वृद्धि की आशा करते हैं जो हमें सबसे तेज विकसित होने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना देती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**अब** हमें सबसे नीचे पहुंचने के संकेत दिखने लगे हैं।

– **रनिल विक्रमसिंघे**
श्रीलंका के प्रधानमंत्री





**वन** रैंक वन पेंशन से यह सरकार नो रैंक नो पेंशन तक पहुंच गई है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# सिद्धपीठ दंतधावन कुण्ड मंदिर संपत्ति विवाद का मामला आया सामने



अनुभव पांडे उर्फअंकुराचारी

● अनुभव पांडे उर्फ अंकुराचारी ने विरक्त गद्दी पर ग्रस्त होने का लगाया आरोप

**अयोध्या।** अयोध्या में स्थित पौराणिक पीठ दंतधावन कुंड एक मामला और सामने आया जिसको लेकर के अनुभव पांडे उर्फ अंकुराचारी ने प्रेस से मुखातिब होते हुए बताया कि मंदिर दंतधावन कुंडए अयोध्या का अत्याधिक प्राचीन मंदिर है जो कि विरक्त परंपरा की गद्दी है। स्वर्गीय जय कृष्णाचारी दंतधावन कुंड के महंत एवं सरवराहकार थे जो स्वयं विरक्त व बाल ब्रह्मचारी के तौर पर गद्दी नसीन थे और उनकी मृत्यु सन 1959 में हुई लेकिन मृत्यु से पूर्व उन्होंने दो वसीयतनामा लिखा था। पहली वसीयत 19.01.1959 को लिखा जिसमें नाबालिक नारायणाचारी को निहंगए विरक्त, बालब्रह्मचारी ए सर्वरहकार एवम अनंताचारी को वली नामित किया था एवं जिसे 27.06.1959 की वसीयत से निरस्त कर दिया और अपनी समस्त जायदाद ठाकुर को समर्पित कर दिया एवं अपने बाद के लिए निहंग ए विरक्त बाल ब्रह्मचारी सरवराहकार नारायणाचारी को चेला बनाकर व नाबालिग होने के कारण एक वली सुदर्शन दास आचारी को नामजद कर एक ट्रस्ट का गठन, मंदिर एवं समस्त संपत्ति की देखरेख के लिए कर दिया। जिसमें सार्वजनिक देवोत्तर संपत्ति मंदिर के ट्रस्टीयान को हक दिया कि यदि बलि या सरवराहकार में किसी प्रकार की बुराई या बदचलनी पाई जाए तो उसे हटा दें एवं स्थान खानदान से अन्य योग्य विरक्त को गद्दी पर बैठा दे।

डीड के विपरीत महंथ व सरवराहकार नारायणाचारी ने गृहस्थ जीवन जिया एवं अपने परिवार के भरण.पोषण के लिए भगवान की संपत्ति में अनगिनत बैनामे किए जिसका अधिकार उनको को नहीं था। आगे चलकर ट्रस्ट के अस्तित्व को समाप्त कर दिया एवं देवोत्तर संपत्ति का विक्रय करते हुए ठाकुर जी के करोड़ों की संपत्ति नष्ट भ्रष्ट कर दी और 14.08.1986 को एक वसीयत विवेकाचारी को सरवराहकारी एवम वली अनुरागाचारी सुत रामचंद्राचारी का तथ्य गोपन करके तहरीर कर रजिस्ट्री करा दिया जो कि पीठ का अपमान करने का प्रयास मात्र है। उन्होंने बताया कि महंत नारायणाचारी ने अपने तीन बेटों में से सबसे छोटे बेटे विवेक को सरवराहकार लिखा एवं अपने सबसे बड़े बेटे कौस्तुभ को अपने ही बड़े भाई रामचंद्र आचारी का बेटा लिखते हुए वली बना दिया जो न तो रामचंद्र आचारी का बेटा था और न ही वसीयत के समय बालिग़ था। 1994 से मंदिर की संपत्ति का मुकदमा चल रहा है जिसका वर्तमान समय में स्थगन आदेश है क्योंकि ठाकुर जी के संपत्ति के अधिकारी लाखों शिष्य हैं इसलिए डीड के अनुसार ट्रस्ट को पुनर्जीवित करके खानदान से विरक्त वारिस को मंदिर का महंत बनाया जाए जिससे ठाकुर जी की संपत्ति की रक्षा हो सके और सार्वजनिक कार्य के लिए इस्तेमाल हो सके। जो सनातन धर्म की मर्यादा के अनुरूप हो।

## दंत धावन कुंड रामानुज संप्रदाय की गृहस्थ पीठ हैः विवेक आचारी

● मंदिर की संपत्ति हड़पने की नीयत से किया जा रहा है फर्जी मुकदमा



**अयोध्या।** दंत धावन कुंड मंदिर के वर्तमान महंत विवेक आचारी ने बताया कि दंत धावन कुंड सिद्ध पीठ है और इस का पौराणिक महत्व है हमेशा से यह पीठ रामानुज संप्रदाय में श्री संप्रदाय की अनुयाई रही है और गृहस्थ परंपरा का पालन करती आई है हमारे संप्रदाय के सभी मठाधीश और अयोध्या के पूज्य संतों महंतों ने श्रीमहाराज महंत नारायणाचारी के स्वर्गवास के बाद मेरा पट्टाभिषेक 13वें महंत के रूप में मान्यता प्रदान की है जो भी लोग वर्तमान समय में मंदिर को लेकर के विवाद उत्पन्न कर रहे हैं वह फर्जी हैं और मंदिर के विकास में बाधा डालने का कार्य कर रहे हैं। जो भी विवाद ज्ञात हुआ है वह सब फर्जी है मंदिर के लगभग ढाई लाख परिवार शिष्य हैं जिनके लिए मंदिर में हमेशा व्यवस्था रहती है पौराणिक मंदिर है ऐतिहासिक मूर्ति है इसलिए फर्जी लोगों का प्रवेश वर्जित है। जो लोग मंदिर की संपत्ति को हड़पना चाहते हैं कब्जे की नियत से मुकदमा कर रहे हैं उनके ऊपर कई आपराधिक मामले हैं। अगर ट्रस्ट डीड होती तो मंदिर की संपत्ति सीलिंग में क्यों जाती और अगर यह ट्रस्ट बहाल हो जाए तो मंदिर के अरबों की संपत्ति ठाकुर जी को मिल जाएगी। अचारी सगरा व धपाक कुंड मंदिर की संपत्ति है जिसके हड़पने की नीयत से मंदिर की संपत्ति पर विवाद उत्पन्न किए जा रहे है। कुंड का पौराणिक महत्व है इसलिए हम सरकार से उसके सुंदरीकरण की मांग करेंगे और अवैध कब्जा हटाने की बात भी करेंगे।

# हैदरगंज कस्बे के निकट गड्ढे में दो अज्ञात युवकों का शव मिलने से हड़कंप

**जाना बाजार।** हैदरगंज थाना क्षेत्र के कस्बे के निकट बाईपास सड़क के किनारे गड्ढे में दो अज्ञात युवकों का शव शुक्रवार की भोर में ग्रामीणों को दिखाई दिया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। हैदरगंज पुलिस ने भीड़ को हटाकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराया। परंतु पता नहीं चलने पर शव को शिनाख्त कराने के लिए मोर्चरी में भेज दिया। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी भी एसओजी सहित फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच कार्यवाही में जुट गए। सोशल मीडिया में फोटो वायरल होने पर दोनों युवकों की शिनाख्त दोपहर तक हो गई। परिजनों ने हत्या किए जाने की शिकायत पुलिस से किया है। पुलिस मृतक युवकों के गायब मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल सहित हत्यारों के पीछे लगी हुई।





घटना थाना क्षेत्र के हैदरगंज कस्बे के पीछे बनी बाईपास सड़क के किनारे सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर विद्यालय के पास की है। जहां मोड़ के पास गड्ढे में दो अज्ञात युवकों का शव सुबह शौच के लिए जाते हुए लोगों को दिखाई दिया। दो अज्ञात शव मिलने की सूचना पर कस्बे सहित आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। जिसको देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थाना अध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने इसकी जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को देते हुए बैरी केटिंग करा कर भीड़ को तितर.बितर किया। इसी बीच पहुंचे एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर, क्षेत्राधिकारी बीकापुर प्रमोद कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी तारुन थानाध्यक्ष व कोतवाल बीकापुर, स्वाट टीम और फॉरेंसिक टीम ने जांच कार्यवाही करते हुए दोनों मृतक युवकों के फोटो सोशल मीडिया पर लोड करा दिया। पुलिस के निरीक्षण के के दौरान ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंच गये। एसएसपी ने घटना के विषय में मातहत पुलिस कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त कर तत्काल कई पुलिस टीम बनाकर मामले के खुलासे के लिए लगाने का निर्देश दिया। जांच कार्रवाई बढ़ाते हुए हैदरगंज पुलिस ने दोनों शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी भिजवाने के साथ बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को घगालना शुरु कर दिया। हैदरगंज कस्बे के ही अनिल मोदनवाल वायरल फोटो के माध्यम से दोनों मृतक युवकों को जनपद प्रतापगढ़ के लालगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहलोलपुर अंतर्गत साहबगंज बाजार निवासी रविकांत मोदनवाल पुत्र रामकृष्ण मोदनवाल उम्र लगभग 28 वर्ष मनोज मोदनवाल पुत्र स्वर्गीय भगवानदास मोदनवाल उम्र लगभग 23 वर्ष के रूप में पहचान कर पुलिस को सूचित किया। अनिल की जानकारी पर प्रतापगढ़ से परिजन सहित दर्जनों लोग हैदरगंज थाने पहुंच गए और दोनों की हत्या किए जाने की शिकायत पुलिस से किया। मृतक के दादा राम चंद्र मोदनवाल चाचा रामदास मोदनवाल सहित आए हुए लोगों ने बताया कि रवि और मनोज रवि की मोटरसाइकिल से 23 जून की सुबह लगभग 8 बजे के आसपास अयोध्या दर्शन करने को कह कर निकले थे। 12 बजे दिन तक दोनों के मोबाइल से बात भी हुई थी। परंतु उसके बाद देर शाम तक मोबाइल पर बेल जाती रही पर मोबाइल नहीं उठा। देर शाम तक दोनों की मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगी। जिसकी जानकारी आसपास की रिश्तेदारों सहित सुल्तानपुर जनपद के गोसाईगंज बाजार स्थित रवि की बुआ के घर पर भी दिया। परंतु पता नहीं चल सका। परिजनों ने दोनों के मोबाइल नंबर भी पुलिस को दे दिया पुलिस ने तत्काल दोनों मृतकों के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल के लिए सर्विलांस पर लगाने के साथ ही गायब हुई मोबाइल सहित मोटरसाइकिल की तलाश शुरू कर दिया। थाना अध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों मृतक युवकों के शव की शिनाख्त हो गई है अभी तक परिजनों द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। मामले के खुलासे के लिए एसएसपी महोदय के निर्देश पर एसपी ग्रामीण महोदय के नेतृत्व में चार पुलिस टीम घटना के खुलासे के लिए लगाई गई है। जिनमें क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुरए क्षेत्राधिकारी बीकापुर, स्वाट टीम सहित एक टीम का नेतृत्व में स्वयं कर रहा हूं जल्द ही इस घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# रेलवे के ई टिकट के अवैध कारोबार में युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** ई टिकट का अवैध कारोबार करने वाले बारह लोगों पर मण्डल में कार्यवाही की गई है। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल रेल यात्रियों कि बेहतर सुविधा और निर्बाध यात्रा प्रदान कराने के लिए कटिबद्ध है। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा स्टेशनों पर विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन चलाये जा रहे हैं। इसी के दृष्टिगत रेल प्रशासन ई टिकट का अवैध रूप से कारोबार करने वाले लोगों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार स्टेशनों पर चेकिंग अभियान चला रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज मंडल में अप्रैल 2022 से अब तक 12 लोगों को ई टिकट का अवैध कारोबार करने के अपराध में गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में आज प्रयागराज मंडल के रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कक्ष से प्राप्त कुछ संदिग्ध यूजर आईडी की जांच के क्रम में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दादरी तथा डिटेक्टिव विंग अलीगढ़ की टीमों ने नोएडा के सेक्टर दो में छापेमारी की। जिसमें एक व्यक्ति को ई टिकट का अवैध कारोबार करने के अपराध में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मिथुन कुमार 30 पुत्र मिथलेश सिंह है। अभियुक्त ने बताया कि वह दीपक विहार खोडा कॉलोनी मनकपुर जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। अभियुक्त के पास से भविष्य की यात्रा के 14 टिकट कीमत 17225ण्20 रुपए तथा भूतकाल की यात्रा के 54 टिकट कीमत 77701 रुपए बरामद हुए हैं। अभियुक्त की दुकान से छापेमारी के दौरान मौके से संबंधित सामान को जप्त किया गया। अभियुक्त के पास से निम्न 17 पर्सनल यूजर आईडी बरामद की गई है। जिसके माध्यम से ई टिकट बनाकर वह यात्रियों को वास्तविक मूल्य से अधिक रूपये लेकर बेचता था। आरपीएफ के मुताबिक अभियुक्त के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 143 के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दादरी में प्रकरण पंजीकृत किया गया है।

# पहली जुलाई तक करा लें नाला व नालियों की सफाई

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने अगामी दिनों के वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुयें मण्डल के सभी जनपदों में नाला.नालियों, ड्रेनेज आदि की सफाई कार्य आगामी 25 जून से 01 जुलाई, 2022 तक कराए जाने के सम्बन्ध में नगर आयुक्त, नगर निगम, सीडीओ, जिला पंचायतराज अधिकारी, नगर पंचायत, नगर पालिका व सम्बन्धितों अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। प्रदेश में मॉनसून के आगमन के दृष्टिगत अतिवृष्टि/वृष्टि के कारण नगरीय निकायों में जल.जमाव की स्थिति से बचने के लिए सभी बड़े नाले, मझोले नाले एवं छोटे नाले/नालियों की सफाई के निर्देश दिए है।



मण्डलायुक्त ने बताया कि 01 जुलाई 2022 से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान का नवीन चरण प्रारंभ हो रहा है। अभियान को प्रभावी बनाना सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासनीक प्रयास के साथ.साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, पाथ जैसी संस्थाओं का सहयोग लिया जाना चाहिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मेडिकल एजुकेशन, ग्राम्य विकास, नगर विकास, महिला बाल विकासए कृषिए बेसिक माध्यमिक शिक्षा द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा का ठोस प्रयास किया जाए। सूकर बाड़ों को यथासंभव आबादी से दूर व्यवस्थापित किया जाए और कीटनाशक का छिड़काव किया जाता रहे। स्क्रबटाइफस से बचाव के लिए शहरोंए गांवों में झाड़ियों की साफसफाई, कटाई करा ली जाएए यह झाड़ियां बीमारी का प्रसार करती हैं। आशा, संगिनी, आंगनबाड़ी के साथ.साथ ग्राम प्रधानों को भी प्रशिक्षण दिया जाए। रोगियों तथा लक्षणयुक्त व्यक्तियों की त्वरित जांच तथा आइसोलेशन की समुचित व्यवस्था की जाए। रोगियों के आवागमन के लिए एम्बुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता रहे। एम्बुलेंस का रिस्पांस टाइम न्यूनतम रखा जाए। कम्युनिटी हेल्थ सर्विसेज को त्वरित आउटब्रेक रिस्पॉन्स के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। त्वरित आउटब्रेक रिस्पॉन्स के लिए डिजीज सर्विलांस डेटा तंत्र का सुदृढ़ीकरण किया जाए। फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा उपलब्ध कराई गई क्षय रोग लक्षण युक्त व्यक्तियों के उपचार की समुचित व्यवस्था कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों ने आबादी के बीच वाले तालाबों को अपशिष्ट तथा प्रदूषण मुक्त रखने के नियोजित प्रयास किए जाएं।

# प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर से अधिवक्ताओं में हर्ष

**प्रयागराज।** गुलबर्गा सोसायटी अहमदाबाद दंगे में एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को क्लीन चिट देने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका खारिज करने के फैसले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। अधिवक्ताओं ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने सांच को आंच नहीं के सिद्धांत को फलीभूत किया है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और अधिवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी को गुजरात दंगे में फंसाने की कोशिश विफल हुई है इस फैसले से साबित हुआ कि मोदी के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। प्रयागराज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार चटर्जी ने कहा कि गोधरा साबरमती ट्रेन को आग के हवाले करने की प्रतिक्रिया में हुए गुजरात दंगे में सरकार को कटघरे में खड़ा कर बदनाम करने की कोशिश की गई। इस फैसले से जिसका पटाक्षेप हो गया है। पूर्व शासकीय अधिवक्ता अरूण कुमार मिश्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रधानमंत्री तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी को दंगे में फंसाने की चाल विफल हो गई है। केंद्र सरकार के अधिवक्ता कृष्ण जी शुक्ल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मुखिया की नरेंद्र मोदी को फंसाने की चाल को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। जाकिया जाफरी ने गुजरात हाईकोर्ट के एस आई टी द्वारा क्लीन चिट देने के खिलाफ याचिका खारिज करने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही करार दिया और फैसले के खिलाफ याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के पुस्तकालय हाल में हुई अधिवक्ताओं की बैठक में के डी मालवीय राजेश त्रिपाठी पूजा मिश्रा अरविंद गोस्वामी अखिलेश कुमार शुक्ल संजय यादव कुंवर बालमुकुंद सिंह आत्म प्रकाश त्रिपाठी विनय मिश्रा सी पी गुप्ता अतुल पांडेय आदि मौजूद थे।

# कोविड-19 से प्रभावित मरीजों का ठीक से जांच कर उनका इलाज किया जायः सतीश चन्द्र

**अम्बेडकरनगर।** राज्यमंत्री, खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश सरकार सतीश चंद्र शर्मा द्वारा जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर इंटीग्रेटेड कोविड–19 कमांड सेंटर मैं कोविड–19 से संबंधित बैठक किए। कोविड–19 के लक्षण से दिनांक 20–06– 2022 को प्रभावित श्रीमती अंजलि सिंह से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम जाने स श्रीमती सिंह ने मंत्री को अवगत कराया कि मैं स्वस्थ हूं ,मेरा ऑक्सीजन पल्स और तापमान भी ठीक है। बैठक के दौरान मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड–19 से प्रभावित मरीजों का ठीक से जांच कर उनका इलाज किया जाए।

इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिएस इसके उपरांत उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों से उनके मरीजों के इलाज के बारे में जानकारी लीस



परिजनों ने अवगत कराया कि अस्पताल में इलाज की अच्छी व्यवस्था है, हमारे मरीज को समय–समय पर इलाज किया जा रहा है। मरीजों के परिजनों से वार्ता कर मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त किए। इसके उपरांत उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग का जायजा लिए। मौके पर दवा काउंटर रजिस्टर में 98 रजिस्ट्रेशन हुए थे और 39 प्रकार की औषधि उपलब्ध पाए गए। पैथोलॉजी कक्षा में 44 महिलाओं का सैंपल टेस्ट होने की प्रक्रिया जारी पाया गया मंत्री ने ऑक्सीजन प्लांट के साथ ही साथ डायग्नोसिस वार्ड का भी जायजा लियास इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट संचालित था और डायग्नोसिस वार्ड में मरीजों का डायग्नोसिस चल रहा थास जिला अस्पताल की व्यवस्था देख मंत्री ने प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान मौके पर सीडीओ घनश्याम मीणा, सीएमओ सहित डॉक्टर टीम एवं अन्य अधिकारी ,कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

## जुमे की नमाज के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था का डीएम एसपी ने लिया जायजा

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन एवं पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा तहसील अकबरपुर तथा तहसील टांडा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ जुमा के दिन शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया ।जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अकबरपुर तहसील तथा टांडा तहसील के अंतर्गत शहजादपुर, टांडा में तलवापार मस्जिद में नमाज के लिए लोग एकत्र हुए और नमाज अदा किए व अन्य मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। अधिकारी गण तथा पुलिस प्रशासन द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए भ्रमण करते रहें। टांडा क्षेत्र में उप जिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा तथा अन्य अधिकारी गण पुलिस बल के साथ भ्रमण करते रहें। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया गया।

## क्विक न्यूज

### अग्निपथ योजना युवाओं के लिए वरदान साबित होगीः रामचन्दर

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचन्दर सिंह अयोध्या पहुंचे जहां उनका स्वागत नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। दर्शन पूजन के बाद प्रेस से मुखातिब होते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्दर सिंह ने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है लेकिन किसानों के लिए कोई सरकार कार्य नहीं करती केवल उद्योगपतियों को लुभाने में लगी रहती है। वर्तमान सरकार भी किसानों को समाप्त करने पर लगी हुई है लेकिन केंद्र सरकार द्वारा सेना में अग्निपथ योजना का स्वागत किया और कहा कि युवाओं के विकास के लिए यह योजना वरदान साबित होगी क्योंकि देश के लिए ट्रेंड युवाओं की फौज तैयार होगी जिससे समाज से भ्रष्टाचार समाप्त होगा। उन्होंने इस योजना की तारीफकरते हुए कहा कि 4 साल के बाद 25 परसेंट युवा सेना में हो जाएंगे सरकारें भी सहूलियत इनकी और जो पैसा मिलेगा उससे युवा अच्छा रोजगार कर सकते हैं किसानी का कार्य कर सकते हैं जिससे देश उन्नति के तरफबढ़ेगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी पूरे प्रदेश में संगठन को तैयार करेगी घर.घर तक जाकर के किसानों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करेगी जिससे हम संगठित होकर के सरकार से अपने हक की लड़ाई लड़ सके और भारत को कृषि प्रधान और कृषि रोजगार की तरफआगे बढ़ा सकें। इस अवसर पर मंडल महिला अध्यक्ष कंचन सिंह जिला अध्यक्ष लक्ष्मी पिंकी अनुपम गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की आवश्यक बैठक तहसील सभागार में आयोजित

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** बिशेष संचारी रोग नियन्त्रण व दस्तक अभियान के लिए गठित तहससील व ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स की आवश्यक बैठक टाण्डा तहसील सभागार मे गुरूवार को एसडीएम टाण्डा दीपक वर्मा की अन्यक्षता मे हुई। जिला मलेरिया विभाग केअधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि मच्छरो के पनपने वाले स्थानो व जल भराव के गड्ढो मेवाहनो से निकलने वालेखराब तेल को डाल देजजिससे मच्छर न पनपे। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र टाण्डा केप्रभारी डा. दिनेश वर्मा ने कहा कि आबादी क्षेत्र मे सुअर पालन नही करना चाहियेक्योकि सुअर वाडे। की गन्दगी से मच्छर तेजी से फैलते हैजिससे दिमागी बुखारजैसी घातक बिमारी फैलती है। बैठक का संचालन कर रहे चिकित्सा शिक्षाधिकारी रंजीत वर्मा ने कहा कि दिमागी बुखार सहित अन्य नियमित टीकाकरण प्रत्येक वुधवार व शनिवारको निर्धारित स्थानो पर निःशुल्क लगाया जाता है टीकाकरण के बाद बिमारी की सम्भावना नगण्य हो जाती है। एसडीएम टाण्डा दीपक वर्मा ने कहा कि साफसफाई के प्रति जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुयेबच्चो को टीकाकरण अवश्य लगवाए व कोविड-19 टीकाकरण की खुराक भी पूर्ण करे। स्वास्थ विभाग, विकास खण्ड टाण्डा व बसखारी, पशु चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, नपाप, सीडीपीओ, पूर्ति विभाग, कृषि विभाग, मलेरिया विभाग, डब्लूएचओ, यूनीसेफ के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### दिल से डांस अकैडमी के कलाकारों ने लखनऊ में तिरंगा फहराया

**अम्बेडकरनगर।** जनपद मुख्यालय अकबरपुर कस्बे में उपस्थित दिल से डांस एकेडमी के कलाकर ने एवं उनकी टीम 'डी एस वोल्वानो' ने लखनऊ में चल रहे अमृत महोत्सव में तिरंगा फहराया एवं सभी कलाकारों ने अपनी संगीत एवम् नृत्य कला की प्रस्तुति से सभी का दिल जीता एवं तारीफबटोरी एवं महोत्सव में आए हुए विशिष्ट अधिकारी एवं मंत्रियों द्वारा सम्मानित भी हुए। लखनऊ में हो रहे अमृत महोत्सव जो कि 30 मई से 23 जून की शाम तक चला जिसमें देश के अलग-अलग प्रदेश के जिले से आए कलाकारों ने शिरकत किया एवं जिनके बीच में अंबेडकर नगर के दिल से डांस एकेडमी के कलाकारों ने वहां पर तिरंगा झंडा लहरा कर देशभक्ति की भावना को उजागर करके सभी का दिल जीता एवं अंबेडकर नगर का नाम रोशन करके काफी तारीफें बटोरीं और सम्मान प्राप्त किया लखनऊ में हो रहे इस महोत्सव की संचालन विजय दीनानाथ चौहान के द्वारा किया गया एवं इस में आए हुए मुख्य अतिथि गण मंत्री हिंदू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री राजेश राज गुप्ता द्वारा इन कलाकारों के शिक्षक सत्यम गोंड को सम्मानित किया गया एवं आए हुए अन्य अतिथि द्वारा जिसमें इंद्रधनुष सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष महिला प्रकाश लखनऊ सुमति राज गुप्ता ड्रीम्स कैचर इवेंट कोऑर्डिनेटर आर्यन द्वारा दिल से डांस टीम को सम्मानित किया गया।

### बकरीद को लेकर 2 जुलाई को होगी बैठक

**अयोध्या।** जलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में आगामी 10-11 जुलाई को संभावित ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं अन्य विभागीय व्यवस्था के संबंध में मुस्लिम सम्प्रदाय के धार्मिक एवं प्रबुद्ध नागरिकों तथा पुलिस व कार्यदायी विभाग के अधिकारियों के साथ 2 जुलाई को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आहूत की गयी है। एडीएम नगर सलिल कुमर पटेल ने देते हुये सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं सहित, उक्त बैठक में निर्धारित समय से प्रतिभाग करने का आवाहन किया हैं।

# शान्तिपूर्वक और संवैधानिक तरीके से हो विरोधः सांसद

● उत्तर मध्य रेलवे की 9वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक सम्पन्न

● समिति द्वारा हाल ही में अग्निपथ आंदोलन में हुई हिंसा और रेलवे को हुई क्षति की हुई निंदा

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे की 09वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित एक होटल के सभागार में किया गया। बैठक में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति के 44 सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने हाल ही में हुए अग्निपथ आंदोलन में हुई हिंसा और रेलवे को हुए नुकसान की सर्वसम्मति से निंदा की गयी। सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर ने निंदा करते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है लेकिन इसे शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से किया जाना चाहिए। सुझाव दिया कि स्टेशनों पर स्टालों के लिए उत्पादों की अनुमोदित सूची सदस्यों को प्रदान की जानी चाहिए। ताकि वे स्टेशनों का निरीक्षण करते समय इसकी जांच कर सकें महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि रेलवे देश की लाइफलाइन है। इसका देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। रेल की मांग और आपूर्ति में हमेशा से एक बड़ा अंतर रहा है। जिसका एक मुख्य कारण क्षमता की कमी रहा है। पिछले कुछ वर्षों में रेल में एक बहुत ही सकारात्मक बदलाव आया है। रेलवे की कार्य प्रणाली में लाइन क्षमता की वृद्धि यात्री सुविधाओं के उन्नयन गाड़ियों के संरक्षित संचालन कर्मचारी कल्याण पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरित पहल सहित अन्य सभी क्षेत्रों में पर्याप्त कदम उठाए हैं। एक और नया बदलाव रेल की कार्य शैली में भी आया है। आमजन आवश्यकताओं का




सकारात्मक निदान करना तथा कार्यों की प्राथमिकता तय करना तथा ऐसी परियोजनाओं में निवेश करना जिसका शीघ्र से शीघ्र जनता को फायदा मिल सके। जीएम ने बताया कि वर्ष 2021 22 चुनौतियों भरा वर्ष रहा है। इसकी शुरुआत कोविड की दूसरी लहर से हुई। जिसने न केवल अर्थव्यवस्था के सभी सेक्टरों को प्रभावित किया। बल्कि पूरी मानवता को अपनी चपेट में ले लिया था। विषम परिस्थिति में भारतीय रेल के अहम अंग उत्तर मध्य रेलवे ने राष्ट्र के आह्वान पर खरा उतरते हुए अपने सभी उपलब्ध साधनों के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और श्रमिकों को उनके घर पहुँचाने के लिए परिवाहन सुविधा उपलब्ध कराने में सराहनीय योगदान दिया।

जीएम प्रमोद कुमार ने समिति के सदस्यों को बताया कि उत्तर मध्य रेलवे में एक स्टेशन एक उत्पाद योजना को 25 मार्च 2022 को पायलेट के आधार पर लागू किया गया। इस योजना के अंतर्गत एक स्टेशन पर उस जगह शहर में प्रसिद्ध उत्पाद को बेचने हेतु स्टॉल का आवंटन किया जा रहा है। अबत क इस योजना हेतु 13 रेलवे स्टेशनों पर स्टालों का आवंटन कर दिया गया है। जीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि अवैध वेन्डरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 4988 अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की। अकारण अलार्म चेन पुलिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गत वित्तीय वर्ष में 3406 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। टिकटों की अवैध बिक्री तथा अवैध वैन्डिंग के खिलाफ चलाये गये अभियान में 140 अनधिकृत टिकट एजेंटों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही की गई। सदस्य जेड आरयूसीसी विअय अरोड़ा एवं प्रदुम जायसवाल ने प्रयागराज से लखनऊ शताब्दी ट्रेन तथा मुंबई दुरंतो के फेरों में वृद्धि की मांग की। कृष्ण गौतम ने टूंडला स्टेशन पर द्वितीय इंट्री के काम के लिए रेल प्रशासन को धन्यवाद किया। अलीगढ़ के सुनील पांडेय एवं रंजन उपाध्याय ने अलीगढ़ स्टेशन पर वंदेभारत ट्रेन के ठहराव की आवश्यकता जताई। सुनील सिंह परिहार ने ट्रेनो में डॉक्टर एवं पुलिस की व्यवस्था के साथ ही झांसी मैनपुरी ट्रेन की मांग की एवं नवल सिंह परमार ने आगरा के विभिन्न स्टेशनों पर पेयजल एवं खानपान से जुड़े पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट किया। चित्रकूट के ज्ञानेश्वर शुक्ला ने स्थानीय पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग जताई। प्रयागराज के ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव ने रेल प्रशासन के प्रयासों को सराहा और परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पुरा करने की बात कही ।बैठक में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस के सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राष्ट्रीय रेलवे उपयोगकर्ता व परामर्शदात्री समिति के सदस्य का हुआ चुनाव

**प्रयागराज।** बैठक के बाद राष्ट्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति के सदस्य का चुनाव भी सम्पन्न हुआ। चुनाव में तीन सदस्यों प्रदीप कुमार तिवारी सुनील सिंह परिहार एवं श्रीकृष्ण गौतम में से सम्मानित सदस्यों ने श्रीकृष्ण गौतम का चयन किया। चुनाव उप मुख्य कार्मिक अधिकारी एम के कुलश्रेष्ठ ने संपन्न कराया।

विषेष सचिव नगर ने किया गौशाला का निरीक्षण

# स्वनिधि पीएम योजना का छोटे दुकानदारों को मिले लाभ

● वेंडिंग जोन और नाले की साफ-सफाई का किया मुआयना

संवाददाता। सीतापुर




**विशेष सचिव** नगर विकास डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सीतापुर के बद्सगंज स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने वेंडिंग जोन और नाले की साफ सफाई का भी मुआयना किया। नर पालिका के ईओ वैभव त्रिपाठी को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने सिधौली नगर पंचायत के बहादुरपुर वार्ड स्थित कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में पशुओं की स्थिति व उनके चारे आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। गौशाला के निरीक्षण के बाद विशेष सचिव द्वारा बहादुरपुर वार्ड में नाली, सड़कें आदि का निरीक्षण किया गया तथा पीएम आवास के लाभार्थियों से भी मुलाकात की। इस मौके पर पीएम आवास के कनिष्ठ अभियंता विनोद शुक्ला, ईओ सर्वेश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष मीना राजपूत, प्रतिनिधि नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, जेई सुशील कुमार शर्मा, बाबू दीनू भास्कर आदि मौजूद थे।

## डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें एवं स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता भी देखें। नैमिष कारिडोर के निर्माण कार्य का आज ही निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग द्वारा जनपद सीतापुर में तहसील बिसवां के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम बढ़ईन का पुरवा, शेखपुर, पासिनपुरवा खालेपुरवा, बढ़ईडीह व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु स्टड का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। गौआश्रय स्थल के निर्माण से संबंधित कार्यों को तत्परतापूर्वक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में डीडीओ राकेश कुमार पांडेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## संयुक्त विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

**संयुक्त विकास** आयुक्त लखनऊ मण्डल श्रीकृष्ण त्रिपाठी ने ब्लॉक कसमंडा की ग्राम पंचायत जयरामपुर में अमृत सरोवर तालाब मे चल रहे कार्यों का स्थलीय जायजा लिया। इसके बाद पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। जयरामपुर में बने प्राचीन वंसीवट स्थान के महन्त से आशीर्वाद व प्रसाद लिया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कसमंडा अजीत यादव, ग्रापंचायत अधिकारी जयरामपुर हिमाली पाण्डे, दिनेश वर्मा, रवीकान्त शुक्ला, प्यारेलाल, जेई आरईडी नन्दकिशोर, टीए मनरेगा आनन्द मोहन अवस्थी, विक्रम श्रीवास्तव, दिलीप पाण्डे, सीके वर्मा व प्रधान सुनील कुमार मौजूद थे।

# किसान संगठन ने भी अग्निपथ योजना का शुरू कर दिया विरोध

● संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन शहीद पार्क से लालबाग चौराहे तक किया प्रदर्शन, हाथों में तख्तियां लेकर की नारेबाजी किया प्रदर्शन

**सीतापुर।** अग्निपथ योजना का सीतापुर में भी विरोध होना शुरू हो गया है, पहले सेना की तैयारी कर रहे युवाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा था इस बार किसान संयुक्त मोर्चा ने अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम सदर अनिल कुमार ज्ञापन सौंपा। पहले तो संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता लालबाग शहीद पार्क में एकत्रित हुए फिर हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और अग्निपथ योजना वापस लिए जाने को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन लालबाग चौराहे पर एसडीएम सदर को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह सहित भारी पुलिस बल भी मुस्तैद था। ज्ञापन देने वालों में किसान नेता पिंदर सिंह, शिवप्रकाश सिंह, संगतिन नेत्री ऋचा सिंह, रामबेटी, गुरूप्रीत सिंह, रामसहाय सहित तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

# गर्मी में लोगो को भा रहा स्काई वर्ल्ड



सीतापुर-शहर के नैपालापुर कैसरैला मार्ग पर स्थित स्काई वर्ल्ड लोगो को इस समय पसंद आ रहा है, उमस भरी गर्मी से बचने के लिए लोग मिनी वॉटर पार्क का सहारा लेकर मस्ती करते नजर आ रहे है। मैनेजर अजय मिश्रा दया ने बताया कि सीतापुर में लोगो की पहली पसंद यह स्काई वर्ल्ड बन चुका है, सभी सुविधाएं भी दी जा रही है।

# न्यायाधीश ने किया कारागार का निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

● अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की हुई बैठक



संवाददाता। सीतापुर

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक हुई। इसके बाद जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुदेश कुमारी भी मौजूद रही। जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार मे महिला बैरक, किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की। बन्दियों की छोटी-छोटी समस्याओं को ध्यान से सुना तथा तुरन्त निराकरण करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। पाकशाला और जेल लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया, जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद दोनो पीएलवी से उनके कार्यो के बारे में व नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा व रजिस्टर जांचे। इस मौके पर जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर रणन्जय सिंह आदि मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### वृद्धाश्रम में वितरित किए फल

**सीतापुर।** अटरिया क्षेत्र के गुलरिहा मार्ग पर स्थित साईं सीनियर सिटीजन वृद्धाश्रम में वृद्ध महिलाओं व पुरुषों के बीच डॉ बिनीता श्रीवास्तव द्वारा आम के फलों का वितरण किया गया। सिधौली में स्थित कमला क्लिनिक की संस्थापिका डॉ बिनीता श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी माता स्व. पूर्णिमा सिन्हा की 17 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में साईं सीनियर सिटीजन वृद्ध आश्रम में रहने वाले पुरुषों व महिलाओं को फल वितरित किया गया। इस अवसर पर साईं सीनियर सिटीजन वृद्धाश्रम' की व्यवस्थापिका शोभना शर्मा, केडी तिवारी, रामजी तिवारी, रमेश सैनी, शिवेंद्र सहाय, अमिता शर्मा, प्रखर श्रीवास्तव अभिषेक शुक्ला मौजूद थे।

### एलडीबी के दो बड़े बकाएदार भेजे गये जेल

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील के 2 किसानों ने भूमि विकास बैंक मोहम्मदी से कृषि कार्य हेतु लोन लिया था परंतु लोन अदा नहीं कर पाए। उसके उपरांत भूमि विकास बैंक ने दोनों किसानों के नाम आरसी जारी कर दी। उसके उपरांत हरपाल सिंह हरनामदास निवासी 6034855 रूपये तथा सुरेश कुमार गौबलिया आलम 3040816 रुपया बकाया था राजस्व टीम व बैंक टीम ने दोनों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि इन दोनों किसानों पर बड़ी रकम सरकार की बकाया थी जिन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजा गया है। जेल जाने से पूर्व दोनों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है। उन्होंने बताया कि अगर इन दिवसों में किसान के परिवार वाले धनराशि जमा करते हैं तो जेल से रिहा हो जाएंगे। कुल मिलाकर इन 2 किसानों के जेल जाने से अन्य बकायेदारों में हड़कंप मचा है।

### खराब-खटारा स्कूली वाहनों का संचालन मिला तो होगी सख्त कार्रवाई: एआरटीओ

**लखीमपुर खीरी।** परिवहन आयुक्त उप्र प्रमुख सचिव से वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्राप्त निर्देश के क्रम में सभी ऐसे स्कूल वाहनों की जाँच निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाना है तथा मात्र ऐसे वाहनों को ही मार्ग पर संचालित होने की अनुमति प्रदान की गयी जिनका निर्माण रख-रखाव निर्धारित मानक के अनुरूप होगा। उक्त आशय की जानकारी एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने दी। उक्त के दृष्टिगत सभी स्कूल प्रबन्धनों वाहन स्वामियों को निर्देशित किया कि यदि बच्चे खराब एवं खटारा वाहनों में सवार मिले तो वाहन को सीज कर सम्बन्धित स्कूल की मान्यता को निरस्त करने हेतु पत्र भेजकर मान्यता रद्द करने की संस्तुति भी की जायेगी तथा सम्बन्धित स्कूलों प्रबन्धक मालिक एवं वाहन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा क्योंकि बच्चों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है। एआरटीओ ने अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए जनपद के समस्त स्कूल प्रबन्धनों स्कूल वाहन स्वामियों को निर्देशित किया कि अपने स्कूल वाहनों को एक सप्ताह के अन्दर निरीक्षण के लिए परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें।

# अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा चलाए जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम व गिरफ्तारी वांछित/वारंटी के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन व मुझ प्रभारी निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ल के निर्देशन में आज दिनांक 24.06.2022 को सुबह उनि अभिषेक कुमार पाण्डेय मय पुलिस फोर्स द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारंटीए संदिग्ध वाहनध्व्यक्ति चेकिंग के दौरान अभियुक्त सिराज पुत्र अली मोहम्मद उम्र करीब 26 वर्ष निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना धौरहरा जिला खीरी को टेकीकुंडा कर्बला के पास से समय 6:20 बजे एक अदद अवैध छूरा के साथ गिरफ्तार किया गयाए अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 380/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सिराज पुत्र अली मोहम्मद उम्र करीब 26 वर्ष निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना धौरहरा जिला खीरी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि अभिषेक कुमार पाण्डेय व कांस्टेबल अक्षय राणा शामिल रहे।

# रेलवे स्टेशन पर गंदगी देख भड़कीं डीआरएम

संवाददाता। मैलानी-खीरी



**लखनऊ डीआरएम** मोनिका अग्निहोत्री अपने अधीस्थ कर्मचारियों के दोपहर लगभग 14:30 बजे तिकुनियां से चलकर मैलानी पहुंची। आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे पेय जल का जायजा लिया। तदुपरान्त प्रतीक्षालयों का निरिक्षण किया तथा मैलानी रेल्वे स्टेशन के पीछे बने पार्क के सुसज्जित फव्वारे वाले बने वाटर पार्क में मौजूद गंदगी को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह की गन्दगी ना ही राष्ट्रहित में न समाज हित में। अच्छी गन्दगी करने वालों के विरुद्ध रेल्वे एक्ट के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि विगत वर्ष रेल्वे ट्रेक टूटने से जहा रेल्वे को काफी नुकसान हुआ है। वहीं यात्रियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। इस बार हम लोग आने वाली बाढ़ से रेल्वे ट्रेक के बचाव सम्बंधित व्यवस्था कराई जा रही। साथ ही उन्होंने बताया कि मैलानी से बाँके गंज के बीच वन विभाग द्वारा एनओसी भी जल्द ही मिलने की सम्भावना है जिससे रेल विद्युतीकरण के चलते ट्रेनों का संचालन बढ़ा दिया जाएगा। इसी क्रम में भाजपा नेता आनन्द कुमार मौर्य सुरेन्द्र मिश्र ने रेल लाइन को बाढ़ से बचाने तथा ट्रेनों की संख्या बढाने हेतु ज्ञापन भी सौपा। इस मौके पर विद्युत सेक्सन इंजीनियर जगजीवन लाल गुप्ता एई एन लाल बहादुर आईओडब्ल्यू व आरपीएफ प्रभारी निरिक्षक विष्णु सिंह सहित तमाम रेल्वे कर्मचारी मौजूद रहें।

## गांजे के साथ एक गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्त मुकेश पुत्र रघुबीर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण‚ बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज शुक्रवार को थाना फरधान पुलिस द्वारा अभियुक्त मुकेश पुत्र रघुबीर को 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इसके संबंध में थाना फरधान पर मुअसं 287/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मोहम्मद मुस्तकाए हेड कां कृष्ण आशीष यादवए हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह व कांस्टेबल कुमार गौरव शर्मा शामिल रहे।

# कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर को दिया गया टीबी का प्रशिक्षण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**राष्ट्रीय क्षय** रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 37 सीएचओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें टीबी से संबंधित जानकारियां सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता एसएमओ डॉ. रजत अवस्थी व एमओटीसी डॉ. शोएब द्वारा दिया गया।

सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है इसी के तहत गांव.गांव में बने कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर तैनात सीएचओ को टीबी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान ड्रग सेंसटिव टीबी यानी ;नए टीबी के मरीजद्ध खोजने और उनके इलाज के बारे में विस्तार से विशेषज्ञ डॉक्टरों को बताया गया। इस प्रशिक्षण का महत्व इसलिए भी अहम है क्योंकि यह सभी अपने.अपने क्षेत्र में इन के माध्यम से टीबी के नए मरीजों को आसानी से खोजा जा सकेगें। साथ ही इन सभी को उन्हें फॉलो करने और इलाज की बारीकियोंए दवाओं के बारे में भी बताया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डीबीटी के माध्यम से पेमेंट, एमडीआर की जांच जो सभी ब्लॉक्स पर होती है। इसके बाद जिला क्षय रोग अधिकारी डॉण् अनिल कुमार गुप्ता द्वारा ड्रग रजिस्टेंस टीबी के बारे में बताया जाएगा। यह टीबी उन मरीजों में होती है जो पहले टीबी की दवा खा चुके हैं और दोबारा उससे किसी भी कारण से प्रभावित हुए हैं ऐसे मरीजों को चिन्हित कर उनका सही इलाज होना बेहद जरूरी है। जिससे टीबी के फैलाव को रोका जा सके। वहीं इन सभी को संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उनकी जांच कर आवश्यकता अनुसार उनके इलाज और बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई है। इस दौरान डीपीएम अनिल यादव सहित संजय राय, शिखर बाजपाई, रणजीत सिंह, सचिन मिश्रा, ऐश्वर्या वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा के मंदिर में शिक्षक ने महिला शिक्षामित्र को पीटा

संवाददाता। मैलानी-खीरी

**जहां एक** तरफ विद्यालय को एक शिक्षा मंदिर भी कहा जाता है लेकिन जब वहां के अध्यापक उस विद्यालय को एक अखाड़ा बना दे तो उस विधालय मे शिक्षा गृहण करने वाले छात्र छात्राओं पर इसका क्या असर पड़ेगा। यह जनपद के खीरी थाने के अंतर्गत आने वाले गांव गाव महंगू खेड़ा विद्यालय का है। एक शिक्षक ने इसी विधालय की एक महिला शिक्षामित्र को कर दी चप्पलों से पिटाई। रजिस्टर पर साइन को लेकर हुआ विवाद था। थाना खीरी के महंगू खेड़ा विद्यालय की घटना का वीडियो वायरल हुआ। जब संबंध में जब पायनियर संवाद ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से इस प्रकरण को लेकर कार्यवाही के सम्बन्ध मे बात की तो उन्होंने बताया कि शिक्षक अजीत को घटना मे दोषी पाये पर निलम्बित कर दिया गया है।

# पावर लिफ्टिंग में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

● एक गोल्ड व सिल्वर मेडल पाकर जनपद का खिलाड़ियों ने नाम किया रोशन

संवाददाता। सीतापुर



**हाल ही में** पावरलिफ्टिंग और बेंच प्रेस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कानपुर में किया गया था जिसमे सीतापुर के कई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और जनपद का नाम सुनहरे अक्षरों में रोशन किया। सीतापुर के राजदीपक श्रीवास्तव ने बेंच प्रेस में 1 गोल्ड मेडल व 1 सिल्वर मेडल और आर्यन तिवारी ने पावरलिफ्टिंग ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। पारस मित्तल व अभिषेक कौसीधन ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर सीतापुर पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री ने बॉडीलाइन जिम में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर ट्रैकसूट व अन्य उपयोगी वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की। प्रभात ने कहा की वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग के कई आयोजन पहले भी करवा चुके है उन्ही आयोजनों से ये प्रतिभाएं निकल कर सामने आई जिन्होंने आज जनपद का नाम पूरे देश में रोशन किया है भविष्य में भी पावरलिफ्टिंग से संबंधित कार्यक्रम होते रहेगें और सीतापुर में नई नई प्रतिभाएं निकलती रहेंगी। इस मौके पर युवा समाजसेवी सागर गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को सिप्पर व जिम बैग उपहार स्वरूप भेंट किया कार्यक्रम में डॉक्टर तरुण सैगल, डॉक्टर शक्ति सैहगल, डॉक्टर शिवांगी मुराका,प्रिंस, अभिषेक अवस्थी,जाकिर आदि लोग उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र में राकांपा, कांग्रेस द्वारा नियंत्रित विभागों ने कई सरकारी आदेश जारी किए

● हजारों करोड़ मूल्य के विकास संबंधी कार्यों के लिए निधि जारी करने के आदेश

**भाषा।** मुंबई

**पार्टी नेता** एकनाथ शिंदे की बगावत के कारण शिवसेना के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार के अस्तित्व पर छाए संकट के बीच प्रदेश सरकार के विभागों द्वारा बीते चार दिनों में हजारों करोड़ रुपए मूल्य के विकास संबंधी कार्यों के लिए निधि जारी करने के आदेश दिए गए। इन विभागों में अधिकतर गठबंधन सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के नियंत्रण वाले हैं। महाराष्ट्र की एमवीए सरकार में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस शामिल है। ये आदेश सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद हैं। 20 से 23 जून के बीच विभागों ने 182 सरकारी आदेश (जीआर) जारी किए, जबकि 17 जून को उन्होंने 107 ऐसे जीआर पारित किए। तकनीकी तौर पर इन्हें सरकारी प्रस्ताव (जीआर) कहा जाता है जो विकास संबंधी कार्यों के लिए कोष जारी करने की मंजूरी देने वाला एक अनिवार्य अनुमोदन आदेश होता है। वहीं, विपक्षी भाजपा ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से पिछले कुछ दिनों में दिखी जीआर की हड़बड़ी को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग की और इसे संदिग्ध करार दिया।

महाराष्ट्र की एमवीए सरकार 2019 में सत्ता में आने के बाद से, अभी तक के सबसे खराब दौर से गुजर रही है। शिवसेना के वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के कुछ बागी विधायकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित असम में डेरा डाले हैं। यह संकट 20 जून को विधान परिषद के चुनावों के कुछ घंटों बाद छाया, जब विपक्षी भाजपा अपने पांचवें उम्मीदवार को जितवाने में सफल रही। नतीजे आने के बाद शिंदे से संपर्क नहीं हो पाया। वह और बागी विधायकों का एक समूह पहले गुजरात में रहा, लेकिन बाद में वे सभी असम चले गए। फिलहाल वह गुवाहाटी के एक होटल में शिवसेना के 37 बागी विधायकों और नौ निर्दलीय विधायकों के साथ डेरा डाले हुए हैं।

सूत्रों ने बताया कि हालांकि शिंदे का विद्रोह 21 जून को सुबह सभी के सामने आया, लेकिन उनकी बढ़ती बेचैनी को शिवसेना के सहयोगी राकांपा और कांग्रेस ने पहले ही भांप लिया था। राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने भी दावा किया है कि उन्होंने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को शिंदे और कुछ अन्य विधायकों के बागी रुख अपनाने को लेकर पहले ही आगाह किया था। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ सहयोगी के लिए आने वाली चुनौतियों को पहले ही भांप लेने के बाद, इन दलों द्वारा नियंत्रित राज्य के विभागों में जीआर जारी करने की होड़ नजर आई।

शिवसेना के गुलाबराव पाटिल के नियंत्रण वाले जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग ने 17 जून को एक ही दिन में 84 से अधिक जीआर जारी किए। इनमें से अधिकतर आदेश धन की मंजूरी, प्रशासनिक मंजूरी और विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं पर काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन से संबंधित थे। पाटिल शिवसेना के उन आखिरी विधायकों में से हैं, जिन्होंने गुवाहाटी पहुंचकर शिंदे से हाथ मिला लिया है। गौरतलब है कि 17 जून को शुक्रवार था और विधान परिषद के चुनाव सोमवार को हुए। आंकड़ों के अनुसार, 20 से 23 जून के बीच, सोमवार को सबसे कम 28 जीआर जारी किए गए। अगले दिन 21 जून को 66 जीआर जारी किए गए। पिछले दो दिन में 22 और 23 जून को सरकार ने क्रमश: 44 और 43 आदेश जारी किए। सोमवार से राकांपा और कांग्रेस के नियंत्रण वाले विभागों में जीआर जारी करने की होड़ मच गई और इस अवधि में जारी 182 आदेशों में से 70 प्रतिशत से अधिक आदेश इन दलों द्वारा नियंत्रित विभागों ने ही जारी किए।

राकांपा द्वारा नियंत्रित सामाजिक न्याय, जल संसाधन, कौशल विकास, आवास विकास, वित्त और गृह जैसे विभागों ने अधिकतम जीआर जारी किए हैं। कांग्रेस द्वारा नियंत्रित जनजातीय विकास, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, स्कूली शिक्षा, ओबीसी और मत्स्य पालन आदि विभागों ने भी कुछ जीआर जारी किए। निर्दलीय विधायक एवं मंत्री शंकरराव गडक द्वारा नियंत्रित मृदा संरक्षण विभाग ने लगभग 20 आदेश पारित किए। आंकड़ों के अनुसार, पिछले चार दिन में शिवसेना द्वारा नियंत्रित विभागों ने कुछ ही जीआर जारी किए। ए जीआर मंत्री सुभाष देसाई द्वारा नियंत्रित उद्योग विभाग, मराठी भाषा विभाग और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे द्वारा नियंत्रित पर्यटन विभाग की ओर से जारी किए गए, लेकिन इन तीन के अलावा शिवसेना द्वारा नियंत्रित किसी अन्य विभाग ने कोई जीआर जारी नहीं किया।

कांग्रेस द्वारा नियंत्रित राज्य जनजातीय विकास विभाग द्वारा कुल 1,000 करोड़ रुपए से अधिक के जीआर जारी किए गए। राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं राकांपा नेता अजीत पवार के नियंत्रण वाले वित्त विभाग की ओर से जारी एक जीआर के बाद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि बढ़कर कुल 319 करोड़ रुपए हो गई है। इस बीच, राज्य के भाजपा नेता प्रवीण दारेकर ने शुक्रवार को राज्यपाल कोश्यारी से हस्तक्षेप करने और सरकार द्वारा पारित जीआर की भीड़ पर अंकुश लगाने की अपील की।

कोश्यारी को लिखे एक पत्र में, दारेकर ने कहा, पिछले 48 घंटों में एमवीए द्वारा लगभग 160 सरकारी प्रस्ताव जारी किए गए, जो संदिग्ध लग रहे हैं। मैं आपसे इस मामले में हस्तक्षेप करने और इस पर अंकुश लगाने का अनुरोध करता हूं। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि गृह विभाग सहित राज्य के कुछ प्रमुख अधिकारियों के तबादले की योजना है। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते होंगे कि इस तरह के संदिग्ध तबादलों के कारण, पूर्व गृह मंत्री अब जेल में हैं। जीआर के लिए चल रही होड़ गंभीर और संदिग्ध है। एमवीए सरकार ने पिछले कुछ दिनों में अभूतपूर्व गति से निर्णय लिए हैं, जो कि उसके पिछले ढाई साल के पूरे कार्यकाल के दौरान देखने को नहीं मिले थे।

# जम्मू कश्मीर प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में नौ सरकारी कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में पांच अधिकारियों समेत नौ सरकारी कर्मचारियों को शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया। सभी कर्मचारियों को जम्मू कश्मीर सिविल सेवा नियमन के 226 (2) अनुच्छेद के तहत बर्खास्त कर दिया गया है, जो प्रशासन को 22 साल की सेवा पूरी करने या 48 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद किसी भी समय सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त करने की अनुमति देता है। ए सभी कर्मचारी आवास एवं शहरी विकास विभाग के हैं। उन्होंने कहा कि बर्खास्त किए गए अधिकारियों के खिलाफ विभागीय समितियों द्वारा आरोपों की पुष्टि की गई है। अनुच्छेद 226 (2) के तहत नामित समीक्षा समिति द्वारा उन आरोपों की पुष्टि की गई जिनमें धन का दुरुपयोग, अभिलेखों का मिथ्याकरण, फर्जी बिल बनाना, अवैध निर्माण की अनुमति देना और अवैध नियुक्तियां करना शामिल है। ज्यादातर अधिकारियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा जांच का सामना करना पड़ा है और सरकार ने उन्हें निलंबित भी कर दिया है।

बर्खास्त किए गए लोगों में श्रीनगर नगर निगम (एसएमसी) के वरिष्ठ अधिकारी मेहराज-उद्दीन-बुजा, नगर परिषद अनंतनाग के कार्यकारी अधिकारी गुलाम मोहिउद्दीन मलिक, नगर समिति शोपियां के सहायक स्वच्छता अधिकारी शब्बीर अहमद वानी, एमसी डोडा के स्वच्छता पर्यवेक्षक जाकिर अली, एमसी बनिहाल के प्रधान सहायक अब्दुल लतीफ, एमसी डोडा के वरिष्ठ सहायक सुकेश कुमार, शहरी स्थानीय निकाय कश्मीर के प्रभारी सचिव गौहर अली तुगू, शहरी स्थानीय निकाय कश्मीर के सचिव शगुफ्ता फाजिल और एमसी रियासी के बिजली मिस्त्री (इलेक्ट्रीशियन) ठाकुर दास शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर भ्रष्टाचार, अवैध नियुक्तियों और गबन के मामलों में शामिल रहे हैं।


नई दिल्ली में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हिमांचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा और अन्य नेतागण एनडीए द्वारा राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के नामांकन के अवसर पर पहुंचे

# राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू के राजग का उम्मीदवार बनने से अब जनजातियों पर नजर

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अब ध्यान जनजातियों पर टिक गया है, जिनका देश की आबादी में 8.67 फीसदी हिस्सा है। मुर्मू ओडिशा के संथाल समुदाय से हैं, जो भारत का तीसरा सबसे बड़ा जनजातीय समूह है। यदि मुर्मू राष्ट्रपति बनती हैं, तो राजनीति दल जनजातीय समुदाय को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। पर्यवेक्षकों को लगता है कि मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को ओडिशा विधानसभा चुनाव में फायदा होगा, जहां जनजातीय लोगों की अच्छी संख्या है खासकर संथालों की।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक मुर्मू के चयन को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति के हिस्से के रूप में भी देखा जा सकता है, जहां जनजातीय आबादी कुल आबादी के 22 प्रतिशत से अधिक है। संथाल समुदाय में जन्मीं मुर्मू वर्ष 1997 में ओडिशा के रायरंगपुर नगर पंचायत में पार्षद रही हैं। वह वर्ष 2000 में बीजद-भाजपा गठबंधन सरकार में मंत्री बनीं और वर्ष 2015 में झारखंड में भगवा पार्टी की सरकार के समय वहां की राज्यपाल बनीं। 2017 में 1976 संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले विधेयक लौटा दिए थे। इस विधेयक में यह सुनिश्चित करते हुए जनजातियों को अपनी भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने का अधिकार देने की मांग की गई थी कि भूमि का स्वामित्व नहीं बदला जाएगा।

यह अधिनियम पश्चिम बंगाल के साथ झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्र में गैर-जनजातियों को जनजातीय भूमि की बिक्री पर रोक लगाता है। उत्कल विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर स्मिता नायक ने पीटीआई-भाषा को बताया यह साबित करता है कि मुर्मू भाजपा के दबाव के बावजूद संविधान के अनुसार काम कर सकती हैं। आम तौर पर भाजपा में महिला नेताओं को पद मिलते हैं और वे सशक्त होती हैं। मुझे लगता है कि मुर्मू को भी काम करने की आजादी मिलेगी। नायक ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल किसी महिला और आदिवासी का सीधे तौर पर विरोध नहीं कर सकता। यदि वह राष्ट्रपति के रूप में चुनी जाती हैं, तो कोई भी राजनीतिक दल आदिवासियों की उपेक्षा नहीं कर सकता है। ओडिशा के 147 विधानसभा क्षेत्रों और 21 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जनजातीय समुदाय के लोगों का प्रतिनिधित्व क्रमश: 33 और पांच है। इन पांच लोकसभा सीट में से दो-दो सीट पर बीजद और भाजपा का कब्जा है, जबकि कोरापुट सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने राज्य विधानसभा के सभी सदस्यों से मुर्मू को ओडिशा की बेटी के रूप में सर्वसम्मति से समर्थन देने का आग्रह किया।

## क्विक न्यूज

### बारात में नहीं ले जाने पर दोस्त ने दूल्हे को मानहानि का नोटिस भिजवाया

**हरिद्वार।** निमंत्रण देने के बावजूद बारात में नहीं ले जाने पर एक युवक ने अपने दूल्हे दोस्त पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपए का मानहानि का नोटिस भेज दिया है। हरिद्वार के अधिवक्ता अरुण भदौरिया ने बताया कि हरिद्वार के बलदाराबाद निवासी रवि नामक युवक ने अन्य लोगों के साथ साथ अपने दोस्त चंद्रशेखर को विवाह का न्यौता दिया था और बारात में भी चलने के लिए कहा था। दूल्हा रवि अपने दोस्त को छोड़कर कथित रूप से समय से पहले ही बारात लेकर चला गया और जब चंद्रशेखर समय पर बारात में जाने के लिए पहुंचा तो देखा कि वहां कोई नहीं था। पता चला कि बारात तो जा चुकी थी। अधिवक्ता ने बताया कि इस बात को चंद्रशेखर ने अपना अपमान समझा और वह इस कदर मानसिक तनाव में आ गया कि आत्महत्या करने की सोचने लगा और दूल्हे पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपए के मानहानि का कानूनी नोटिस भेज दिया। चंद्रशेखर के वकील के अनुसार चंद्रशेखर ने जब अपने दोस्त रवि को फोन किया तो उसने कहा की वह तो बारात लेकर निकल गए है और अब आप लोगों को अब बारात में आने की कोई जरूरत नहीं है। अब आप लोग अपने घर जाओ। वकील भदौरिया का कहना है की चंद्रशेखर बहुत ज्यादा मानसिक तनाव में आ गया था और वह इस अपमान को सहन नहीं कर पा रहा था। उन्होंने बताया कि इस अपमान को लेकर न्याय दिलाने का भरोसा देकर उन्होंने चंद्रशेखर को आत्महत्या करने से रोका। चंद्रशेखर ने अपने दोस्त दूल्हे को फोन करके मानहानि का नोटिस भेजने की बात बताई। मगर इसके बाद भी उसके दोस्त ने जब उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया तो उसने दूल्हे को 50 लाख रुपए का मानहानि का कानूनी नोटिस भेजते हुए तीन दिन में सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### मेरे पास हवाला का पैसा कहां है? : कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख शिवकुमार

**बेंगलुरु।** धन शोधन मामले में अगले हफ्ते दिल्ली की एक अदालत में पेश होने वाले कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके पास हवाला का कोई पैसा नहीं है और अदालत मामले पर फैसला करेगी। दिल्ली की एक अदालत ने पिछले महीने उन्हें और अन्य को 2018 में उनके खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में तलब किया था। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपने विशेष लोक अभियोजक नितेश राणा के माध्यम से मामले में शिवकुमार और अन्य के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस नेता को एक जुलाई को पेश होने का निर्देश दिया। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया, ईडी ने अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया है। उन्हें छह महीने में ऐसा करना था, लेकिन सालों बाद, उन्होंने अब आरोप-पत्र दाखिल किया है। इसलिए, मुझे 31 जून (एक जुलाई) के लिए सम्मन दिया गया है, मैं जाऊंगा। आरोप-पत्र में उनसे जुड़ी हवाला की रकम के संदर्भ में रिपोर्ट के बारे में एक सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा, मेरे पास (हवाला की रकम) कहां है? अदालत उन सभी चीजो पर फैसला करेगी। शिवकुमार को ईडी ने इस मामले में तीन सितंबर, 2019 को गिरफ्तार किया था और 23 अक्टूबर, 2019 को दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हे जमानत दे दी थी। यह मामला आयकर विभाग द्वारा शिवकुमार और अन्य के खिलाफ पिछले साल बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में कथित कर चोरी और करोड़ो रुपए के हवाला लेनदेन के आरोप में दायर आरोपपत्र पर आधारित है।

### भाजपा समर्थक दो निर्दलीय विधायकों ने की विधानसभा उपाध्यक्ष को हटाने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा के समर्थक दो विधायकों ने शुक्रवार को शिवसेना विधायक अजय चौधरी को पार्टी विधायक दल का नया नेता नियुक्त किए जाने को विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल की मंजूरी मिलने पर आपत्ति जताई। निर्दलीय विधायकों योगेश बाल्दी और विनोद अग्रवाल ने इस फैसले को लेकर जिरवाल को पद से हटाने की मांग की। बाल्दी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, विधानसभा उपाध्यक्ष ऐसे निर्णय नही ले सकते क्योंकि यह अध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है। हम जल्द ही इस संबंध मे कानूनी कदम उठाएंगे। हालांकि, विधान भवन के पूर्व प्रधान सचिव डॉ. अनंत कलसे ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 180 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष का पद खाली होने पर उपाध्यक्ष निर्णय ले सकते हैं। मुझे नही लगता कि निर्दलीय विधायकों की यह मांग अदालत में टिक सकती है। कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष बनने के बाद फरवरी 2021 में विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से यह पद खाली है। जिरवाल ने एकनाथ शिंदे की जगह अजय चौधरी को शिवसेना विधायक दल का नेता नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दी है।


जबलपुर में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीरांगना रानी दुर्गावती दिवस के अवसर पर बैगा समुदाय के साथ मीटिंग करते हुए

# भारत ने भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान को भेजी 27 टन आपात राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान के लोगों की मदद के लिए सबसे पहले सहायता प्रदान करते हुए दो विमानों से वहां 27 टन आपात राहत सामग्री भेजी है। विदेश मंत्रालय के शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, अफगानिस्तान में 22 जून को आए शक्तिशाली भूकंप के कारण व्यापक तबाही एवं जानमाल का नुकसान हुआ है। बयान के मुताबिक, भारत सरकार ने सबसे पहले सहायता प्रदान करते हुए दो विमानों से वहां 27 टन आपात राहत सामग्री काबुल भेजी जिसमें तंबू, स्लीपिंग बैग, कंबल, चटाई आदि शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि राहत सामग्री की खेप काबुल में मानवीय सहायता मामलों संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओसीएचए) और अफगान रेड क्रीसेंट सोसाइटी (एआरसीएस) को सौंपी जाएगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, संकट की इस घड़ी में अफगानिस्तान के लोगों के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है।

# भाजपा के जायसवाल और जदयू के कुशवाहा में वाकयुद्ध

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल और जनता दल (यूनाइटेड)संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वाकयुद्ध छिड़ गया। जायसवाल द्वारा फेसबुक पर लिखी गई एक पोस्ट के बाद दोनों के बीच वार-पलटवार शुरू हुआ। जायसवाल ने फेसबुक पोस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा का नाम लिए बिना कटाक्ष किया, बिहार के विभिन्न जिलों में केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन मिल जाए इसके लिए नेताजी ने आंदोलन किया था। शिक्षा में सुधार हो इसके लिए अपने अनुयायियों से हर जिले में धरना व प्रदर्शन करवाया और अंतत: नेताजी स्वयं सफल हो गए।

जायसवाल की यह टिप्पणी कुशवाहा के अपनी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के जदयू में विलय करने के परोक्ष संदर्भ में थी, जिसमें उन्हें पार्टी का शीर्ष पद और बिहार विधान परिषद की सदस्यता मिली। कुशवाहा ने पिछले हफ्ते जायसवाल की तुलना एक रोते-बिलखते बच्चे से की थी, जब भाजपा नेता ने अग्निपथ विरोधी भीड़ द्वारा उनके घर में तोड़फोड़ पर नाराजगी जताई थी। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते भाजपा नेता जायसवाल द्वारा अग्निपथ विरोधी भीड़ द्वारा उनके घर में की गई तोड़फोड़ पर नाराजगी जताए जाने पर कुशवाहा ने उनकी तुलना एक रोते-बिलखते बच्चे से की थी। जायसवाल की पोस्ट को साझा करते हुए कुशवाहा ने ट्वीट कर पलटवार किया। कुशवाहा ने ट्वीट कर कहा, भाई जी, मेरे उस आंदोलन में आपको क्या ग़लत दिखा। जहां तक मेरी भूमिका का सवाल है, सत्ताधारी दल के सदस्य की मर्यादा और विपक्ष के सदस्य के रूप में किसी व्यक्ति का क्या दायित्व होता है इसका ज्ञान तो संभवत: आपको होगा ही। अगर नहीं है तो आपको बहुत ट्रेनिंग की जरूरत है।

# जकिया की याचिका पर आए फैसले के बाद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा

**भाषा।** पटना

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को 2002 के गुजरात दंगों के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष जांच दल (एसआईटी) की क्लीन चिट को बरकरार रखने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। साथ ही कहा कि पूर्वाग्रह एवं वैमनस्यता से ग्रसित होकर पिछले 20 वर्षों से लगातार साजिशें रच रही एक कॉटेज इंडस्ट्री को करारा जवाब मिला है।



उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायालय ने इसके साथ ही कहा कि इन आरोपों के समर्थन में पुख्ता तथ्य उपलब्ध नहीं हैं कि 2002 के गोधरा दंगों को गुजरात में सर्वोच्च स्तर पर रची गई आपराधिक साजिश के कारण पूर्व-नियोजित घटना कहा जाए।

यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस नेता एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जकिया जाफरी की याचिका के मामले में देश की सर्वोच्च अदालत का जो ऐतिहासिक फैसला आया है, उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ रची गई साजिशों को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है।

उन्होंने कहा, सच्चाई की हमेशा जीत होती है। अब विपक्षी दल अपनी नफरत की दुकानें बंद कर देंगे जो वे पिछले 20 वर्षों से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चला रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर कांग्रेस द्वारा नियुक्त आयोगों, मीडिया संस्थानों, कथित विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों सहित उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी द्वारा पिछले 20 वर्षों से नरेंद्र मोदी के खिलाफ 60 से अधिक जांच की गईं। भाजपा नेता ने कहा, आज मैं कांग्रेस, वामपंथी दलों, तथाकथित लिबरल गैंग्स और कॉटेज इंडस्ट्री से पूछना चाहता हूं कि आपने 20 वर्षों से नरेंद्र मोदी के विरोध के नाम पर अपनी दुकान चला रखी है। हर बार आप अपने नापाक इरादों में असफल हुए हैं और कितने दिन आप झूठ की दुकान चलाएंगे?

# दोहरी नेतृत्व प्रणाली प्रभावी नही, पनीरसेल्वम पार्टी संयोजक नही रहे: अन्नाद्रमुक

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के ई.के. पलानीस्वामी गुट ने शुक्रवार को कहा कि समन्वयक ओ. पनीरसेल्वम और संयुक्त समन्वयक ई.के पलानीस्वामी को अलग-अलग शक्तियां प्रदान करने वाली दोहरी नेतृत्व प्रणाली अब प्रभावी नहीं है। एक दिन पहले हुई अन्नाद्रमुक की आम परिषद की बैठक में पलानीस्वामी गुट के एकल नेतृत्व पर अड़े रहने के बाद यह घोषणा की गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पलानीस्वामी के विश्वस्त सी.वी. षणमुगम ने कहा कि दोहरे नेतृत्व को लेकर एक दिसंबर 2021 को पार्टी नियमों में हुए संशोधनों को 23 जून, 2022 को हुई आम परिषद की बैठक में मंजूरी नहीं मिली है। अन्नाद्रमुक ने पिछले साल दोहरी नेतृत्व प्रणाली को बरकरार रखने और उसे मजबूती प्रदान करने के लिए नियमों में संशोधन किया था। नियमों में संशोधन के बाद पनीरसेल्वम को निर्विरोध समन्वयक और पलानीस्वामी को संयुक्त समन्वयक घोषित किया गया था।

षणमुगम ने संवाददाताओं से कहा कि इस तरह के संशोधनों ने यह अनिवार्य कर दिया था कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक के दो शीर्ष पदों पर प्रत्याशियों का चुनाव पार्टी के प्राथमिक सदस्यों के वोट से किया जाना चाहिए। चूंकि पार्टी के दो शीर्ष पदों से संबंधित इन संशोधनों को बृहस्पतिवार को आम परिषद की तरफ से मान्यता और समर्थन नहीं मिला, इसलिए ए शीर्ष दो पद अब समाप्त हो गए हैं। लिहाजा पनीरसेल्वम अब समन्वयक और पलानीस्वामी संयुक्त-समन्वयक नहीं हैं। पूर्व कानून मंत्री षणमुगम ने पार्टी की नियमावली का हवाला देते हुए कहा कि दोनों अपने अपने अन्य पदों पनीरसेल्वम (कोषाध्यक्ष) और पलानीस्वामी (मुख्यालय सचिव) पर बने रहेंगे। षणमुगम के बयान से साफ होता है कि पलानीस्वामी का गुट उन्हें 11 जुलाई को फिर से होने वाली आम परिषद की बैठक में सर्वोच्च नेता बनाने की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर अडिग है।


कामरूप में एनडीआरएफ की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षित स्थान पर लोगों को ले जाते हुए।

जॉनसन को एक और झटका

# कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख ने दिया इस्तीफा

● दो सीटों पर हुए उप चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार

● शेष कैबिनेट भी जा सकती है ओलिवर डाउडेन के समर्थन



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को उस समय तीन बड़े झटके लगे, जब उनकी कंजर्वेटिव पार्टी दो अहम संसदीय क्षेत्रों में उपचुनाव हार गई और इसके बाद उनकी पार्टी के अध्यक्ष एवं उनके निकट सहयोगी ने इस्तीफा दे दिया। दक्षिण-पश्चिमी निर्वाचन क्षेत्र टिवर्टन और होनिटोन में बृहस्पतिवार को लिबरल डेमोक्रेट्स ने जीत दर्ज की, जबकि उत्तरी इंग्लैंड का वेकफील्ड निर्वाचन क्षेत्र मुख्य विपक्षी दल लेबर पार्टी के खाते में गया। डाउनिंग स्ट्रीट में कोविड-19 संबंधी कानूनों का उल्लंघन करने वाले समारोह आयोजित करने संबंधी पार्टीगेट घोटाले के मद्देनजर, इन चुनाव को पार्टी में 58 वर्षीय जॉनसन के नेतृत्व के लिए और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में उनके लिए एक जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष ओलिवर डाउडेन ने अपने त्यागपत्र में लिखा, हम पहले की तरह कामकाज जारी नहीं रख सकते। ऐसा माना जा रहा है कि शेष कैबिनेट भी नेता को अपदस्थ करने में उनके साथ जुड़ सकती है। डाउडेन ने कहा, हमारे समर्थक हाल की घटनाओं से व्यथित एवं निराश हैं और मैं उनकी भावनाओं को समझता हूं... किसी को जिम्मेदारी लेनी होगी और मैंने निष्कर्ष निकाला है कि इन परिस्थितियों में मेरा पद पर बने रहना उचित नहीं होगा। जॉनसन के नेतृत्व को लेकर कुछ नेताओं द्वारा असंतोष जताए जाने के बाद डाउडेन इस्तीफा देने वाले पहले कैबिनेट मंत्री हैं।

विवादों में घिरे जॉनसन ने हाल में अविश्वास प्रस्ताव जीता था। कंजर्वेटिव पार्टी के 211 सदस्यों ने उनके पद पर बने रहने के पक्ष में मतदान किया, जबकि 148 ने उनके खिलाफ वोट किया। वेकफील्ड और टिवर्टन एवं होनिटोन क्षेत्रों पर कंजर्वेटिव पार्टी के उन सांसदों के प्रतिस्थापन के लिए चुनाव हुआ था, जिन्होंने विभिन्न आरोपों के चलते इस्तीफा दे दिया था। इनमें से एक सांसद को यौन उत्पीड़न का दोषी ठहराया गया था जबकि दूसरे को हाउस ऑफ कॉमन्स (संसद के निचले सदन) के कक्ष में अश्लील वीडियो (पोर्नोग्राफी) देखते पाया गया था। हालांकि इस प्रकरण पर सांसद ने यह कहकर सफाई देने की कोशिश की थी कि वह अपने फोन पर ट्रैक्टरों की तस्वीरें खोज रहे थे। इन नतीजों से अशांत कंजर्वेटिव पार्टी के बीच घबराहट बढ़ेगी, जो पहले से ही इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अनिश्चित और विभाजनकारी जॉनसन अब चुनाव के लिहाज से सही दांव नहीं हैं।

# अमेरिकी सीनेट ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी

● दो सप्ताह तक चली बातचीत के बाद विधेयक पेश करने के लिए दो प्रमुख दलों के बीच हो सकता समझौता

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में पिछले कुछ समय में हुई सामूहिक गोलीबारी की कई घटनाओं के मद्देनजर संसद ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने से उद्देश्य से पेश किए गए उस विधेयक को बृहस्पतिवार को आसानी से मंजूरी दी, जिसे पारित करना करीब एक महीने पहले अकल्पनीय प्रतीत हो रहा था। अब यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है। रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को वर्षों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लकिन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली वार्ता के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि इस प्रकार का रक्तपात देश में दोबारा नहीं हो। 13 अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की जांच कड़ी की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा, बंदूक हिंसा हमारे देश को जिन तरीकों से प्रभावित करती है, यह विधेयक उन सबका समाधान नहीं है, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया बहुप्रतीक्षित कदम है। बंदूक से सुरक्षा संबंधी यह विधेयक पारित करना वास्वत में अहम है और इससे लोगों की जान बचेगी। इस विधेयक को सीनेट में 33 के मुकाबले 65 मतों से पारित किया गया। विधेयक पारित करने के लिए 60 मतों की आवश्यकता थी। इसके समर्थन में डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी 50 सदस्यों एवं निर्दलईय समर्थकों के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के 15 सदस्यों ने मतदान किया। प्रतिनिधि सभा में इस पर शुक्रवार को मतदान होने की संभावना है और वहां इस विधेयक का पारित होना तय माना जा रहा है।

# तीन टन रूसी सोने के आयात की जांच कर रहे स्विस अधिकारी

एपी। जिनेवा

**स्विस** सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि पिछले महीने ब्रिटेन से करीब तीन टन रूसी सोना स्विट्जरलैंड लाया गया है और उनकी नजर इस आयात पर है। अधिकारी गौर कर रहे हैं कि क्या इस आयात से, यूक्रेन पर हमले के बाद रूस के खिलाफ लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों का उल्लंधन भी हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि आयातित सोने की कीमत 20.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा संबंधी संघीय कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वह रूस से सोने के आयात पर लगातार नजर रख रहा है। उसने कहा कि रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला किए जाने के बाद मास्को के खिलाफ स्विस प्रतिबंधों के तहत आयात निषिद्ध नहीं हैं। हालांकि, स्विट्जरलैंड के प्रतिबंधों के तहत रूस को सोने का निर्यात प्रतिबंधित है। बयान के अनुसार स्विट्जरलैंड में रूस से सोने के अन्य रूपों, जैसे आभूषण या सिक्कों पर कोई व्यावसायिक रोक नहीं है। अमेरिकी समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने सबसे पहले आयातित रूसी सोने के बारे में सूचना दी थी और अब स्विस अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं।

## रूस की सेना का मालवाहक विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूसी सेना का एक मालवाहक विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारी मालवाहक आईएल-76 कार्गो विमान दक्षिण-पश्चिमी रियाजान क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विमान के इंजन में कुछ गड़बड़ी आ गई थी जिससे चालक दल को क्रैश लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा। क्षेत्रीय प्रशासन ने कहा कि रियाजान शहर के बाहर एक मैदान में विमान के गिरने से उसके चालक दल के चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चार इंजन वाले आईएल-76 को 1970 के दशक में डिजाइन किया गया था और इसने सोवियत और रूसी वायु सेना के लिए मुख्य मालवाहक विमान के रूप में काम किया है। यह दुनिया भर के कई देशों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

## यूक्रेन के शरणार्थियों की देखभाल के लिए पोलैंड को मिलेगा कर्ज

**वारसॉ।** पोलैंड को एक यूरोपीय मानवाधिकार समूह से 45 करोड़ यूरो का ऋण मिलेगा, ताकि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की वजह से वहां पहुंच रहे शरणार्थियों की देखभाल करने में मदद मिल सके।पोलैंड और यूरोप विकास बैंक परिषद ने शुक्रवार को ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद से लगभग 43 लाख शरणार्थी पोलैंड पहुंचे जहां उन्हें मुफ्त आश्रय, सामाजिक और चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इनमें से अनेक दूसरे देशों में चले गए या कई अन्य ने यूक्रेन वापस जाने का फैसला किया है। यूरोपीय परिषद में यूरोपीय संघ के सदस्यों सहित 46 देश शामिल हैं, और इसका उद्देश्य मानवाधिकार, लोकतंत्र एवं कानून के शासन की रक्षा करना है।

## घेराबंदी से बचने के लिए यूक्रेनी सेना शहर छोड़ेगी

**कीव।** हफ्तों की भीषण लड़ाई के बाद, यूक्रेनी सेना देश के पूर्व में रूसी सैनिकों से घिरे एक शहर से पीछे हट जाएगी। एक क्षेत्रीय गवर्नर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लुहान्स्क क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र सिविएरोडोनेट्स्क शहर को लगातार रूसी बमबारी का सामना करना पड़ा है। यूक्रेनी सैनिकों ने शहर के किनारे पर एक विशाल रासायनिक कारखाने में डेरा डालने से पहले रूसियों से कई जगह छापेमार लड़ाई लड़ी। इस कारखाने में यूक्रेनी सैनिक विशाल भूमिगत संरचनाओं में छिपे हुए थे।

हाल के दिनों में, रूसी सेना ने यूक्रेनी सेना को घेरने के प्रयास में, सिविएरोडोनेट्सक और पड़ोसी शहर लिसीचांस्क के नदी के किनारे एक तट पर अपनी पकड़ मजबूत की है।लुहान्स्क के गवर्नर सेरही हैदई ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों को इसे रोकने के लिए सिविएरोडोनेट्सक छोड़ने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, हमें अपने लोगों को वापस बुलाना होगा। नष्ट हो चुके स्थानों पर रहने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि खराब किलेबंदी वाले क्षेत्रों में हताहतों की संख्या हर दिन बढ़ेगी। हैदाई ने कहा कि यूक्रेनी बलों को पीछे हटकर नए स्थानों पर इकट्ठा होने और वहां लड़ाई जारी रखने का आदेश मिला है , लेकिन उन्होंने अधिक विवरण नहीं दिया।उन्होंने कहा कि रूसी सैनिक भी जोलोट और तोशकिवका से लिसीचांस्क की ओर आगे बढ़ रहे थे। उन्होंने बताया कि रूसी इकाइयों ने शहर के बाहरी हिस्सों पर आक्रमण किया लेकिन उन्हें खदेड़ दिया गया।रूस ने 24 फरवरी को आक्रमण की शुरुआत की थी और पहले चरण में उसने यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने का असफल प्रयास किया था। उसके उसकी रूसी सेना ने डोनबास क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां यूक्रेनी सेना 2014 से मॉस्को समर्थित अलगाववादियों से लड़ाई लड़ती रही है।

# कनाडा के सांसद के बयान पर पाकिस्तान ने जताई कड़ी आपत्ति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सेना प्रमुख जनरल जावेद कमर बाजवा के खिलाफ कनाडाई सांसद की टिप्पणी को लेकर कनाडा के समक्ष कड़ा राजयनिक विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को मीडिया में आई खबर में इस बारे में जानकारी दी गई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान में कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर कड़ी आपत्ति जताई। खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया है, राजनयिक से कहा गया कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ की गई कनाडा के सांसद टॉम केमिक की टिप्पणी राजनयिक नियमों के खिलाफ और बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। विदेश मंत्रालय की तरफ से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।कन्जरवेटिव पार्टी के सांसद केमिक ने कनाडा की संसद के निचले सदन में सेना प्रमुख जनरल बाजवा पर पाकिस्तान की राजनीति में हस्तेक्षप करने का आरोप लगाया था।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने वैश्विक खाद्य संकट से तबाही की चेतावनी दी

● दुनिया के सामने है अभूतपूर्व खाद्यान्न का संकटः गुतारेस

एपी। बर्लिन

**संयुक्त** राष्ट्र प्रमुख ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि वैश्विक खाद्य संकट के कारण विश्व तबाही का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने जलवायु परिवर्तन, कोरोना वायरस महामारी और असमानता के कारण उत्पन्न व्यवधानों में अभूतपूर्व वैश्विक खाद्यान्न संकट को और बढ़ाया है। खाद्यान्न संकट से पहले से ही लाखों लोग जूझ रहे हैं। उन्होंने बर्लिन में दर्जनों अमीर एवं विकासशील देशों के अधिकारियों को वीडियो संदेश में कहा, "यह वास्तविक जोखिम है कि 2022 में कई अकाल घोषित किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि 2023 और भी बुरा हो सकता है। गुतारेस ने कहा कि पूरे एशिया, अफ्रीका और अमेरिका में फसल को नुकसान होगा, क्योंकि दुनिया भर के किसान बढ़ती उर्वरक और ऊर्जा की कीमतों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "इस साल भोजन तक पहुंच का मुद्दा अगले साल की वैश्विक खाद्य कमी बन सकता है।"

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, "कोई भी देश इस तरह की तबाही के सामाजिक और आर्थिक नतीजों से अछूता नहीं रहेगा।" गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के वार्ताकार एक ऐसे सौदे पर काम कर रहे हैं, जिससे यूक्रेन को काला सागर सहित विभिन्न मार्गों से खाद्य निर्यात करने में सक्षम बनाएगा और रूस को बिना किसी प्रतिबंध के विश्व बाजारों में खाद्य और उर्वरक लाने देगा।

उन्होंने गरीब देशों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बचाए रखने में मदद करने के लिए तथा निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक खाद्य बाजारों को स्थिर करने में सहायता के वास्ते ऋण राहत का भी आह्वान किया। मेजबान देश जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा कि मॉस्को का यह दावा पूरी तरह निराधार है कि यूक्रेन पर हमले के कारण रूस पर लगाए गए पश्चिमी देशों के प्रतिबंध खाद्य संकट की मुख्य वजह हैं। उन्होंने कहा कि रूस ने इस वर्ष मई और जून में जितना गेहूं निर्यात किया, उतना ही निर्यात पिछले वर्ष भी इसने किया था। बेयरबॉक ने गुतारेस की टिप्पणियों का समर्थन किया कि दुनिया भर में बढ़ते खाद्यान्न संकट के कई कारक हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यूक्रेन पर रूसी हमले ने एक लहर को सुनामी में बदल दिया।

# भारत ने श्रीलंका को मानवीय सहायता की एक बड़ी खेप सौंपी

**कोलंबो।** भारत ने गंभीर आर्थिक संकट और आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना कर रहे श्रीलंका को शुक्रवार को तीन अरब श्रीलंकाई रुपए से अधिक मूल्य की एक बड़ी मानवीय सहायता खेप सौंपी। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले, श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्री केहेलिया रामबुकवेला, व्यापार मंत्री नलिन फर्नांडो और द्वीपीय देश की संसद के कई सदस्यों ने खेप को प्राप्त किया। खेप में भारत के लोगों द्वारा दान में दिया गया 14,700 मीट्रिक टन चावल, 250 मीट्रिक टन दूध का पाउडर और 38 मीट्रिक टन दवाइयां शामिल हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि मानवीय सहायता की बड़ी खेप भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच जुड़ाव तथा श्रीलंका में अपने बंधुओं के कल्याण के लिए भारत के लोगों की चिंताओं को रेखांकित करती है।

# मौद्रिक नीति अन्य देशों के मुकाबले अधिक उदार होगीः आरबीआई डिप्टी गवर्नर

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा ने शुक्रवार को कहा कि मौद्रिक नीति से जुड़े कदम दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले अधिक उदार होंगे क्योंकि चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति के घटकर छह प्रतिशत से नीचे आने का अनुमान है।

आरबीआई ने बढ़ती खुदरा महंगाई को काबू में लाने के लिए मई और जून में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कुल 0.90 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 4.9 प्रतिशत कर दिया है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वैश्विक स्तर पर संकट का प्रभाव और भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में पात्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति के इस समय अपने चरम बिंदु पर होने के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति वापस निर्धारित दायरे में आ सकती है। अगले वित्त वर्ष में इसमें और गिरावट आने की संभावना है। यह केवल आधारभूत परिदृश्य है। आरबीआई में मौद्रिक नीति विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले पात्रा ने कहा कि अब तक उठाए गए नीतिगत कदमों के कारण मुद्रास्फीति जल्दी और तेजी से नीचे आ सकती है। उन्होंने कहा, इसीलिए, वैश्विक स्तर पर महंगाई के संकट के समय में मुद्रास्फीति में बदलाव को देखना संभवतः बेहतर है, न कि स्तर देखना।

पात्रा मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य भी हैं। मौद्रिक नीति के बारे में निर्णय एमपीसी ही करती है। सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के स्तर पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। खुदरा मुद्रास्फीति मई में नरम होकर 7.04 प्रतिशत रही जो अप्रैल में 7.8 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति में कमी के बावजूद यह आरबीआई के संतोषजनक स्तर छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। डिप्टी गवर्नर ने कहा, ...हमें उम्मीद है कि भारत में मौद्रिक नीति कदम दुनिया में किसी अन्य देश की तुलना में कहीं ज्यादा उदार होगा और हम दो साल के भीतर महंगाई को निर्धारित लक्ष्य के दायरे में लाने में कामयाब होंगे। अगर मानसून खाने के सामान के दाम में नरमी लाता है तो हम पहले ही मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने में सफल होंगे। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरूआत में आरबीआई ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले, मई में बिना किसी तय कार्यक्रम के आरबीआई ने रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की वृद्धि की थी। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।

# बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 462 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 462.26 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वाहन, बैंक और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। पिछले दो सप्ताह की गिरावट के बाद दोनों मानक सूचकांक साप्ताहिक आधार पर लाभ में रहे।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 462.26 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की उछाल के साथ 52,727.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक 644.15 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 142.60 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,699.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजार में मजबूत रुख और जिंसों की कीमतों में गिरावट के साथ घरेलू बाजार ने सकारात्मक रुख बनाए रखा। बाजार को सूचना प्रौद्योगिकी के शेयरों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में मजबूत लिवाली से समर्थन मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 4.28 प्रतिशत चढ़ गया। इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, मूर्ति, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक और एसबीआई के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं, दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, विप्रो और सन फार्मा के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, मजबूत वैश्विक संकेतों से घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच स्थानों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली की एक पैकेजिंग कंपनी रेवा स्केन्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले में शुक्रवार को दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कंपनी के खिलाफ बैंकों के संघ से कथित तौर पर 69.33 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक की शिकायत पर यह कार्वाई की है। इसमें बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी के वित्त में गंभीर अनियमितताएं हैं मसलन धन की हेराफेरी, बहीखातों में गड़बड़ी और जालसाजी तथा ऐसा करके कंपनी ने 2011 से 2016 के बीच बैंकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने कंपनी के पूर्व निदेशकों से जुड़े दिल्ली स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

# एमपीयूएटी को कुलाधिपति सम्मान

● राजभवन में कुलपति डॉ. राठौड़ ने ग्रहण किया सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। उदयपुर



**महाराणा** प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय को राज्य के समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर रहने के लिए कुलाधिपति अवार्ड से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डाण् नरेन्द्र सिंह राठौड़ ने जयपुर स्थित राजभवन में राज्य के सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के संवाद कार्यक्रम में राजस्थान के माननीय राज्यपाल एवं कुलपधिपति श्री कलराज मिश्र के कर कमलों से यह सम्मान प्राप्त किया। वर्ष 2019 में 4 अप्रैल को हुई कुलपति समन्वय समिति की बैठक में माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इसकी घोषणा की थी। राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा भेजी गई सूचनाओं एवं दस्तावेजों के परीक्षण के आधार पर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को इस अवार्ड के चुना गया था। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए माननीय कुलपति ने इस अवार्ड के लिए कुलाधिपति एवं राज्य सरकार द्वारा समय समय पर दिये गये मार्गदर्शन तथा प्रेरणा के लिये उनका आभार व्यक्त किया और इस महत्वपूर्ण सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कर्मठ वैज्ञानिकोंए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दिया। डाण् राठौड़ ने बताया कि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय यह सम्मान प्राप्त करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। यहाँ उल्लेखनीय है कि यह विश्वविद्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की रैंकिंग में भी राज्य के कृषि तथा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों में प्रथम तथा राष्ट्रीय स्तर पर कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि संस्थानों में 15वां स्थान रखता है। एक अन्य उपलब्धि के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों को आईसीएआर से मान्यता प्राप्त करने में भी विश्वविद्यालय सफल रहा है। विगत एक वर्ष में 11 पेटेन्ट प्राप्त करनाए विश्वविद्यालय में राज्य में प्रथम डिजिटल टेक्नोलॉजी सेल की स्थापनाए राज्य में प्रथम सोलर ट्रीए कृषि ड्रोनए रोबोटिक एवं सेंसर आधारित मृदा जॉच तकनीक जैसे अनेक नवाचारों से इस विश्वविद्यालय ने प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

## ईएसआईसी योजना में अप्रैल में 12.67 लाख नए सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की सामाजिक सुरक्षा योजना में अप्रैल, 2022 में लगभग 12.67 लाख नए सदस्य शामिल हुए। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह नवीनतम आंकड़ा राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी रिपोर्ट भारत में कर्मचारियों के वेतन संबंधी एक रोजगार परिप्रेक्ष्य- अप्रैल 2022 का हिस्सा है। इन आंकड़ों के मुताबिक, ईएसआईसी से जुड़ने वाले नए कर्मचारियों की सकल संख्या 2021-22 में 1.49 करोड़ लोग पर पहुंच गई जबकि वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 1.15 करोड़ था। इसके पहले वर्ष 2019-20 में 1.51 करोड़ और 2018-19 में 1.49 करोड़ नए सदस्य इससे जुड़े थे। यह रिपोर्ट बताती है कि सितंबर, 2017 से लेकर मार्च, 2018 के दौरान ईएसआईसी की तरफ से संचालित योजनाओं से 83.35 लाख नए सदस्य जुड़े थे। वहीं सितंबर, 2017 से लेकर मार्च 2022 तक ईएसआईसी की इस योजना में शामिल कुल नए सदस्यों की संख्या 6.61 करोड़ रही है।

## केंद्र ने बफर स्टॉक के लिए 52,460 टन प्याज खरीदा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए इस साल मई महीने के अंत तक 52,460 टन प्याज की खरीद की है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार पिछले कुछ वर्षो से उत्पादन की कमी वाले दिनो मे कीमतो मे बढ़ोतरी की स्थिति से निपटने के लिए प्याज का बफर स्टॉक बनाए हुए है। प्याज की खरीद नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नेफेड) के जरिए की जा रही है। वर्ष 2022-23 के लिए 2.50 लाख टन रबी 2022 के मौसम के प्याज की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारी ने कहा, नेफेड ने इस साल 31 मई तक 52,460.34 टन प्याज की खरीद की है। अधिकारी ने कहा कि चालू वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को अगले महीने तक हासिल कर लिया जाएगा। वर्ष 2021-22 मे, प्याज कीमतो को नरम बनाने के लिए सुनियोजित और लक्षित रूप से जारी करने के लिए कुल 2.08 लाख टन रबी (सर्दियो) प्याज की खरीद की गई थी।

## श्रमिकों का कौशल बढ़ाएगा नया लर्निंग पल्टेफार्म

**नई दिल्ली।** जॉब मैचिंग प्लेटफॉर्म, गुडवर्कर जिसका उद्देश्य भारत में ब्लूकॉलर श्रमिकों के अपनी तरह का पहला कौशल बढ़ाने वाला प्लेटफॉर्म एल अर्न लॉन्च किया। यह फीचर गुडवर्कर के हाल ही में लॉन्च किए गए जॉब लिस्टिंग ऐप पर उपलब्ध किया गया हैए जिसका उद्देश्य ब्लू कॉलर नौकरियों की तलाश करने वालों को जॉब सर्च और लर्निंग आधारित स्किल वृद्धि के दोहरे फायदे प्रदान करना है। इस नई पेशकश के माध्यम से कंपनी अपने लक्षित उपयोगकर्ताओं की स्किल में वृद्धि करके बेहतर कमाई करने के लिए एक नवीन और प्रौद्योगिकी, आधारित तरीका प्रदान करने की उम्मीद करती है। एल अर्न को सोशल मीडिया वीडियो प्लेटफॉर्म की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसमें कौशल सुधार और जीवन कौशल जैसे वित्त प्रबंधन, रिज्यूमे अपडेट करना और साक्षात्कार कैसे देना है जैसे विषयों पर केंद्रित लघु वीडियो शामिल हैं। ये 90 सेकंड के वीडियो दिलचस्प शैक्षिक और सशक्त प्रारूप में विचारों और अवधारणाओं को प्रस्तुत करेंगे। लॉन्च के मौके पर बोलते हुए गुडवर्कर के मुख्य उत्पाद अधिकारी विक्रम भट्ट ने कहा कि गुडवर्कर में हम लगातार नई पेशकशों को बढ़ाने के लिए नवाचार कर रहे हैं जो भारत के ब्लू कॉलर श्रमिकों को बेहतरी के साथ ही उन्हें अपने जीवन को समृद्ध करने का अवसर देगा। फिलहाल जॉब लिस्टिंग फीचर केवल लखनऊ और कानपुर के लिए खुला है लेकिन जल्द ही और शहरों में लॉन्च किया जाएगा।

# नई शिक्षा नीति में वर्तमान पाठ्यक्रम और प्रणाली में परिवर्तन पर हुई चर्चा

**● फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लिनीन ने पहली दफे किया इलाहाबाद विश्वविद्यालय का दौरा**

**● कुलपति के साथ विजयनगरम हॉल का किया निरीक्षण, की प्रशंसा**




**प्रयागराज।** भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लिनीन शुक्रवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फ्रांस के राजदूत का यह पहला दौरा था। केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद पहुंचे फ्रांस के राजदूत ने कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव के साथ शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने विजयनगरम हॉल का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने राजदूत इमैनुएल लिनीन के साथ बैठक कर छात्रों के आदान प्रदान के कार्यक्रम की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही आने वाले समय में विदेशी छात्रों को भारतीय संस्कृति इतिहास कला और भाषाओं से परिचित कराने के लिए विशेष पाठ्यक्रम विकसित किए जाने पर भी विचार विमर्श किया। इस मौके पर राजदूत इमैनुएल लिनीन ने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय एवं फ्रांस के उच्च शिक्षा केंद्रों के बीच सहयोग के अवसर तलाशने के लिए जल्द ही परिसर आएगा। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने उन्हें 2023 में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन और नई शिक्षा नीति में वर्तमान पाठ्यक्रम और शिक्षा प्रणाली में आने वाले परिवर्तनों के बारे में भी बताया। कुलपति प्रो संगीता ने राजदूत इमैनुएल लिनीन को विश्वविद्यालय में फ्रेंच भाषा सहित विभिन्न यूरोपीय भाषा पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। राजदूत इमैनुएल लिनीन ने फ्रांस में विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के पाठ्यक्रमों में रुचि रखने वाले छात्रों और ऐसे छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियों के लिए परामर्श सत्र आयोजित करने की भी पेशकश की। राजदूत ने परिसर की स्थापत्य सुंदरता की सराहना की। विशेष रूप से विजयनगरम हॉल की वास्तुकला की प्रशंसा उन्होंने की। उन्होंने संस्था के इतिहास में में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने आधुनिक भारत के चौथे सबसे पुराने विश्वविद्यालय का दौरा करने पर अपनी गहरी खुशी व्यक्त की और आने वाले समय में सहयोग के लिए मंच बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो एन के शुक्ला डीन अनुसंधान एवं विकास प्रो एस आई रिजवी प्रॉक्टर एवं प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो हर्ष कुमार इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी डा जया कपूर उपस्थित रहे।

# लखीमपुर खीरी में सड़क हादसे में पांच की मौत, 12 घायल

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर थाना इलाके में शुक्रवार की दोपहर को सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार पीलीभीतसिद्धार्थनगर राजमार्ग पर ईसानगर थाना इलाके के उंचगांव-अदलिसपुर चौराहे के पास शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब बस चालक ने पिकअप वैन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बस की टक्कर हो गई। धौरहरा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) एसएन तिवारी ने बताया कि मृतकों में बस चालक बालचंद्र मिश्रा (40), परिचालक नायब सिंह (35), यात्री जमाल खान (45) और दो अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं, जिनके ट्रक चालक और उसका सहायक होने का संदेह है। धौरहरा के उप जिलाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार घायल बस यात्रियों में से गंभीर स्थिति में दो को जिला अस्पताल भेजा गया जबकि अन्य का धौरहरा सामुदायिक केंद्र पर उपचार चल रहा है।

**तमंचा-कारतूस व गांजा के साथ तीन धरे गए:** फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तमंचा-कारतूस व गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाने के उपनिरीक्षक राम सिंह यादव आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर शिवलाल रैदास पुत्र भग्गुन निवासी जमरावां को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 750 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया है। इसी प्रकार असोथर थाने के उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने गश्त करते हुए मो. आजाद पुत्र तौहीद अहमद निवासी वार्ड नं. 8 बोचागाड़ी चंद्रवार थाना कुट्टीगोला पूर्णिया प्रांत बिहार को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस व एक किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 27 जून को वृंदावन आएंगे



**मथुरा।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सोमवार को वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी जी का दर्शन करने आ रहे हैं। उनकी आगवानी के लिए राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी यहां आने की संभावना है। मथुरा के जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि राष्ट्रपति पहले यहां बांके बिहारी मंदिर पहुंच कर करीब आधा घण्टा भगवान का दर्शन-पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद कृष्णा कुटीर आश्रम में रहने वाली विधवा, निराश्रित एवं परित्यक्त महिलाओं से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की यात्रा का आधिकारिक कार्यक्रम प्राप्त हो गया है। इस मंदिर के राजभोग सेवा अधिकारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी ने कहा कि पूर्ववर्ती राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने भी बांके बिहारी मंदिर में माथा टेका था। देश के पहले राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद पहले ऐसे व्यक्ति थे, जो राष्ट्रपति रहते हुए इस मंदिर में आए थे।

# दुष्कर्म के मामले में समझौता नहीं करने पर बुजुर्ग की हत्या

**बरेली।** बरेली जिले में दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी से समझौता नहीं करने पर दुष्कर्म पीड़ित बालिका के दादा की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, मौके पर मौजूद पीड़िता के दो चाचा ने अपने पिता को बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन पर तमंचा तान दिया और गोली मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मीरगंज थाना में हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। अग्रवाल ने बताया कि मीरगंज इलाके के एक गांव की निवासी पीड़िता के 55 वर्षीय दादा बृहस्पतिवार दोपहर को मोटरसाइकिल से अपने दो बेटों के साथ दवा लेने निकले थे। गांव से निकलते ही बंद पड़े मेंथा संयंत्र के पास दुष्कर्म के आरोपी सूरजपाल के परिजन महेंद्र, राहुल, रामस्वरूप और भगवान दास ने उन्हें सामने आकर रोक लिया और आरोपी सूरजपाल के पक्ष में बयान देने के लिए दबाव बनाने लगे। पीड़िता के दादा ने मरते दम तक बयान नहीं बदलने की बात कही। इतना सुनते ही लाठी-डंडों और तमंचे से लैस अभियुक्त के परिजनों ने पीड़िता के दोनों चाचा को धमकाकर भगा दिया और दादा की पीट पीट कर हत्या कर दी। सूचना मिलने के बाद वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़िता के बड़े चाचा के मुताबिक, एक साल पहले उनके परिवार की एक लड़की से गांव के ही सूरजपाल ने दुष्कर्म किया था। इसकी प्राथमिकी मीरगंज थाना में दर्ज कराई गई थी और इसके बाद से सूरजपाल जेल में बंद है। सूरजपाल के परिवार के लोग काफी समय से उनके पिता पर समझौता करने का दबाव डाल रहे थे। मीरगंज के प्रभारी निरीक्षक संदीप त्यागी ने बताया कि आरोपी महेंद्र, राहुल, भगवान स्वरूप और राम स्वरूप के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है और चारों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## दलित महिला की हत्या मे युवक को उम्रकैद

**बलिया।** बलिया जिले की एक अदालत ने एक किशोरी के साथ छेड़खानी की घटना के बाद किशोरी की मां की हत्या के छह साल पुराने मामले में एक युवक को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संयुक्त निदेशक (अभियोजन) सुरेश कुमार पाठक ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश गोविंद मोहन की अदालत ने बृहस्पतिवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी टेनी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है व 51 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। पाठक ने घटना का ब्योरा देते हुए कहा कि बलिया जिले के भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में11 अप्रैल 2016 की शाम 16 वर्षीय किशोरी के साथ उसके गांव के ही रहने वाले टेनी नामक युवक ने छेड़खानी की। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद किशोरी की मां पुष्पा देवी टेनी से बातचीत करने गई तो टेनी ने पुष्पा देवी पर हमला कर दिया, जिसमें पुष्पा की मौत हो गई। इस मामले में पुष्पा के पति कृष्ण मोहन गोंड की तहरीर पर टेनी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने टेनी के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस के चालक की चलती ट्रेन में तबीयत बिगड़ी, मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट (ट्रेन चालक) की शुक्रवार को चलती ट्रेन में ही तबीयत खराब हो गई। चालक को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गौरीगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक प्रवीण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि प्रतापगढ़ जिले के परशुरामपुर चिलबिला निवासी लोको पायलट हरिश्चंद्र शर्मा (46) शुक्रवार सुबह इंटरसिटी ट्रेन को लेकर कानपुर जा रहे थे। अचानक फुर्सतगंज थाना क्षेत्र के कासिमपुर हॉल्ट के पास उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्होंने बताया कि सहायक लोको पायलट ने ट्रेन रोक कर एंबुलेंस को बुलाया। इसके बाद उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों का अनुमान है कि संभवत: हृदय गति रुकने की वजह से उनकी मौत हुई। ट्रेन कासिमपुर हॉल्ट पर काफी देर तक खड़ी रही और प्रतापगढ़ से दूसरे चालक के आने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। फुर्सतगंज के थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने कहा कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

# शांति से निपट गई जुमे की नमाज

**लखनऊ।** राज्य भर में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने हाल ही में टीवी पर बहस के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में तीन जून को कानपुर व सहारनपुर और 10 जून, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद अन्य कई जिलों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर नगर की हिंसा का संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को हिदायत दी थी कि प्रदेश में कायम अमन-चैन के माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाए। कानपुर जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को सभी प्रमुख मस्जिदों में जुमे की नमाज में भाग लिया। वहीं, पुलिस कर्मी अलर्ट पर रहे। रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की इकाइयों के साथ स्थानीय पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में मार्च किया। कानपुर के अपर पुलिस आयुक्त (एसीपी) कानूनव्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी



ने बताया कि यहां शुक्रवार की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। हम कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं के संपर्क में रहे और फिलहाल स्थिति नियंत्रण में हैं। सहारनपुर में तीन जून और 10 जून को जुमे की नमाज के बाद पैगंबर पर टिप्पणी के विरोध में पथराव, प्रदर्शन और नारेबाजी हुई थी। सहारनपुर जिले में आज शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) राजेश कुमार ने बताया कि पूरे जिले में मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई और नमाज के बाद लोगों ने देश में अमनशान्ति और भारी गर्मी से निजात के लिए वर्षा के लिए दुआएं मांगी। राज्य भर में महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त बल, प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) और मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। प्रयागराज में भी पैगंबर पर टिप्पणी के विरोध में 10 जून को पथराव हुआ था और वहां भी शांतिपूर्ण तरीके से शुक्रवार की नमाज अदा की गई। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रेम प्रकाश ने कहा कि प्रयागराज और आसपास के जिलों के सभी इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज पढ़ी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस सतर्क है और कानून-व्यवस्था की स्थिति का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार अलीगढ़, बरेली, शामली, हाथरस और अन्य जिलों में भी जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

अतिरिक्त बल के अलावा कई जिलों में स्थानीय पुलिस ने दोपहर में नमाज के आसपास व्यस्त इलाकों में लोगों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में तीन और 10 जून को राज्य के विभिन्न शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे।

## हाईस्कूल की परीक्षा में फेल होने पर छात्रा ने आत्महत्या की

**शाहजहांपुर।** जिले के जैतीपुर इलाके में हाई स्कूल की परीक्षा में फेल होने के चलते एक छात्रा ने मानसिक तनाव के चलते शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । परिजनों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छात्रा के शव को कब्जे में लिया। जैतीपुर के थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि थाना अंतर्गत बैंसला बैसली गांव में रहने वाली छात्रा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की पिछले शनिवार को घोषित हाईस्कूल की परीक्षा में फेल हो गई थी।मिश्रा ने बताया कि आज सुबह उसने अपने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान 16 साल की वर्षा के रूप में की गयी है। छात्रा के परिजनों के हवाले से थाना प्रभारी ने बताया कि हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने के बाद से ही वर्षा काफी उदास रहती थी और आज सुबह उसने अपने दुपट्टे से फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वर्षा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राष्ट्रीय पठन सप्ताह के छठे दिन हुई निबंध प्रतियोगिता

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय पठन सप्ताह के छठे दिन डी एल एड विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुराग अग्रवाल, पुस्तकालयाध्यक्ष एस पी डबराल और डी एल एड विभागाध्यक्ष डा मनोज मिश्रा ने पी एन पणिकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि पुस्तकों में साक्षात माँ सरस्वती का निवास होता है पुस्तके किसी भी सभ्यता को व्यक्त करने का स्त्रोत होती हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष डा. एस पी डबराल ने कहा कि पुस्तक मनुष्य का ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करती हैं। डी एल एड विभागाध्यक्ष डा. मनोज मिश्रा ने कहा कि पुस्तकों में हमारी पुरानी



पीढ़ियों का ज्ञान होता है जिसे सहेजने की आवश्यकता है। पुस्तकों का अध्ययन हमें हमेशा सकारात्मकता की ओर ले जाता हैं। अभिषेक बाजपेई ने कहा कि भारत की सबसे महत्वपूर्ण व प्राचीन पुस्तकें हमारे वेद और उपनिषद है जो हमे जीवन का सार देते है। शैलेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त करके ही मानव सभ्यता ने विकास किया है। शिक्षकों के उद्बोधन के उपरांत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था,ष्भविष्य निर्माण में पुस्तकों के अध्ययन की भूमिकाष् प्रतियोगिता में 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डा. बरखा सक्सेना , डा व्याख्या सक्सेना और डा जागृति गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये। संज्ञा मिश्रा को प्रथम, आस्था पाठक को द्वितीय, दीप्ति सिंह व वैष्णवी गुप्ता को तृतीय तथा मुकुल कुमार को सांत्वना पुरस्कार घोषित किया गया। कल सप्ताह के समापन समारोह में पुरुस्कार वितरण किया जायेगा। अंत में पुस्तकालय सहायक वरुण कुमार सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम मेंअभिषेक बाजपेई, शैलेंद्र द्विवेदी, गौरव शर्मा, डा. राजीव यादवआदि भी उपस्थित रहे।

## डीएम ने ली नगर निकायों की बैठक



**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉण् उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में नगर निकायों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ईओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने.अपने नगर पंचायत व नगरपालिकाओं के सभी वार्डों के सफाई व्यवस्थाए पेयजल की व्यवस्थाए हैंडपंप रिबोर की व्यवस्थाए नाली और नालों की सफाई व्यवस्थाए लाइट आदि सभी व्यवस्थाओं को सही ढंग से कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि वार्ड के सापेक्ष गाड़ियों की उपलब्धता जरूर होनी चाहिये। कान्हा गौशाला जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार कराया जाए। नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ताए डिप्टी कलेक्टर आकाश सिंह सहित सभी नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं के ईओ तथा विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मौखिक परीक्षा 27 जून को

**गोंडा।** एमण्एण् उत्तरार्ध राजनीति शास्त्र के छात्र.छात्राओं की मौखिक परीक्षा आगामी दिनांक 27 जून 2022 को 10रू00 बजे से श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के राजनीति शास्त्र विभाग में संपन्न होगी।उक्त जानकारी देते हुए आंतरिक परीक्षा प्रोफेसर डाण् अतुल कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा के समय समस्त छात्र.छात्राएं अपने साथ प्रवेश पत्र की मूल प्रति अवश्य लेकर आएं।

## बजौली गांव में छापा मार पकड़ीं आधा दर्जन शराब भट्ठियां

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बकेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिजौली गांव में छापा मारते हुए आधा दर्जन शराब भट्ठी बरामद करते हुए भारी मात्रा में कच्ची शराब, छह कुंतल लहन बरामद करते हुए आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

बकेवर थाना प्रभारी धीरेंद्र पाल सिंह, आबकारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार माथुर अपने सहयोगी उपनिरीक्षक सुमित देव पांडेय चौकी प्रभारी देवमई, हेड कांस्टेबल कैलाश चंद्र, कांस्टेबल रावत सिंह, हेड कांस्टेबल विशंभरनाथ के साथ अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्राम बिजौली में दबिश देते हुए काफी समय से धधक रही आधा दर्जन शराब भट्ठी का भंडाफोड़ करते हुए मौके से पुलिस ने 255 लीटर कच्ची शराब एवं छह कुंतल लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट करा दिया।

# महिला शिक्षामित्र से मारपीट के आरोप में अध्यापक निलंबित

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के लखीमपुर प्रखंड में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक को एक महिला शिक्षामित्र के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि एक महिला शिक्षामित्र के साथ मारपीट करने के लिए हेडमास्टर अजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अजीत कुमार ने अपने पद की छवि खराब की और स्कूल के अध्यापकों के लिए आचार संहिता का उल्लंघन किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह को एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें एक अध्यापक को एक महिला शिक्षा मित्र (अनुबंधित अध्यापक) को पीटते हुए देखा गया। लखीमपुर प्रखंड के शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र ने इस संबंध में खीरी के बीएसए लक्ष्मीकांत पांडेय को इस संबध में एक रिपोर्ट भेजी थी। पांडेय ने कहा कि आरोपी अध्यापक को इस मामले की जांच जारी रहने तक पसगंवा जूनियर हाईस्कूल से संबद्ध कर दिया गया है और इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति गठित की गई है और उसे जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

**स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या का निलंबन समाप्त:** फर्रुखाबाद । जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद ने समाप्त किया स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी का निलंबन लेकिन प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री का कार्यभार ग्रहण कराने से किया इनकार।स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी को संस्था के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री द्वारा झूठे आरोप लगाकर दिनांक 21 अप्रैल 2022 को निलंबित कर दिया गया था दिनांक 17 जून 2022 को जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद ने प्रीति चतुर्वेदी प्रधानाचार्य स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद का निलंबन समाप्त करने का आदेश पारित किया लेकिन प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री द्वारा प्रधानाचार्य को परेशान किया जा रहा है और कार्यभार ग्रहण नहीं करवाया गया कहा गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण कार्यभार ग्रहण नहीं करवाया जाएगा।

## युवक की गला रेतकर हत्या

**देवरिया।** देवरिया जिले के लार थाना अंतर्गत लार निवासी 17 वर्षीय रहमान की बृहस्पतिवार की रात कथित रूप से गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार हत्यारों ने बेरहमी के साथ रहमान के हाथ-पैर की अंगुलियों को भी काट डाला। रहमान की मोटरसाइकिल मईल थाना क्षेत्र में मिली है। उन्होंने कहा कि रहमान के परिजनों के मुताबिक वह बृहस्पतिवार की शाम मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था और कुछ ही देर में उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजन रात भर उसके इंतजार में परेशान रहे। उन्होंने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने उसका शव देखा तो तो पुलिस को सूचना दी।उन्होंने बताया कि पहले तो शव की पहचान नहीं हो सकी, लेकिन सोशल मीडिया पर शव की फोटो देखते ही लार कस्बे के लोगों ने उसे पहचान लिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# विधायक के खिलाफ केस दर्ज करने का दिया निर्देश

**● राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला**

**मुजफ्फरनगर।**यहां की एक सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में पुलिस को पुरकाजी क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। दीवानी न्यायाधीश सीनियर डिवीजन मयंक जायसवाल ने बृहस्पतिवार को अनिल कुमार के खिलाफ सात दिन में मामला दर्ज कर नई मंडी पुलिस थाना को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अदालत ने अधिवक्ता एसके त्यागी की दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 153 (1) के तहत दायर की गई शिकायत पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। आरोपों के अनुसार, अनिल कुमार ने 15 अगस्त 2021 को आयोजित कार्यक्रम में नई मंडी थाना क्षेत्र के पचेंडा मार्ग पर एक पेट्रोल पंप पर राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराया था। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद अनिल कुमार ने घटना पर दुख जताया और कहा कि उनसे गलती हो गई। हाल के विधानसभा चुनाव में अनिल कुमार पुरकाजी सुरक्षित सीट से राष्ट्रीय लोकदल से विधायक निर्वाचित हुए हैं।

**युवती ने जान देने का किया प्रयास:** फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी में शुक्रवार की दोपहर रोज-रोज के झगड़े से तंग आकर 23 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया।

# यश-शुभम की पारियों ने मप्र की उम्मीद जगाई

- पहली बार रणजी चैम्पियन बनने की ओर बढ़ा
- मुंबई के खिलाफ मप्र ने तीसरे दिन तीन विकेट पर 368 रन बना लिए है
- पहली पारी के आधार पर छह रन पीछे

**भाषा।** बेंगलुरु



**युवा बल्लेबाज** यश दुबे और शुभम शर्मा की शतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 222 रन की साझेदारी के दम पर मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल के बाद अपने पहले खिताब की ओर मजबूत कदम बढाए।
मुंबई की पहली पारी में 374 रन का स्कोर बड़ा लग रहा था लेकिन दुबे ने 236 गेंद में 14 चौकों की मदद से 113 और शुभम ने 215 गेंद में 15 चौके और एक छक्का जड़ 116 रन की पारी खेलकर टीम को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। मध्यप्रदेश ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 368 रन बना लिए है और पहली पारी के आधार पर मुंबई से सिर्फ छह रन पीछे है। मध्य प्रदेश को पहली पारी में निर्णायक बढ़त लेने के लिए केवल सात रन की जरूरत है और अगर टीम की बल्लेबाजी चौथी पारी में बुरी तरह से लड़खड़ाती नहीं है तो खिताब उनकी झोली में होगा। मध्य प्रदेश की टीम पिछली बार 1998-99 में रणजी फाइनल में पहुंची थी लेकिन तब उसे कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा था। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 123 से करने के बाद मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों ने तीसरे दिन धैर्य से खेलते हुए 245 रन बनाए लेकिन इस दौरान मुंबई के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। स्टंप्स के समय इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार 106 गेंद में 13 चौकों की मदद से 67 और कप्तान आदित्य श्रीवास्तव 33 गेंद में 11 रन बनाकर खेल रहे थे। टीम की कोशिश अब अपनी बढ़त को इतना बढ़ाने पर होगी जहां से मुंबई को वापसी का मौका नहीं मिल सके। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को मदद मिलने का संकेत नहीं मिल रहा था। दिन में निकली तेज धूप ने बल्लेबाजों का काम और आसान कर दिया। सबसे बड़ी निराशा मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (40 ओवर में एक विकेट पर 117) को हुई, जिन्होंने बहुत अधिक ढीली गेंदें फेंकी। अनुभवी धवल कुलकर्णी (21 ओवर में बिना सफलता के 51 रन) और तुषार देशपांडे (24 ओवर में 73 रन पर एक विकेट) ने भी औसत गेंदबाजी की। मुंबई के गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में विकेट लेने की जगह मेडन ओवर डालने पर जोर दिया जिससे आधे घंटे के खेल के बाद दुबे और शुभम ने लय हासिल कर ली और आसानी से कवर ड्राइव लगाए। इस टीम में रणजी चैम्पियन बनने के इकलौते अनुभवी खिलाड़ी कुलकर्णी ने लगातार ऑफ के काफी बाहर गेंद फेंकी। जिन्हें बल्लेबाजों ने विकेटकीपर के लिए छोड़ दिया। मुलानी के क्रीज पर आते ही शुभम ने लांग ऑफ पर छक्का जड़ा, जिसके बाद कप्तान पृथ्वी साव के चेहरे पर निराशा देखी जा सकती थी। दुबे ने इस सत्र में 613 जबकि शुभम ने 578 रन बनाए है। दोनों ने गेंद को बाउंड्री लगाने के साथ बीच-बीच में एक-एक रन चुराना जारी रखा। अपनी 222 रन की साझेदारी में दोनों ने 76 बार एक-एक रन लिए। अरमान जाफर ने शाट प्वाइंट पर शुभम का कैच टपकाया लेकिन मोहित अवस्थी (20 ओवर में 53 रन देकर विकेट) के अलावा कोई प्रभावित नहीं किया।

## भारत को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**भाषा।** दांबुला

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत ने गुरुवार को पहले टी20 में 34 रन से जीत दर्ज करके दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय टीम शनिवार को अब न सिर्फ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी बल्कि अपने कमजोर पक्षों पर गौर करके बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जीत की लय जारी रखने का प्रयास भी करेगी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को टी20 प्रारूप में शामिल किया गया है। भारत पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 138 रन ही बना पाया था लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से वह जीत दर्ज करने में सफल रहा। लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है।

## पंत ने अभ्यास मैच में दिखाया बल्ले का दम

**भाषा।** लीसेस्टर



**घरेलू परिस्थितियों** में पिछले कुछ मैचों में लचर बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाल ऋषभ पंत ने इंग्लैंड में लीसेस्टरशर के खिलाफ अभ्यास मैच में 87 गेंद में 76 रन की आक्रामक बल्लेबाजी की। मैच अभ्यास के लिए घरेलू टीम की ओर से चार भारतीय खिलाड़ी खेल रहे है जिसमें पंत भी शामिल है। उन्होंने क्रीज पर 154 मिनट बिताए और इस दौरान 14 चौके और एक छक्का लगाया। भारत ने कल के स्कोर आठ विकेट पर 246 रन पर पारी पर घोषित कर दी। लीसेस्टरशर की टीम ने 138 रन पर छह विकेट गंवा दिया था लेकिन पंत ने कुछ शानदार शॉट लगाकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया।

## आस्ट्रेलिया ने पांचवें वनडे में सांत्वना जीत दर्ज की, श्रीलंका ने 3-2 से जीती श्रृंखला

**कोलंबो।** आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां पांचवें और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट की सांत्वना जीत दर्ज की। श्रीलंका ने श्रृंखला 3-2 से अपनी झोली में डाली। आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 161 रन का लक्ष्य मिला लेकिन उसे छह विकेट पर 164 रन तक पहुंचने में बड़ी मुश्किल हुई, हालांकि वह 63 गेंद रहते जीत दर्ज करने में सफल हुई। श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 50 रन कर दिया था लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने नाबाद 45 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। कैरी ने मार्नस लाबुशेन के साथ पांचवें विकेट के लिए 51 रन जोड़े और फिर कैमरोन ग्रीन के साथ सातवें विकेट के लिए नाबाद 43 रन की भागीदारी निभाई। ग्रीन 25 रन बनाकर नाबाद रहे।

## भारत ने महिला वॉलीबॉल में सिंगापुर को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर वॉलीबॉल टीम ने थाईलैंड के नाखोन पाथोम मे 21वे प्रिंसेस कप तीसरे एवीसी महिला चैलेंज कप मे सिंगापुर को 3-0 से हराकर जीत से अपना अभियान शुरू किया। भारत ने टूर्नामेंट के शुरूआती लीग मैच मे 25-16, 25-19 25-08 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम की ओर से कप्तान निर्मल सूर्या और अनुश्री ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया।

## चेन्नई ओपन शतरंज : नितिन ने बढ़त कायम रखी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल की जीत की लय शुक्रवार को शीर्ष वरीय बोरिस सावचेंको के खिलाफ आठवें दौर में ड्रा के साथ टूट गई लेकिन वह 7.5 लेकर 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 की तालिका मे शीर्ष पर बरकरार है। रूस के ग्रैंडमास्टर सावचेंको से 68 चाल मे अंक बांटने वाले नितिन अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पूरे एक अंक आगे है।

## रमीज ने बर्खास्त किए जाने की अफवाहों को खारिज किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चेयरमैन रमीज राजा ने परोक्ष रूप से कहा कि वह शीर्ष पद पर बने रहना चाहते है। हालांकि लंबे समय से अटकलें चल रही है कि ऐसी संभावना है कि सरकार उन्हे बर्खास्त कर सकती है। अटकलो के हिसाब से प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ जल्द ही रमीज की जगह पीसीबी चेयरमैन पर अपनी पसंद का व्यक्ति लाएगे।

## दारूवाला ने मैकलारेन के साथ सफल फॉर्मूला वन कार से अभ्यास पूरा किया

**मुंबई।** युवा भारतीय फार्मूला टू रेसर जेहान दारूवाला ने आठ बार के कंस्ट्रक्टर्स (टीम चैम्पियनशिप) विजेता मैकलारेन के साथ इस सप्ताह फॉर्मूला वन परीक्षण मे सफल शुरुआत की और अब वह सुपर लाइंस केलिए पात्र है। दारूवाला का सपना भारत का तीसरा फार्मूला वन चालक बनने का है। फार्मूला टू के मौजूदा सत्र मे तालिका मे तीसरे स्थान पर काबिज 23 साल के जेहान ने इंग्लैंड मे सिल्वरस्टोन सर्किट पर एमएलसी35एम कार पर हाथ आजमाया।

## एक्सॉनमोबिल से जुड़े नीरज चोपड़ा

**बेंगलुरु।** एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्रा् लि् ने अपने नेक्स्ट जनरेशन पैसेंजर व्हीकल लुब्रिकेंट्स मोबिल सुपर को एकदम नए लेबल्स के साथ नई और बेहतर पैकेजिंग में लॉन्च किया है। साथ ही उन्होंने इस बदलाव का संदेश देने के लिये अपने ब्राण्ड एम्बेसेडर और टोक्यो ओलम्पिक्स में स्वर्ण पदक विजेता पद्मश्री नीरज चोपड़ा को उतारा है। इन नई एवं बेहतर पैकेजिंग में बॉटल्स पर नया क्यूआर कोड बेस्ड एंटी काउंटरफिट फ ीचर दिया गया है ताकि उपभोक्ता उत्पादों की प्रामाणिकता का सत्यापन कर सकें और नकली उत्पादों से बच सकें। नई पैकेजिंग के लॉन्च के साथ एक्सॉनमोबिल ने अपनी मोबिल सुपर 3000 सीरीज का नाम बदलकर मोबिल सुपर ऑल इन वन प्रोटेक्शन सीरीज, मोबिल सुपर 1000 सीरीज का नाम मोबिल सुपर फ्रिक्शन फ इटर सीरीज और मोबिल सुपर एचपी का नाम मोबिल सुपर एवरीडे प्रोटेक्शन कर दिया है। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स के सीईओ विपिन राणा ने कहा कि टेक्नोलॉजी में अग्रणी होने के नाते एक्सॉनमोबिल हमेशा ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के नये तरीके खोजती है।

## तीरंदाजी विश्व कप में भारत की कंपाउंड मिश्रित जोड़ी फाइनल में

- दूसरा पदक पक्का

**भाषा।** पेरिस



**भारतीय** तीरंदाज अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने विश्व कप चरण तीन के फाइनल में पहुंचने के साथ ही शुक्रवार को यहां देश के लिए दूसरा पदक पक्का कर लिया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने गुरुवार को रिकर्व महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पहला पदक पक्का किया था। वर्मा और ज्योति की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी ने एस्टोनिया की जाटमा और लिसेल जाटमा को सेमीफाइनल के एकतरफा मुकाबले में 156-151 से हराया। अंतिम-16 में बाई हासिल करने के बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत प्यूर्तो रिको को आठ अंकों के शानदार अंतर (158-150) से पछाड़कर किया। भारतीय जोड़ी को अंतिम-आठ में अल सल्वाडोर के रॉबर्टो हर्नांडेज और सोफिया पेज से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जिससे इस मुकाबले का नतीजा शूट-ऑफ से निकला। मुश्किल परिस्थितियों में वर्मा और ज्योति ने अपनी एकाग्रता बनाए रखी और अंतिम स्कोर 155-155 (19-19) के बाद शूट-ऑफ में जीत दर्ज की। तरुणदीप राय और अंकिता भगत की भारतीय रिकर्व मिश्रित जोड़ी को हालांकि, निचली रैंकिंग की टीम कजाकिस्तान से पहले दौर के मुकाबले में शूटऑफ में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी 4-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख पाई। शूट ऑफ में राय और अंकिता ने नौ-नौ अंक के निशाने लगाए जबकि प्रतिद्वंद्वी निशानेबाजों ने 10-10 का स्कोर किया। इस स्पर्धा में दीपिका की जगह अंकिता को मौका दिया गया था। दीपिका ने क्वालीफिकेशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। इस बीच व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। अनुभवी जयंत तालुकदार भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहे जो अंतिम-32 में शीर्ष वरीय किम वूजिन से कड़े मुकाबले में हारकर बाहर हो गए तालुकदार ने 0-4 से पिछड़ने के बाद जोरदार मुकाबला करते हुए स्कोर को 5-5 किया लेकिन वह तोक्यो ओलंपिक के चैम्पियन से शूट ऑफ में हार गए।

### 2028 ओलंपिक में इनडोर कम्पाउंड स्पर्धाओं को शामिल करने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** विश्व तीरंदाजी (डब्ल्यूए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों मे इनडोर कम्पाउंड स्पर्धाओं को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। भारत मे इस खेल के हाई परफार्मेंस निदेशक ने उम्मीद जताई कि अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है तो यह देश केलिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। फिलहाल ओलंपिक खेल मे केवल रिकर्व स्पर्धाएं होती है। अधिक अंक वाले कम्पाउंड स्पर्धा को इनडोर (अंदर) और आउटडोर (बाहर) दोनों जगह खेला जा सकता है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने बत्रा को आईओए प्रमुख के रूप में काम करना बंद करने का आदेश दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च न्यायालय** अनुभवी खेल प्रशासक नरिंदर बत्रा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष के रूप मे काम नही करने का शुक्रवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा की अवकाश पीठ ने ओलंपियन और हॉकी विश्व कप विजेता असलम शेर खान द्वारा दायर अवमानना याचिका पर यह आदेश पारित किया। खान की ओर से पेश हुए वकील वंशदीप डालमिया ने कहा, अदालत ने आदेश दिया कि नरिंदर बत्रा को तत्काल प्रभाव से आईओए अध्यक्ष के रूप में काम करना बंद कर देना चाहिए।

## आईओए राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के लिए एएफआई कोटा बढ़ाएगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) राष्ट्रमंडल खेलों मे भाग लेने के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का कोटा बढ़ाएगा ताकि अतिरिक्त एथलीट प्रतियोगिता मे हिस्सा ले सकें। न्यायालय 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे भाग लेने से खुद को बाहर किए जाने की चुनौती देने वाले एथलीट तेजस्विन शंकर की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक एथलीट का करियर मुख्य रूप से चार-पांच वर्षो का होता है ।

## सूर्य व संजू अंतिम एकादश में वापसी को तैयार

- आयरलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच

भाषा। मालहिडे



**स्ट्रोक** खेलने वाले शानदार खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन रविवार से आयरलैंड के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम के अंतिम एकादश में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की जगह वापसी करेंगे।
मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इस समय लीसेस्टर में हैं इसलिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करेंगे। और उनके द्रविड़ द्वारा बनाई गई योजना का अनुकरण करने की उम्मीद है। अय्यर और पंत टेस्ट टीम में हैं तो सूर्य और सैमसन निश्चित रूप से शुरूआत करेंगे। सूर्य कलाई की चोट के बाद वापसी कर रहे हैं जबकि सैमसन के लिए अपनी काबिलियत साबित करने का यह अंतिम मौका हो सकता है जिसका वह बखूबी इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे। सूर्य पिछले एक साल से भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के नियमित खिलाड़ी हैं और अपने स्थान पर वापसी करेंगे। लेकिन जहां तक सैमसन की बात है तो उनके विकल्प दीपक हुड्डा हो सकते हैं जो अपनी ऑफ स्पिन से कुछ ओवर गेंदबाजी भी कर सकते हैं और उनमें गेंद को हिट करने भी अच्छी काबिलियत है। हालांकि अगर कोच द्रविड़ की योजना का तरीका देखें तो वह ज्यादा विकल्प तलाश करने में विश्वास नहीं करते। और भारत जब तक एशिया कप खेलता है तो उन्हें स्थानों को भी तय करने की जरूरत होगी। रूतुराज गायकवाड़ ज्यादा सफल नहीं रहे ह।

### भारतीय टेस्ट बल्लेबाज एम विजय ने करीब दो साल बाद खेल में वापसी की

**चेन्नई।** भारतीय टीम से बाहर किए गए टेस्ट बल्लेबाज मुरली विजय ने शुक्रवार को करीब दो साल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मे वापसी की। वह यहां से करीब 700 किमी दूर स्थित तिरुन्नेलवेली मे तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) मे रूबी ट्रूची वारियर्स के लिए खेलने उतरे। हालांकि वह 13 गेंद मे आठ रन ही बना सके और रन आउट हुए। अंतिम बार सितंबर 2020 मे दुबई मे इंडियन प्रीमियर लीग मैच मे चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलने वाले 61 टेस्ट के अनुभवी विजय घरेलू क्रिकेट मे भी तमिलनाडु के लिए नही खेले थे और न ही वह पिछले साल टीएनपीएल मे खेले थे। वह स्थानीय टीएनसीए लीग मे भी नही खेले थे। वह अंतिम बार तमिलनाडु के लिए दिसंबर 2019 मे रणजी ट्राफी मे खेले थे। उनका भारत के लिए अंतिम टेस्ट 2018 मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ मे था। टीएनपीएल से पहले विजय ने कहा था, मै जितना संभव हो सके, उतने लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। मैने व्यक्तिगत ब्रेक लिया था।

## श्रीहरि, अनीष का चमकना जारी

- सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप

**भाषा।** सिंगापुर

**श्रीहरि नटराज** और अनीष गौड़ा ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दिन अपनी अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों में जुटे श्रीहरि ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 25.69 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। अनीष ने अपनी झोली में दो और पदक डाले। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 1:52.47 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक और व्यक्तिगत मेडले स्पर्धा में 4:37.18 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। इन दोनों तैराकों ने प्रतियोगिता के पहले दिन भी स्वर्ण पदक जीते थे। सुवाना सी भास्कर तीसरी भारतीय तैराक रहीं जिन्होंने महिलाओं की बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 29.82 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। श्रीहरि, ए एस आनंद डी आदित्य और रामा राव संभाव ने चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 3:26.82 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता।

## मनु भाकर ने कुमार सुरेंद्र मेमोरियल निशानेबाजी में दो स्वर्ण पदक जीते

**भाषा।** भोपाल



**शीर्ष पिस्टल** निशानेबाज मनु भाकर ने शुक्रवार को यहां 20वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी प्रतियोगिता में महिला और जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल खिताब जीतकर दो स्वर्ण पदक हासिल किए। हरियाणा की 20 साल की निशानेबाज ने 263.9 अंक के स्कोर से आठ महिलाओं के सेमीफाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ा। हमवतन अर्शदीप कौर ने मनु को कड़ी चुनौती दी और स्वर्ण पदक के मुकाबले में भी यही हाल रहा। लेकिन पूर्व नंबर एक निशानेबाज मनु ने करीबी फाइनल में कौर को 16-14 से शिकस्त दी। कौर 260.5 अंक के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि हरियाणा की राधिका तंवर ने कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला स्पर्धा में मनु ने 249 के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की युविका तोमर को 16-12 से पराजित किया। युविका तोमर ने 252.7 अंक से दूसरा और हरियाणा की लक्षिता ने 246.7 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। शिखा नरवाल ने युवा वर्ग में जीत हासिल की जिसमें लक्षिता ने रजत पदक जीता। युविका ने अंजलि चौधरी और देवांशी धामा के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के लिए टीम खिताब जीता। हरियाणा ने रजत जबकि महाराष्ट्र ने कांस्य पदक हासिल किया।

## पीसीबी आईपीएल की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को आईसीसी बैठक में चुनौती देगा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए प्रस्तावित ढाई महीने की विस्तारित विंडो (अवधि) को चुनौती देने का फैसला किया है। पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा कि आईसीसी के अगले सम्मेलन मे इस मुद्दे को उठाया जाएगा। राजा ने शुक्रवार को यहां एक मीडिया कांफ्रेंस मे कहा, आईपीएल विंडो को बढ़ाने पर अभी तक कोई घोषणा या निर्णय नही हुआ है। मै इस मुद्दे पर आईसीसी सम्मेलन मे अपनी राय दूंगा। मेरी बात स्पष्ट है: अगर विश्व क्रिकेट मे कोई विकास होता है, जिसका मतलब है कि हम पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। ऐसे मे हम इसे बहुत ही जोरदार तरीके से चुनौती देगे और आईसीसी मे अपनी बात मजबूती से रखेंगे। पीसीबी के फैसले को आधिकारिक रूप से चुनौती देने का फैसला बीसीसीआई सचिव जय शाह के उस बयान पर आया है जिसमे उन्होने पीटीआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार मे कहा था कि भारतीय बोर्ड को 2024 से 2031 तक के आईसीसी के अगले एफटीपी (भविष्य दौरा कार्यक्रम) चक्र मे आईपीएल के लिए एक विस्तारित विंडो मिलेगी।

## मिशेल का तीसरा शतक, न्यूजीलैंड के लंच तक आठ विकेट पर 325 रन



**लीड्स (इंग्लैंड)।** टॉम ब्लंडेल अपने पगबाधा फैसले का रिव्यू नही ले सके क्योंकि उस समय डीआरएस प्रणाली काम नही कर रही थी जिससे न्यूजीलैंड ने इंग्लैड के खिलाफ तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक आठ विकेट पर 325 रन बना लिए। इंग्लैड के तेज गेदबाज मैथ्यू पोट्स ने इस तकनीकी समस्या का फायदा उठाते हुए ब्लंडेल का विकेट झटका जिन्होंने 55 रन बनाए। पोट्स की गेंद सामान्य स्थिति मे रिव्यू करने लायक दिख रही थी लेकिन इसने ब्लंडेल की पारी खत्म कर दी। ब्लंडेल और डेरिल मिशेल (109 रन) ने तीन मैचों की श्रृंखला मे 195, 236 और 120 रन की साझेदारियां बना ली है जिसमे इंग्लैड ने 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है। मिशेल ने स्पिनर जैक लीच पर छक्का जड़कर श्रृंखला मे अपना तीसरा शतक जड़ा। लीच ने सत्र की अंतिम गेद पर मिशेल को आउट किया जिनका कैच जाक क्राउले ने लपका। टीम साउदी 33 रन बनाकर खेल रहे थे। विकेटकीपर बेन फोक्स ने मिशेल का कैच छोड़कर उन्हे 80 रन पर जीवनदान दिया था। न्यूजीलैड ने सुबह पांच विकेट पर 225 रन से आगे खेलना शुरू किया था। शुरूआती सत्र मे टीम ने माइकल ब्रेसवैल (13) का विकेट भी गंवाया।

## भारत महिला अंडर-17 विश्व कप में ब्राजील, मोरक्को और अमेरिका के साथ

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत को आगामी अंडर-17 फीफा महिला विश्व कप के लिए शुक्रवार को हुए ड्रा मे फुटबॉल पावरहाउस ब्राजील, मोरक्को और अमेरिका के साथ मुश्किल ग्रुप ए मे रखा गया है। देश 11 से 30 अक्टूबर तक तीन स्थलो पर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। चार ग्रुप मे कुल 16 टीमे टूर्नामेंट मे हिस्सा लेंगी जिसके मुकाबले भुवनेश्वर, गोवा और नवी मुंबई मे खेले जाएंगे। भारत अपने अभियान की शुरूआत अमेरिका के खिलाफ 11 अक्टूबर (मंगलवार) को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम मे करेगा। दूसरा मैच मोरक्को के खिलाफ 14 अक्टूबर (शुक्रवार) को इसी स्थल पर खेला जाएगा। मेजबान टीम का अंतिम ग्रुप चरण मैच ब्राजील के खिलाफ 17 अक्टूबर (सोमवार) को होगा। भारत को विश्व कप के 2020 चरण की मेजबानी करनी थी लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते टूर्नामेंट रद्द कर दिया गया था। 2018 चरण के फाइनल मे मेक्सिको को हराने वाले गत चैम्पियन स्पेन को ग्रुप सी मे कोलंबिया, चीन और मेक्सिको के साथ रखा गया है। उत्तर कोरिया टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम है जिसने 2008 और 2016 मे ट्राफी जीती है जबकि जापान, दक्षिण कोरिया और फ्रांस ने एक एक बार खिताब जीते है।

## 113वीं रैंकिंग की खिलाड़ी से खेल कर शुरुआत करेंगी सेरेना

- विम्बलडन की तैयारी

**भाषा।** विम्बलडन (इंग्लैंड)



**वापसी कर** रही सेरेना विलियम्स विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के शुरूआती मुकाबले में फ्रांस की 24 साल की हार्मनी टैन के सामने होंगी जिनकी रैंकिंग 113 है। रिकॉर्ड 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब अपने नाम कर चुकी सेरेना एक साल पहले सेंटर कोर्ट पर पहले दौर के पहले सेट के दौरान पैर में चोट लगा बैठी थीं। इसके बाद से वह किसी भी टूर्नामेंट के एकल में पहली बार शिरकत करेंगी। सेरेना पिछले 12 महीने में किसी टूर्नामेंट में नहीं खेली जिससे वह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 1,200 से बाहर हैं। उन्होंने इस हफ्ते ही टूर पर वापसी की और इंग्लैंड में तैयारियों के टूर्नामेंट में दो युगल मैच खेले। वह सात बार विम्बलडन चैम्पियनशिप जीत चुकी हैं जबकि टैन ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी। पहली बाधा पार करने के बाद सेरेना का सामना 32वीं वरीय सारा सोरिबेस टोर्मो से हो सकता है जबकि तीसरे दौर में उन्हें छठी वरीय कैरोलिना प्लिस्कोवा से चुनौती मिल सकती है जो पिछले साल उप विजेता रही थीं और 2016 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में सेरेना को हराकर फाइनल में पहुंची थी। गत चेम्पियन एश बार्टी ने मार्च में 25 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था और वह अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगी।

### मालोर्का के क्वार्टर फाइनल में आगुट से हारे मेदवेदेव

**पाल्मा।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट से सीधे सेटो मे हारकर बाहर हो गए जिससे उनका इस सत्र मे घसियाले कोर्ट पर खिताब जीतने का सपना टूट गया। विश्व मे 20वीं रैंकिंग के बॉतिस्ता आगुट ने मेदवेदेव 6-3, 6-2 से हराया। रूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण मेदवेदेव विबलडन मे नही खेल पाएंगे। स्पेन के बॉतिस्ता आगुट की विश्व मे नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ यह चौथी जीत है। उन्होंने पिछली तीन जीत नोवाक जोकोविच के खिलाफ दर्ज की थी। बॉतिस्ता आगुट सेमीफाइनल मे 303वीं रैंकिंग के स्विस क्वालीफायर एंटोनी बेलियर से भिड़ेंगे, जिन्होंने नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर को 5-7, 7-6 (5), 6-2 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास ने एक अन्य मैच में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को ढाई घंटे से अधिक समय मे 7-6 (5), 4-6, 6-3 से पराजित किया। यूनान के इस खिलाड़ी का सामना अब फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा, जिन्होंने जर्मनी के डेनियल अल्तमेयर को 6-3, 6-4 से हराया।

### आंद्रीस्कू पहली बार ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**बैड होमबर्ग (जर्मनी)।** बियांका आंद्रीस्कू ने बैड होमबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को 6-4, 6-1 से हराकर अपने करियर में पहली बार घसियाले कोर्ट पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन आंद्रीस्कू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार कसातकिना की सर्विस तोड़ी। कनाडा की इस खिलाड़ी ने अपना आखिरी खिताब 2019 में यूएस ओपन के रूप में जीता था। उनका अगला मुकाबला सिमोना हालेप से होगा।

### क्वितोवा ईस्टबॉर्न फाइनल में पहुंची, ओस्टापेंको के खिलाफ खिताबी भिड़ंत

**ईस्टबॉर्न।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने शुक्रवार को ईस्टबॉर्न में बीट्रीज हदाद मैया को 7-6, 6-4 से हराकर चार साल में अपने पहले ग्रास-कोर्ट फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में क्वितोवा का सामना मौजूदा चैंपियन एलेना ओस्टापेंको से होगा। आठवीं वरीयता प्राप्त लातविया की इस खिलाड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त केमिला जॉर्जी को 6-2, 6-2 से हराया। हदद मैया ने इस मुकाबले से पहले पिछले दो सप्ताह में नॉटिंघम और बर्मिंघम में लगातार दो एकल खिताब सहित घास पर लगातार 12 मैच जीते थे। चौदहवीं वरीयता प्राप्त क्वितोवा 2022 के अपने पहले फाइनल और 2018 में बर्मिंघम के बाद पहले ग्रास-कोर्ट फाइनल में पहुंची। पुरुषों के सेमीफाइनल में, गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा।

# डीएम ने गांव का भ्रमण कर जानीं ग्रामीणों की समस्याएं

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** नेहा जैन ने अकबरपुर तससील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मड़वाई का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक अर्चना यादव ने बताया कि विद्यालय में पंजीकृत 94 बच्चों में से 68 उपस्थित मिले। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की उपस्थित बेहद कम है, इसमें सुधार लाये। वहीं उन्होंने बच्चों से पुस्तक का पाठन कराया, जिसे बच्चे द्वारा कुशलतापूर्वक पुस्तक का पाठन किया गया, जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि स्कूल में साफसफाई पर विशेष ध्यान दे, बच्चों को मिड-डे मील समय पर उपलब्ध कराये तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये, वहीं जिलाधिकारी ने रसोईयां से रसोई के सम्बन्ध में जानकारी, इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने वहीं संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव ने बताया कि अभी आंगनबाड़ी का भवन यहां पर निर्मित नही है, अभी अस्थाई विद्यालय में ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी भवन बनवाये जाने की कार्यवाही करें। वहीं जिलाधिकारी ने बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश दिये तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एएनएम एवं आरबीएसके की टीम लगातार भ्रमण कर जांच करें तथा बच्चों के स्वास्थ्य में कुछ कमियां पाये जाने पर उनका इलाज भली भांति करें। वहीं जिलाधिकारी ने पोषण किट भी वितरित किये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पंचायत भवन मड़वाई का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंचायत मित्र कक्ष, पंचायत सचिव कक्ष, प्रधान कक्ष आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंचायत मित्र से प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, पेंशन, परिवार रजिस्टर, जन्म प्रमाण पत्र आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली तथा उन्होंने निर्देश दिये कि गांव में ग्रामीणजनों के आवासए पेंशनए जन्म प्रमाण पत्र आदि उपलब्ध कराने में प्रगति लाये तथा रजिस्टर सभी पूर्ण रखे। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने वहीं ग्रामीणों से चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुनाए इस मौके पर उपस्थित तहसीलदार व लेखपाल, जिला पूर्ति अधिकारीए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि गांव में साफ सफाई, विद्युत, पेयजल आदि की व्यवस्थाएं दुरस्त रहे। वहीं ग्रामीणजनों ने बताया कि गांव में बरसात के समय पानी का जलभराव हो जाता है इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात से पहले गांव के सभी नाले, नालियां साफ सुथरी हो जायेए कही जलभराव की स्थिति न होने पाये। वहीं जिलाधिकारी ने गांव में संचालित राशन वितरण की दुकान का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस राशन की दुकान से मुस्तफाबाद, बलभद्रापुर के भी ग्रामीणजनों को राशन वितरण किया जाता है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने राशन लेने आयी हुए लाभार्भियों से वार्ता भी की तथा उनकी समस्याओं को सुना, जिस पर बताया गया कि राशन समय पर उपलब्ध हो जाता है। वहीं जिलाधिकारी ने एक महिला को मौके पर ही ईपॉस मशीन के द्वारा राशन वितरित कराया। वही जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि राशन वितरण में घटतौली एवं किसी का राशन अनावश्यक तरीके से न काटा जाये तथा लाभार्थियों को राशन वितरण में परेशान न करे। वहीं जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी अन्त्योदय कार्ड धारकों का गोल्डन कार्ड अवश्य बन जाना चाहिएए इसमें लापरवाही न की जाये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गांव का पैदल भ्रमण किया। इस मौके पर ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश भी दिये। इस मौके पर तहसीलदार रणविजय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमार, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

## किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन के मण्डल उपाध्यक्ष रशीद अहमद आजाद ने किसानों के साथ मिलकर अपने छतेनी गांव के आवास में एसडीएम अजय कुमार राय को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौपा गया। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन के मण्ड्ल उपाध्यक्ष रशीद अहमद आजाद के छतेनी गांव के आवास में एसडीएम अजय कुमार राय और सीओ तनु उपध्याय पहुचे एजहां पर मण्डल उपाध्यक्ष रशीद अहमद आजाद ने तहसील अध्यक्ष रामबहादुर शर्मा एश्री प्रकाश यादव एमुन्नूलालए जगदीशए शिव प्रसाद एरामसिंह एरतीराम एमन्नालाल आदि किसानों ने नवजवानों के फौज में भर्ती का नया कानून वापस किया जाए एनिचली गंगा नहर इटावा प्रखंड भोगनीपुर के अंतर्गत राजधान माइनर का एरिया कमांड में जोड़ा जाए एभारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष श्री विपिन तिवारी के ऊपर लगे थाना रसूलाबाद में मुकदमे वापस लिए जाएं आदि किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन एसडीएम अजय कुमार राय को सौपा गया ।

## क्विक न्यूज

### यमुना में डूबे दो युवक, तलाश जारी

**पुखरायां, कानपुर देहात।** मूसानगर थाना क्षेत्र के मुक्ता देवी मंदिर के पास यमुना नदी में युवक नहाने के लिए आए हुए थे एजहां पर नहाते समय यमुना नदी में डूब गए एजिससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई पुलिस के द्वारा गोताखोर के नदी युवकों की तलाश जारी है। मूसानगर के एसओ महेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि एकाएक थाना क्षेत्र के मदा का पुरवा के विक्रम सिंह (20) और घाटमपुर के रामपुर गांव के प्रिंस (16) मूसानगर के मुक्ता देवी मंदिर के पास यमुना नदी में नहाने के लिए आए हुए थे एजहां पर नहाते समय अधिक बहाव के कारण दोनों युवक डूब गए जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई पुलिस के द्वारा गोताखोरों को बुलाकर यमुना नदी में दोनों की तलाश किया जा रही है।

### युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

**पुखरायां,कानपुर देहात।** देवरहट थाना क्षेत्र के सुजौर गांव में संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक ने पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया एपरिजनों को ग्रामीणों के द्वारा जानकारी होने पर घर मे कोहराम मच गया पुलिस को सूचना मिलने पर जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। देवरहट थाना क्षेत्र के सुजौर गांव के पुरवा ने बताया कि उनके लड़का सतीश (27) पुत्र पूरन संदिग्ध परिस्थिति में आम के पेड़ से कपड़े के सहारे लटक कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली परिजनों को ग्रामीणों के द्वारा जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया एदेवरहट पुलिस मौके पर पहुचकर जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया एवही पर मृतक के पिता पूरन एमृतक के भाई दिनेश और अवधेश एमृतक माँ मीना देवी एमृतक की पत्नी पूनम आदि का रो रोकर बुरा हाल हो गया ।

### सहायक प्रबन्धक के स्थानान्तरण पर दी गयी विदाई

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** सहायक प्रबंधक का स्थानांतरण हुआ तो बैंक कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहना कर सहायक प्रबंधक को यादगार विदाई दी। रसूलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत तिलती में स्थित यूनियन बैंक ऑफइंडिया में सहायक प्रबंधक विशाल अग्रवाल का स्थानांतरण लखनऊ बैंक में हो गया। गुरुवार को शाखा कर्मचारियों ने विशाल अग्रवाल के लिए विदाई समारोह का आयोजन रखा जिसमें तमाम क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में बोलते हुए शाखा प्रबंधक दिगंबर जैन वर्मा ने बताया कि विशाल अग्रवाल अपने कार्य के बहुत दिलचस्पी रखते थे वह काम को पूरा करने के बाद ही बैठते थे उनके जाने का हम सबको दुख है लेकिन नौकरी में स्थानांतरण प्रक्रिया लगी ही रहती है हम लोग जहां रहेंगे वहां बैंक का काम ही करना पड़ेगा। शाखा प्रबंधक ने विशाल अग्रवाल को फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक दिगंबर जैन वर्माएउप शाखा प्रबंधक भगवान सिंह यादवए कैशियर अशोक कुमारए बीसी अमर सिंहएवई द्विवेदी सतीश कुमारएअर्पित तिवारीए महेंद्र गुप्ताएअभय सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**जहानगंज फर्रुखाबाद।** दो दिन पूर्व मोहल्ले में हुए शादी समारोह के पंडाल में रोशनी के लिए डाली गई बिजली लाइन के खुले तार की चपेट में आने से शुक्रवार को 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। गांव बदरीपुर में 22 जून को दिनेश शुक्ला की पुत्री अंशिका की शादी के लिए टेंट लगाया गया था। शादी में डीजल बचाने के चक्कर में लोकल लाइन से तार डालकर पंडाल को रोशन किया गया। समारोह के बाद पंडाल तो खुल गया लेकिन पाइप वहीं रह गए और तार भी पड़ा रहा। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे गांव के सुधीर शुक्ला का 24 वर्षीय पुत्र अभय शुक्ला कूड़ा फेंकने जा रहा था। अचानक लोहे के तसले में वह तार छू गया। जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया। युवक के चीखने पर पास खड़ी शालिनी मौके पर पहुंची और उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। चीख पुकार सुनकर अभय की मां अनीता देवी भाई अनुभव बहन मधु मौके पर पहुंच गई लेकिन तब तक अभय ने दम तोड़ दिया। स्वजन ने स्थानीय चिकित्सक को युवक को दिखाया तो उन्होंने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अभय के पिता भोपाल में नौकरी करते हैं उन्हें सूचना दे दी गई है। पिता के आने के बाद ही अगली प्रक्रिया की जाएगी।

### अधिवक्ता पर मुकदमे के विरोध में रही कलमबंद हड़ताल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** दस दिन पहले अधिवक्ता व अनुसूचित जाति के परिवार के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मुकदमे दर्ज कराए। जिसमें एक अधिवक्ता व एक महिला अधिवक्ता भी नामजद आरोपित हैं। वकीलों के खिलाफदर्ज हुए मुकदमे को झूठा बता कर रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल कर मुकदमा खारिज करने की मांग की थी। मारपीट, बलवा व अनुसूचित जाति उत्पीड़न के मामले में अधिवक्ता श्रीकृष्ण व विनीता पाल सहित कई अन्य लोगों पर दर्ज रिपोर्ट को झूठा बताकर रेवन्यू बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य से विरत रहने के साथ ज्ञापन देकर हड़ताल व धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इसी क्रम में अधिवक्ताओं ने दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल की साथ ही तहसील कार्यालय में धरना पर बैठकर एफआइआर खारिज करने की मांग की।

### हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से आग लगी, सामान जला

**कंपिल फर्रुखाबाद।** बिजली की हाईटेंशन ;एचटी लाइन की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। आग की जद में आकर पांच लोगों का भूसा व कंडे जलकर राख हो गए। दमकल की मदद से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। गांव जसरथपुर निवासी गजेंद्र पाल की आरा मशीन गांव किनारे स्थित है। आरा मशीन के किनारे पड़ी झोपड़ी के ऊपर से एचटी लाइन निकली है। शुक्रवार दोपहर लाइन में फाल्ट होने से निकली चिंगारी झोपड़ी के ऊपर रखे छप्पर पर गिरने से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें देखकर ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने आनन.फानन आग को बुझाने का प्रयास किया। आग से आरा मशीन में रखी कई क्विंटल लकड़ियों के अलावा राकेश रामलड़ैते शेर सिंह व सचिन का भूसा व कंडे जल गए। ग्रामीणों ने बालू मिट्टी नल पंपिंग सेट व दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की।

### आदेश का पता नहीं, शिक्षक मनमाने स्कूल का दे रहे आफर

**फर्रुखाबाद ।** बेसिक शिक्षा विभाग से अभी जिला स्तरीय तबादले का कोई भी आदेश जनपद को प्राप्त नहीं हुआ हैए लेकिन शिक्षकों ने मनमाने स्कूलों में तबादले के आफर देने शुरू कर दिए हैं। कोई शमशाबाद से राजेपुर तो कोई मोहम्मदाबाद से कमालगंज ब्लाक में तबादले की बात लिखकर ग्रुपों पर मैसेज डाल रहा है। परिषदीय विद्यालयों में जिला स्तर पर शिक्षकों के तबादले किया जाना प्रस्तावित है। हालांकि अभी तबादले की कोई तिथि नहीं। आई है लेकिन जनपद के शिक्षक ग्रुपों पर तबादले के लिए मैसेज डाल रहे हैं। किसी शिक्षक ने मैसेज डाला है कि जिसे राजेपुर से शमसाबाद आना है वह उनसे संपर्क करे। संपर्क के लिए शिक्षक अपने नंबर भी डाल रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लालजी यादव ने बताया कि अभी जिला स्तरीय तबादले के कोई भी आदेश नहीं मिले हैं। आदेश आने के बाद ही तबादला प्रक्रिया शुरू होगी।

### जहरखुरानी गिरोह ने युवक को बेहोश कर लूटा

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** दिल्ली से फर्रुखाबाद आ रहे युवक को बेहोश कर जहरखुरानी गिरोह ने नकदी, मोबाइल फोन व बैग लूट लिया। चालक परिचालक यात्री को रास्ते में उतार कर चले गए। खोजबीन कर पहुंचे स्वजन ने बेहोशी अवस्था में युवक को नर्सिंग होम में भर्ती कराया। गांव कुईया संत निवासी अख्तर अली के 19 वर्षीय पुत्र सोहेल ने गुरुवार को दिल्ली से रोडवेज बस से घर आने की सूचना स्वजन को दी। रास्ते में जहरखुरानी गिरोह ने सोहेल को बेहोश कर नकदी, मोबाइल फोन और कपड़ों से भरा बैग लूट लिया। चालक परिचालक शुक्रवार सुबह बेहोशी हालत में सोहेल को फैजबाग चौराहे पर उतार कर चले गए। जब स्वजन उसे देखने चौराहे पर पहुंचे तो वह बेहोश अवस्था में पड़ा था। उसे नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। अख्तर अली ने बताया कि सोहेल दस हजार की नकदी लेकर आ रहा था। उसका नकदीए मोबाइल फोन और कपड़ों से भरा बैग लूट लिया गया। लुटेरे अपना दूसरा बैग छोड़ गए जिसमें बनियान, अंडरवियर तथा एक डिब्बा है। पुलिस ने घटना की जानकारी से इन्कार किया है।

### पुलिस को देखकर जुआरी भागे, पांच बाइकें सीज

**फर्रुखाबाद ।** शमसाबाद थाना के गंगा कटरी क्षेत्र में लाखों का जुआ होने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को देखकर जुआरी मौके से भाग गए। मौके पर मिली पांच बाइक पुलिस थाने ले आई। जिन्हें छुड़ाने के लिए राजनीतिक लोग लगे रहे। पुलिस ने पांचों बाइकें लावारिस में सीज कर दीं। गुरुवार शाम ढाई घाट गंगा कटरी क्षेत्र के गांव समैचीपुर चितार के पास खेतों में कई दिनों से जुआ का फड़ लग रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने गुरुवार शाम पुलिस को दी। जिस पर पुलिस सादे कपड़ों में पहुंची। इससे पूर्व ही जुआरियों को पुलिस के आने की सूचना मिलने पर वह मौके से भाग गए। जुआरियों की पांच बाइकें मौके पर छूट गईं। जिन्हें पुलिस थाने ले आई। बाइकें छुड़ाने के लिए कई छुटभैये नेता लगे रहे। थाना प्रभारी मनोज कुमार भाटी ने बताया मौके पर पांच बाइकें मिली थीं। जिन्हें लावारिस में सीज कर दिया गया है। जुआरियों के बारे में जानकारी की जा रही हैए कार्रवाई की जाएगी।

### एडीएम ने नाला, नालियों का किया निरीक्षण

**फ़तेहपुर।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आज़ शहर क़ी जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने सीओ कार्यालय के पास पुलिया, कर्बला पुलिया, मराईनटोला पुलिया का पुनः निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक अभियंता निर्माण को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र के सभी जलभराव वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए। आवश्यकतानुसार पंपिंग सेट की व्यवस्था कर ली जाए। बरसात के मौसम पर जलभराव ना होने पाए।

# सड़क हादसों में वृद्ध सहित दो की मौत, एक घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान वृद्ध सहित दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के अकीलाबाद गांव निवासी बाबू सिंह का 62 वर्षीय पुत्र लाखन सिंह गुरूवार की शाम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह शाह कस्बा के बड़े पुल के समीप पहुंचे उसी समय पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे लाखन सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई।

वहीं साथ में बैठा पुत्र धर्मेंद्र घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह निवासी राम प्रसाद गुप्ता का 49 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार गुप्ता बाइक से शहर के देवीगंज अपनी पुत्री रोशनी की ससुराल आया था। देर रात लगभग नौ बजे गांव वापस लौटते समय जब वह मदरियापुर के समीप पहुंचा उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## डंपर की टक्कर से महिला समेत दो लोग घायल, रेफर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के झांसी.कानपुर हाइवे पर एक डम्फर ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी एजिसमें महिला सहित दो लोग घायल हो गए एस्थानीय लोगो की मदद से सीएचसी लाया गया जहां पर उपचार के बाद एक घायल को जिला अस्पताल रिफर किया गया। भोगनीपुर क्षेत्र के असेवा गांव के मोनू ने बताया कि गांव के आसुतोष (30) अपनी माँ, सुदामा (50) पत्नी श्यामसुन्दर सिह को बाइक में बिठाकर पुखरायां के किसी कार्य के लिए आ रहे थे एझांसी.कानपुर हाइवे पर बढोली गांव मोड़ के पास बाइक में एक डम्फर ने पीछे से टक्कर मार दी,जिसमे माँ और बेटा दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलो को सीएचसी लाया गया जहां पर उपचार के बाद आसुतोष को जिला अस्पताल रिफर किया गया।

## ई-रिक्शा चालकों ने नगर पंचायत कार्यालय के बाहर काटा हंगामा

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** ई रिक्शा चालकों ने नगर पंचायत कार्यालय के बाहर हंगामा काटा। स्टैंड शुल्क बढ़ाए जाने से नाराज लोगों को ईओ ने समझाया । नगर पंचायत के द्वारा ई.रिक्शा का टेंडर एक ठेकेदार को दिया गया। रसूलाबाद नगर पंचायत कार्यालय के बाहर कस्बे की ई रिक्शा चालकों ने जमकर विरोध कियाण् जहां पर ई रिक्शा चालकों ने बताया नगर पंचायत के द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया था। 150 रूपये महीने का स्टैंड शुल्क दिया जा रहा था। वही नगर पंचायत में ई रिक्शा स्टैंड का टेंडर ठेकेदारों को दे दिया। जहां पर ठेकेदारों के द्वारा प्रति ई रिक्शा चालक से 10 रुपए स्टैंड शुल्क लिया गया। जहां ठेकेदारों की मनमानी बढ़ती गई और प्रतिदिन स्टैंड शुल्क बढ़ा दिया 10 से 20 और फिर 30 तक पार्किंग शुल्क ई रिक्शा चालकों से लिया जाने लगा । वहीं पर हद तब हो गई जब ठेकेदारों ने मनमानी तरीके से प्रति चक्कर पर ई रिक्शा चालकों से रुपया लेना शुरू कर दिया। जिस बात से नाराज कस्बे की रिक्शा चालकों ने नगर पंचायत कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ई रिक्शा चालकों का विरोध प्रदर्शन देखकर नगर पंचायत के अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

# ठेकेदार ने फुटपाथ खोद डाला सैकड़ों परिवार घरों में हुए कैद

संवाददाता। घाटमपुर



**कस्बे** में कानपुर रोड पर नाला बनाने के नाम पर ठेकेदार ने फुटपाथ खोदकर डाल दिया है जिसके चलते अशोक नगर उत्तरी के सैकडों परिवार घरों में कैद हैं वहीं खोद गये फुटपाथ में सर्विस लाइन कि ओर सुरक्षा का कोई बन्दोबस्त न किये जाने से हादसे की सम्भावन बनी रहती है।

बताया जाता है कि कस्बे से गुजरे कानपुर-सागर राष्ट्रय राजमार्ग पर ओर फ्लाई का निर्माण कार्यदायी संस्था पीएनसी करा रही है और इसी के चलते कानपुर रोड पर हाइवे किनारे नाला खुदाई का कार्य ठेकदार करा है, और स्टेशन रोड से लेकर बस स्टाप के समीप करीब 5 सौ मीटर सुरक्षा मानको को तक में रखकर फुटपाथ खोदकर डाला गया है लेकिन खोदे गये फुटपाथ के किनारे सैकड़ों परिवार रहते है जिनके निकलने के लिये कोई बैक्लपिक ब्यावस्था नही कि गयी है जिसके चलते सैकड़ों परिवार घरों में कैद जैसे हालत मे फंसे हुए है तथा निकलने का रास्ता न होने से बच्चे भी स्कूल नही जा पारहे है, उधर उप जिलाधिकारी अमित कुमार का कहना है कि ठकेदार केवल 40 मीटर नाला खोद कर पहले बनायें फिर आगे खोदें।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया गहन निरीक्षण, दिये निर्देश



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ट्रामा सेन्टर, औषधि केन्द, आकस्कि वार्ड आदि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ट्रामा सेन्टर में साफ सफाई एवं सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश दिये, इसके पश्चात उन्होंने जन औषधि केन्द्र का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जन औषधि केन्द्र में दवाऐं कम पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा ज्यादा से ज्यादा दवा जन औषधि केन्द्र में रखने के निर्देश दिये जिससे कि गरीब जनता को सस्तेदामों में दवा उपलब्ध हो सके। इसके पश्चात उन्होंने आकस्मिक वार्ड का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से वार्ता कर इलाज के बारे में जानकारी ली, जिस पर मरीजों द्वारा बताया गया कि इलाज सही प्रकार से हो रहा है तथा दवा भी अस्पताल से उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं जिलाधिकारी ने चिकित्सको को निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाये, अस्पताल में चिकित्सक समय से उपस्थित हो, साफसफाई पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि कोविड गाइडलाइन का अवश्य पालन कराये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कालेज के जिला अस्पताल में चल रहे कार्य का भी निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के ठेकेदार द्वारा बताया गया कि इस का निर्माण शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा। वहीं जिलाधिकारी ने उपस्थति ठेकेदार को निर्देशित किया कि गुणवत्ता एवं समय सीमा पर विशेष ध्यान दिया जायेए जिलाधिकारी ने कहा कि जिला चिकित्सालय नाम का एक बड़ा बोर्ड बाहर मेन गेट पर अवश्य लगाया जाये जिससे कि लोगों को पता रहे।

## पुलिस पिकेट, फिर भी शराब की दुकान में हो गयी चोरी

**फतेहपुर।** कस्बे के पूर्वी बाईपास स्थित सुजरही में बीती रात अज्ञात चोरों ने अंग्रेजी शराब के ठेके की दुकान का शटर तोड़कर हाथ साफकर दिया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

जानकारी के अनुसार अंग्रेजी शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोर शराब की बोतलों सहित कुछ नगदी ले गए।सुबह जब दुकान मालिक इंदल सिंह को इसकी खबर मिली तो वे तत्काल दुकान पहुंचे और देखा तो दुकान अस्त व्यस्त थी। दुकान से शराब की पेटियां गायब थीं और गुल्लक से पैसे भी गायब मिले। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे दी है। पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की छानबीन की और सीसी फुटेज से चोरों की पहचान करने का पुलिस प्रयास कर रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शाही ने बताया कि तहरीर मिली है और मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बीएमजीएफ की टीम ने जाना स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल

**फतेहपुर।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की टीम ने जनपद के स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और आशा व एएनएम के कार्यों को सराहा। टीबी और फाइलेरिया मरीजों के विवरण को दर्ज करने के बारे में भी एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से जानकारी हासिल की और उसे मोबाइल पर फीड करने के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह का कहना है कि बीएमजीएफ की टीम बहुआ ब्लाक के अयाह और शाहपुर गाँव के स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर आयुष्मान भारत द्वारा संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को परखा और आशा-एएनएम से कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। टीम ने बहुआ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किये गए ई-कवच कार्यक्रम का जायजा लिया। ई-कवच पर आशा और एएनएम द्वारा दर्ज आंकड़े को देखा और उस पर संतुष्टि जताई। इसके साथ ही ई-कवच एप मोबाइल पर अपडेट करने के बारे में जानकारी दी। टीम में बीएमजीएफ के नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिजीज (एनटीडी) उन्मूलन कार्यक्रम के कंट्री लीड इण्डिया डॉ. भूपेन्द्र त्रिपाठी व अन्य शामिल थे। टीम के सदस्यों ने उप केंद्र अयाह में सरिता राजपूत, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर सरला पाल और शाह सेंटर में एएनएम शहोदरा व कम्युनिटी हेल्थ आफिसर अनूप सिंह सहित आशा कार्यकर्ताओं को ई-कवच से जोड़ने, टीबी और फाइलेरिया मरीजों का ब्योरा मोबाइल में अपडेट करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पीएचसी प्रभारी डॉ. विमलेश कुमार ने बताया कि टीम ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को परखा और हर व्यवस्था को दुरुस्त पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्यों की पीठ भी थपथपाई। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर भी उपस्थित रहीं।

# अग्निपथ के विरोध में भाकियू टिकैत गुट ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिंदकी/फतेहपुर।** अग्निपथ के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा जुलूस निकालकर अग्नीपथ का विरोध किया गया और तहसील पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया जिसमें अग्निपथ योजना वापस लेने की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि यदि अग्निपथ योजना वापस नहीं ली गई तो यूनियन के लोग चुप बैठने वाले नहीं है। सड़कों पर उतर कर ईट से ईट बजाने का काम करेंगे इतना ही नहीं 7 सूत्री समस्याएं भी बताई गई और कहां गया कि इन समस्याओं को भी समय रहते हल किया जाए।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नगर के लंका रोड स्थित यूनियन के कार्यालय में एकत्र हुए और यहां से अग्निपथ योजना के विरोध में नारेबाजी करते हुए एक जुलूस निकाला यह जुलूस नगर के फाटक बाजार बजाजा गली सराफा बाजार होते हुए गांधी चौराहा पहुंचा जहां पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर यूनियन के जिला अध्यक्ष अशोक उत्तम ने माल्यार्पण किया और यहां से एक बार फिर नारेबाजी करते हुए जुलूस तहसील रोड से होते हुए तहसील के अंदर प्रवेश किया और तहसील परिसर में भी जमकर नारेबाजी की गई और अग्निपथ योजना के विरोध में नारे लगाए गए और अग्निपथ योजना वापस लो अग्निपथ योजना वापस लो के नारे लगाए गए।

इस मौके पर यूनियन के जिलाध्यक्ष उत्तम के अलावा रामसहाय पटेल, नवल सिंह पटेल, कप्तान सिंह, ज्ञानेंद्र पटेल, जय सिंह यादव, मोईद अहमद, अजीत उत्तम, दिनेश शुक्ला, अरुण बैरागी, ममता देवी, मनोज कुमार, कुलवंत सिंह पटेल, शिवनारायण, सावित्री देवी, रेखा, श्याम लाल तथा हीरालाल आदि मौजूद रहे।

## आज़ विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी साध्वी

**फ़तेहपुर।** जिले की सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल जनपद में विभिन्न कार्यक्रमो में भाग लिया। शिव प्रताप सिंह जिला मंत्री भाजपा एवं प्रवक्ता सांसद कार्यालय के अनुसार साध्वी प्रातः 09:30 बज़े ग्राम इब्राहिमपुर पढ़नी मजरे रामपुर कुर्मी विकास खंड अमौली में हाईस्कूल टापर प्रिन्स पटेल के आवास जाकर अभिन्नदन करेंगी। प्रातः 10:30 बजे जय मां सरस्वती ज्ञान मन्दिर राधानगर में यूपी बोर्ड के प्रतिभावान छात्रों के अभिनन्दन कार्यक्रम में शामिल होंगी। रात 11:30 बजे गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में स्वामित्व योजना के अन्तर्गत आवासीय अभिलेख (घरौनी) के डिजिटल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। दोपहर 12:30 बजे भाजपा पार्टी कार्यालय में लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। दोपहर 01 बजे पार्टी कार्यालय में बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम की कार्यशाला में उपस्थित रहेंगी। दोपहर 03 बजे सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, नागरिकों से भेंट कर जनसमस्याओं का निस्तारण करेंगी।

# जिम्मेदारी निभाएं, प्लान बनाएं: पुरुष भी परिवार नियोजन की ओर बढ़ाएं कदम

**फतेहपुर।** परिवार नियोजन सेवाओं को सही मायने में धरातल पर उतारने और समुदाय को छोटे परिवार के बड़े फायदे की अहमियत समझाने की हरसम्भव कोशिश सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनवरत की जा रही है। यह तभी फलीभूत हो सकता है जब पुरुष भी खुले मन से परिवार नियोजन साधनों को अपनाने को आगे आयें और उस मानसिकता को तिलांजलि दे दें कि यह सिर्फऔर सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी है। इसमें जो सबसे बड़ी दिक्कत सामने आ रही है वह उस गलत अवधारणा का परिणाम है कि पुरुष नसबंदी से शारीरिक कमजोरी आती है। इस भ्रान्ति को मन से निकालकर यह जानना बहुत जरूरी है कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित है। इसलिए दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के लिए और जब तक बच्चा न चाहें तब तक पुरुष अस्थायी साधन कंडोम को अपना सकते हैं। वहीं परिवार पूरा होने पर परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी को भी अपनाकर अपनी अहम जिम्मेदारी निभा सकते हैं। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह का।

जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ प्रताप सिंह का कहना है कि पुरुष नसबंदी चंद मिनट में होने वाली आसान शल्य क्रिया है। यह 99.5 फीसदी सफल है। इससे यौन क्षमता पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता है। उनका कहना है कि इस तरह यदि पति-पत्नी में किसी एक को नसबंदी की सेवा अपनाने के बारे में तय करना है तो उन्हें यह जानना जरूरी है कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी बेहद आसान है और जटिलता की गुंजाइश भी कम है। पुरुष नसबंदी होने के कम से कम तीन महीने तक परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों का प्रयोग करना चाहिए, जब तक शुक्राणु पूरे प्रजनन तंत्र से खत्म न हो जाएं। नसबंदी के तीन महीने के बाद वीर्य की जांच करानी चाहिए। जांच में शुक्राणु न पाए जाने की दशा में ही नसबंदी को सफल माना जाता है। नसबंदी की सेवा अपनाने से पहले चिकित्सक की सलाह भी जरूरी होती है।

एक ही बेटे के बाद 42 वर्ष की उम्र में पुरुष नसबंदी अपनाने वाले जोनिहा निवासी भूपेंद्र का कहना है कि उनकी परिवार नियोजन के अस्थायी साधन के इस्तेमाल में कोई दिलचस्पी नहीं थी और उन्होंने सोचा कि जब आगे कोई बच्चा चाहिए ही नहीं, तो इन साधनों को अपनाने का कोई मतलब भी नहीं था। पत्नी की सहमति से खुद की नसबंदी का निर्णय लिया। नसबंदी के अपने अनुभवों का साझा करते हुए वह बताते हैं कि हल्की एनेस्थिसिया दी जाती है जिससे दर्द नहीं होता, चंद मिनट में नसबंदी हो जाती है। नसबंदी के बाद आदमी अपने दैनिक कार्य कर सकता है। नसबंदी की सफलता जांच होने तक असुरक्षित शारीरिक संबंध होने से बचना होता है।

# गोआश्रय स्थल पर पर्याप्त भूसे का भंडार नहीं

- भूसे की नहीं मिली पर्याप्त उपलब्धता, न होने पर ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज
- दो खंड विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि, 11 खंड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मामला प्रकाश में आने पर डीएम के निर्देश पर की गई कार्यवाही

संवाददाता। अमेठी



जिले के गो आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए डीएम

**जिलाधिकारी राकेश** कुमार मिश्र के निर्देश पर विकासखंड संग्रामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौटा में गो आश्रय स्थल में मौजूद गोवंशों के सापेक्ष पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता ना होने पर अनिल पटेल ग्राम विकास अधिकारी तथा मंशाराम मिश्र ग्राम प्रधान जरौटा के विरुद्ध संग्रामपुर थाने में पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई। बताते चलें कि शासन द्वारा गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में चाराध्भूसाए पानीए छांवए इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं जिसको लेकर जिलाधिकारी द्वारा भी लगातार संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जा रहे हैंए उनके द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर वहां पर पर्याप्त मात्रा में भूसाध्चाराए पानी की व्यवस्थाए टीनशेड व पशुओं के स्वास्थ्य इत्यादि सुविधाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैंए जिसके क्रम में विकासखंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत जरौटा के गो आश्रय स्थल का नोडल अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गयाए निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गो आश्रय स्थल में मौजूद 95 गोवंश के सापेक्ष उनके खिलाने के लिए मात्र 5 कुंतल भूसा उपलब्ध है जो कि गोवंश के सापेक्ष उपलब्ध भूसा बहुत ही कम हैए मौके पर जांच के समय उपलब्ध 5 कुंतल भूसे से परिलक्षित हुआ कि संरक्षित गोवंश को भरपेट भूसाध्चारा नहीं दिया जा रहा है गोवंश के साथ यह कृत्य पशु क्रूरता अधिनियम की परिधि में आता है जिसको लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा संबंधित ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम प्रधान के विरुद्ध संग्रामपुर थाने में एफ्आईआर दर्ज कराई गई है। इसके अतिरिक्त गो आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में चारे/भूसे की उपलब्धता न सुनिश्चित करने तथा पशुओं की देखरेख व विभागीय दायित्व में लापरवाही बरतने पर खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर संजय कुमार गुप्ता एवं मुसाफिरखाना लाल जी शुक्ला को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा अन्य 11 खंड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मामला प्रकाश में आने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्यवाही की गई। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों पर मौजूद गोवंशों के सापेक्ष भूसा/चारा, पानी की व्यवस्था, छांव इत्यादि व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे।

## चलती ट्रेन में सहायक चालक की तबीयत अचानक बिगड़ने से हुई मौत

**अमेठी।** प्रतापगढ़ से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट (ट्रेन चालक) की शुक्रवार को चलती ट्रेन में ही तबीयत खराब हो गई। चालक को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दियाण् अधिकारियों ने यह जानकारी दीए गौरीगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक प्रवीण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि प्रतापगढ़ जिले के परशुरामपुर चिलबिला निवासी लोको पायलट हरिश्चंद्र शर्मा (46) शुक्रवार सुबह इंटरसिटी ट्रेन को लेकर कानपुर जा रहे थे। अचानक फुर्सतगंज थाना क्षेत्र के कासिमपुर हॉल्ट के पास उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्होंने बताया कि सहायक लोको पायलट ने ट्रेन रोक कर एंबुलेंस को बुलाया। इसके बाद उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गयाए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । चिकित्सकों का अनुमान है कि संभवतरू हृदय गति रुकने की वजह से उनकी मौत हुई। ट्रेन कासिमपुर हॉल्ट पर काफी देर तक खड़ी रही और प्रतापगढ़ से दूसरे चालक के आने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। फुर्सतगंज के थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने कहा कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

# चोरी के सामान व तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




चोरी के सिलेंडर के साथ अभियुक्त

**तिलोई, अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार उनि राकेश सिंह थानाध्यक्ष जायस मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राम अवतार उर्फ कल्लू नि शंकरगंज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी हाल पता ग्राम भीरा मजरे मोहना थाना जायस जनपद अमेठी को मुखबिर की सूचना पर जायस रोड पर एसएनए इण्टर कालेज के पास नहर पुलिया से समय करीब 04:30 बजे प्रात: गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का गैस सिलेण्डर, 1200/-रूपये नगद व तमंचाए जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बरामद गैस सिलेण्डर व रूपये चोरी के हैंए जिसे मैने पूरे बारा खां के समीम के घर से चोरी किया था । थाना जायस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### पति पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के झालाबाग निवासी विवाहिता ने पति पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गाँव निवासिनी किरन देवी की शादी इसी वर्ष अप्रैल माह में बबलू के साथ हुई है, विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है और उसे एक माह पूर्व मारपीट कर घर से भगा दिया, पीड़िता वर्तमान में अपने मायके बहेरवा गांव में रह रही है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### डिग्री मिलने के बावजूद कब्जेदारी नहीं छोड़ी जा रही

**रायबरेली।** मेड़बंदी के मुकदमें में डिग्री मिलने के बावजूद कब्जेदारी नही छोड़ी जा रही है। जिसके संदर्भ में पीड़ित द्वारा जिलाधिकारी के यहाँ प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी गयी है। मामला थाना डीह के अन्तर्गत ग्राम भुएमऊ का है जहॉ प्रार्थी प्रमोद कुमार वर्मा निवासी नारायण नगर गोरा बाजार, रायबरेली की माता जी के द्वारा अपनी कृषि योग्य भूमि जो कि भुएमऊ में स्थित है का मेड़बंदी का मुकदमा कायम किया था। जिसमें न्यायालय द्वारा 2017 में प्रार्थी को न्याय मिला था और प्रार्थी को खेत के पूर्वी भाग पर कब्जा मिल गया था। लेकिन उत्तरी पूर्व कोने में आज भी मोहन लाल पुत्र सूरजदीन, बाबादीन व रामसुमिन कब्जा नहीं छोड़ रहे है। राम सुमिरन का रिश्तेदार कलेक्टेªट में अर्दली है जिसकी वजह से नाप नहीं हो पा रही है। प्रार्थी ने शीघ्र ही भूमि की माप कराकर कब्जा दिलाने की गुहार लगायी है

### खीरो ब्लाक संसाधन केंद्र में सम्मान समारोह का आयोजन

**खीरो, रायबरेली।** शुक्रवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । जिसमें राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में विजेता टीम में चयनित उच्च प्राथमिक बिद्यालय मानपुर के सहायक शिक्षक सुशील यादव को माला पहनाकर सम्मानित किया गया । बीती 17 से 20 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में रायबरेली जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए सुशील यादव ने विजेता टीम में स्थान बनाया था । जिसके बाद बीती 21 जून को महानिदेशक बेसिक शिक्षा विजय किरण आनंद द्वारा उन्हें लखनऊ में सम्मानित किया गया था । प्रदेश स्तर पर रायबरेली जनपद के साथ खीरो ब्लाक का नाम रोशन करने वाले उच्च प्राथमिक बिद्यालय मानपुर के सहायक शिक्षक सुशील यादव को शुक्रवार को दोपहर बाद खंड शिक्षा अधिकारी खीरो मुकेश कुमार , प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष श्याम शरण यादव , ग्राम प्रधान नोनैरा शिव कान्त गुप्ता , सहायक शिक्षक अनूप यादव , जय सिंह , अजय कुमार त्रिपाठी व शिक्षिका लक्ष्मी सिंह द्वारा प्रदेश स्तर पर चयनित होने पर बधाई देते हुए सम्मानित किया गया ।

### जुमे की नमाज शांतिपूर्वक निपटी

**लालगंज रायबरेली।** एसडीएम विजय कुमार ने सीओ.महिपाल पाठक और कोतवाल राजेश सिंह के साथ लालगंज नगर सहित क्षेत्र की अन्य मस्जिदों का दौरा कर जुमे की नमाज शांति पूर्वक निपटाया है। इसके पूर्व एसडीएम ने भारी पुलिस फोर्स के साथ लालगंज की सड़कों व ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल मार्च भी किया जिससे अराजक तत्वों के हौसले पस्त हो गए और कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। एसडीएम ने कहा कि पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया है। वास्तव में जिस सूझबूझ के साथ एसडीएम ने नूपुर शर्मा और अग्निवीर मामले को शांत किया है, निश्चित रूप से काबिले तारीफहै। एसडीएम की सक्रियता से कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

### किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली।** पूर्व नियोजित योजना के अनुसार किसान मोर्चा भी अग्निवीर योजना का विरोध कर रहे युवकों के समर्थन में उतर आया है। भोजपुर में किसानों ने प्रदर्शन किया है ।सूचना मिलने पर पहुंचे एसडीएम विजय कुमार ने किसानों को समझा-बुझाकर उनका ज्ञापन लेते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त कराया है ।किसान मोर्चा के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित अपने ज्ञापन में कहा है कि जवान और किसान इस देश की रीढ़ है। केंद्र सरकार दोनों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है ।पूर्व में किसानों के लिए काला कानून लेकर आई थी जिसे दबाव में सरकार ने समाप्त कर दिया था ।अब उसी सरकार ने युवकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए सेना में भर्ती की पुरानी पद्धति को समाप्त कर दिया है और संविदा के तरीके से भर्ती करने की घोषणा की है। जिसका किसान मोर्चा विरोध करता है। उन्होंने राष्ट्रपति से पुरानी पद्धति की भर्ती से ही युवकों को सेना में नौकरी दिलाई जाने की मांग की है।

### बछरावां थाने में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को किया गया अवरूद्ध

**बछरावां, रायबरेली।** जहां एक तरफसरकार की अग्निपथ योजना का पूरे देश में विरोध हो रहा है वही बछरावां में भी भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन करने से रोकने के लिए थाने में अवरुद्ध किया गया। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सरकार की अग्निपथ योजना के प्रदर्शन विरोध प्रदर्शन के लिए रायबरेली के लिए प्रस्थान कर रहे थे। बछरावां थाने में अवरुद्ध किए गए कार्यकर्ताओं में राजेश चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, राम सजीवन वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष, सुंदर लाल सेंहगो ब्लॉक उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार सुदौली ब्लाक उपाध्यक्ष, सुंदरलाल कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार चौधरी ब्लॉक सचिव, राम लखन ग्राम अध्यक्ष बिशुनपुर सहित कई कार्यकर्ता बछरावां पुलिस द्वारा थाने में अवरुद्ध किए गए।

### अग्निपथ योजना का विरोध

**बछरावां रायबरेली।** जहां एक तरफसरकार की अग्निपथ योजना का पूरे देश में विरोध हो रहा है वही बछरावां में भी भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन करने से रोकने के लिए थाने में अवरुद्ध किया गया। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सरकार की अग्निपथ योजना के प्रदर्शन विरोध प्रदर्शन के लिए रायबरेली के लिए प्रस्थान कर रहे थे। बछरावां थाने में अवरुद्ध किए गए कार्यकर्ताओं में राजेश चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, राम सजीवन वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष, सुंदर लाल सेंहगो ब्लॉक उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार सुदौली ब्लाक उपाध्यक्ष, सुंदरलाल कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार चौधरी ब्लॉक सचिव, राम लखन ग्राम अध्यक्ष बिशुनपुर सहित कई कार्यकर्ता बछरावां पुलिस द्वारा थाने में अवरुद्ध किए गए।

# पुलिस नहीं दर्ज कर रही मुकदमा

संवाददाता। खीरों-रायबरेली

**बीते** 15 दिनों में महिला से सेमरी खीरो मार्ग पर केतनापुर के पास महिला से चौन स्नेचिंग , बकिया खेड़ा में भैस चोरी , चिखड़ी गांव से बकरी चोरी के बाद अब जोगापुर गांव में लगे टावर से बैट्री चोरी आदि एक दर्जन से अधिक घटनाये घटित हो चुकी है । पीड़ित लगातार थाने के चक्कर लगाकर थक चुके है । लेकिन ष्पैसो की खनक व खाखी की हनकष् में थानाध्यक्ष ,ने अब तक टावर की बैट्री चोरी को छोड़कर कोई भी मुकदमा नही दर्ज किया है । जिससे अपराधियो के हौसले बुलंद है तथा वह घटना दर घटना को अंजाम देते चले जा रहे है । तथा खीरो पुलिस कार्यवाही न करके उन्हें अपना मौन समर्थन दे रही है । जिससे स्थानीय लोगो मे भारी आक्रोस ब्याप्त है । नाराज लोगो ने अब तक हुई चोरियो का खुलासा करते हुए क्षेत्र में चोरी आदि अपराध को अंजाम दे चोरो को गिरफ्तार किए जाने की मांग किया है । थाना क्षेत्र के गांव जोगापुर में लगे एयरटेल के टावर से बुधवार की रात अज्ञात चोर टावर का ताला तोड़कर टावर में लगी 14 बैटरी चोरी कर ले गए। जानकारी होने पर टावर के टेक्नीशियन ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है ।

कानपुर महानगर के पनकी निवासी एयरटेल के टेक्निशियन मुकेश कुमार पाल ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जोगापुर गांव में एयरटेल का टावर लगा हुआ है । बुधवार की रात लगभग 2रू00 बजे एयरटेल कंपनी से मुझे साइट बंद होने की सूचना मिली। रात में ही मैंने टावर पर पहुंचकर देखा तो टावर के सभी ताले टूटे पड़े थे और उसमें लगी 14 बैटरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक खीरो के सीयूजी नंबर पर सम्पर्क किया गया । लेकिन वह नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

# जागरूकता अभियान: गर्भ निरोधक के साथ यौन संक्रमण से भी बचाता है कंडोम

- कंडोम पेटिका से मिल रहे नि:शुल्क कंडोम

**अमेठी।** सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका (कंडोम बाक्स) की व्यवस्था की गयी है। इससे उन लोगों को रहत मिलेगी जिन्हें मेडिकल स्टोर से लोगों के सामने कंडोम खरीदने में संकोच या हिचकिचाहट होती थी। इसके लिए कंडोम पेटिका से 24 घंटे कभी भी नि:शुल्क कंडोम प्राप्त किया जा सकता है। इस व्यवस्था से जहां एक ओर लोगों को शर्म और संकोच का सामना नहीं करना पड़ेगा वहीं उनकी जेब भी ढीली नहीं होगी और महिलाओं को अनचाहे गर्भ से छुटकारा भी मिलेगा। जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लकड़ी से बने बॉक्स में कंडोम के पैकेट भरकर ऐसी जगह लगाये गए हैंए जहां सभी की पहुँच भी हो और उनकी गोपनीयता भी बनी रहे। कंडोम बॉक्स खाली होने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुन: इसे भर देते हैं और यह चक्र चलता रहता है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर लालमणि शरण ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर में कंडोम बॉक्स को अस्पताल के मुख्य गेट के बगल में लगाया गया हैए जिससे यह आसानी से लोगों की पहुँच में हो। उन्होने बताया कि शुरुआत में लोगों को कम जानकारी थी लेकिन अब इसमें हर तीसरे दिन कंडोम के पैकेट भरने पड़ते हैं। ब्लॉक के सभी प्रसव केन्द्रों पर कंडोम बॉक्स उपलब्ध हैं। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रसाद का कहना है कि गर्भधारण को रोकने के साथ ही संक्रमण रोकना और यौन व प्रजनन स्वच्छता में सुधार करना पुरुष की भी जिम्मेदारी है। इसके लिए परिवार नियोजन का एक मात्र अस्थायी साधन श्कंडोमश् अधिकतर लोगों के लिए उपयुक्त है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। इसकी उपलब्धता आमजन तक आसान होए इसके लिए जनपद के 13 सीएचसीए 30 पीएचसीए स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका ;कंडोम बाक्सद्ध की व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया . जनपद में वित्तीय वर्ष 2019.20 में जहां 372997 लाख कंडोम की खपत थी वहीं 2021 .22 में बढ़कर 389659 लाख से अधिक हो गयी।

**कंडोम पेटिका को बताया उपयोगी:** बहादुर पुर ब्लॉक के 35 वर्षीय राम मूर्ति की शादी पांच साल पहले हुई थी। उनका डेढ़ साल का एक बच्चा है और अभी वह बच्चा नहीं चाहते हैं। इसके लिए वह पिछले तीन वर्षों से कंडोम का उपयोग कर रहे हैं। स्वामीनाथ मौर्य कहते हैं कि कभी.कभी दुकान या मेडिकल स्टोर पर कंडोम खरीदने में हिचकिचाहट होती थी तो कभी पैसे न होने पर इसे खरीद नहीं पाता था। ऐसे में गर्भधारण का जोखिम बना रहता था। अस्पताल में कंडोम पेटिका लग जाने सेइसे 24 घंटे में कभी भी प्राप्त किया जा सकता है और गोपनीयता भी बनी रहती है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ राम प्रसाद ने बताया कि कंडोम परिवार नियोजन का अस्थायी साधन है। यह गर्भधारण को रोकने में 95 प्रतिशत तक कारगर है । इसके साथ ही यह यौन रोग व एड्स से भी बचाता है। उन्होने बताया दृअधिकतर कंडोम लेटेक्स से बने होते हैं। जिनको लेटेक्स से एलर्जी होती है वह पॉलीयूरेथीन से बने कंडोम का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होने बताया.जनपद में परिवार नियोजन के अन्य साधनों की अपेक्षा कंडोम के उपयोगकर्ता अधिक हैं।

# मिशन शक्ति नारी सुरक्षा योजना फ्लाप, महिलाओं का अभी हो रहा शोषण

**जगदीशपुर, अमेठी।** सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति योजना चलाकर शोहदों व मनचलों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया। परंतु जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता के चलते योजना पूर्ण रूप से फ्लाप हो कर महिलाओं पर अत्याचार की वारदातें चरम पर है।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित दर्जनों गांवों में प्रति दिन कहीं न कहीं महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें छेड़छाड़ की घटनाएं होना आम बात हो गई है जिसकी फरियाद लेकर कोतवाली पहुंचने वाले फरियादियों की सुनवाई न करके वापस लौटाकर पुलिस अपना दामन बचा लेती है ।हाल ही में एक गांव निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई पहले उसे पुलिस ने दबाने का प्रयास किया जब मामला तूल पकड़ने लगा तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की जहमत उठाई ।ऐसी कई घटनाएं क्षेत्र में घटित होने पर कोई कार्यवाही न होकर मामले को टाल दिया जाता है जिसके चलते महिलाओं पर हो रहे अत्याचार निरंतर बढ़ते जा रहे हैं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा योजना धरातल पर न उतर कर मात्र कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह गई है यदि जिम्मेदार अफसरों ने ध्यान नहीं दिया तो महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

# सख्त पहरे में हुई शांति से नमाज

संवाददाता। ऊंचाहार, रायबरेली



**कस्बा समेत** क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में प्रशासन की मौजूदगी के बीच जुमे की नमाज सकुशल अदा की गई, इस दौरान अधिकारी लोगों से वार्ता करते भी नजर आये ।बीते दिनों बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नुपूर शर्मा द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब पर की गई टिप्पणी के बाद देश व प्रदेश के कई हिस्सों में जुमे की नमाज के बाद भारी बवाल हुआ था जिसको लेकर प्रशासन द्वारा जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद दिखा ।शुक्रवार को एसडीएम राजेश कुमार, सीओ अशोक कुमार सिंह व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कस्बा स्थित मस्जिद में जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न हुई इसके अलावा क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में भी पुलिस चुस्त दुरुस्त नजर आईनमाज शुरू होने से पूर्व एसडीएम राजेश कुमार व कोतवाल शिवशंकर सिंह ने पुलिस के जवानों के साथ नगर में पैदल मार्च किया और लोगों का शांति बनाये रखने की अपील भी की।

# गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का शिवगढ़ कार्यालय

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली



**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण रायबरेली के जिलाध्यक्ष जनपद न्यायाधीश एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद, सचिव सुमित कुमार के निर्देश पर शिवगढ़ ब्लाक सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया स कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी मलिक मसूद अख्तर द्वारा की गई। शिविर में पराविधिक स्वयंसेवको द्वारा ग्रामीणों को विधिक जानकारी दी गई। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक अदालत ,स्थाई लोक अदालत आदि में किस प्रकार से नि:शुल्क अधिवक्ता,निरूशुल्क कानूनी सहायता विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुहैया कराई जाती है जिसके विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में प्राविधिक स्वयंसेवक पवन श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य न्याय के विषय में लोगों को जागरूक करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति गरीबी,अशिक्षा, निर्धनता एवं अज्ञानता के कारण न्याय से वंचित न रह जाए। क्योंकि कभी-कभी गरीबी, अशिक्षा एवं निर्धनता के कारण लोगों को न्याय नही मिल पाता है लोग न्याय से वंचित रह जाते हैं। वहीं पीएलबी बृजपाल ने जागरूकता शिविर में उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के अन्तर्गत जो लोग विशेष रूप से पात्र हैं जिसमें महिलाएं-बच्चे, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सदस्य, औद्योगिक कामगार, बड़े पैमाने पर प्राकृतिक आपदा,औद्योगिक आपदा, जातीय हिंसा, बाढ़, सूखा भूकम्प से पीड़ित, विकलांग व्यक्ति,मानव तस्करी या बेगार से पीड़ित व्यक्तियों हिरासत में लिए गए व्यक्ति,ऐसे व्यक्ति जिनकी 3 लाख से कम वार्षिक आय है। उन्हे निशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। शिविर में प्राविधिक स्वयंसेवक पम्मी, रत्ना बाजपेई, दुष्यंत कुमार, रामकुमार ,सुशील कुमार,करुणा सिंह,रामकुमार आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड विकास अधिकारी मलिक मसूद अख्तर ने अपने समापन भाषण में कहा कि ब्लॉक परिसर में स्थापित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यालय गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है अभी इतने कम समय में यहां से सैकड़ों जटिल मामले नि:शुल्क निपटाए जा चुके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हर प्रकार की नि:शुल्क कानूनी सहायता इस कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर लेखपाल हर्षवर्धन सिंह, दुष्यंत,पूर्व प्रधान जालिका प्रसाद शुक्ला, भवानीगढ़ प्रधान जनक कुमारी, छोटू प्रजापति, अखिलेश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वितरित किए गए हेलमेट



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**बिड़ला कॉर्पोरेशन** लिमिटेड यूनिट आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड कुंदनगंज द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सीएसआर के अंतर्गत बछरवां थाने में पुलिस कर्मियों व आम जनता को हेलमेट वितरित किए गए। इस मौके सीनियर मैनेजर हरबंश मिश्रा ने बताया कि यातायात नियमों के पालन के साथ साथ अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हेलमेट का प्रयोग अति आवश्यक है। अधिकांश सड़क हादसों में दोपहिया वाहन चालक व सवारों की जान हेलमेट न पहनने के कारण चली जाती है। वही थानाध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि ऐसी संस्थाओं के समय-समय पर किए जाने वाले आयोजनों से आम जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस मौके एसआई शेखर वालियान, सीपी सिंह, उदित राणा, अनिल कुमार पाल व कैलाश मौजूद रहे ।

# कंप्यूटर के क्लिक से करोड़ों की ट्रिक!

**संवाददाता।** बस्ती

- कहानी कुदरहा की: खुद तो बना ही आपरेटर ने अनगित प्रधानों को बना दिया धन्नासेठ एक-एक वित्तीय साल में कराया करोड़ों का काम
- कमीशन न देने वालों की फाइल डंप कर दी
- सीधा फंडा कमीशन दो और पंचायत को लूटो
- कमीशन मिलने के बाद प्रधानों को कोई काम कराने की जरुरत ही नहीं, फर्जी मस्टररोल भी निकल आया
- प्रधान और सेक्रेटरी तक कर चुके हैं शिकायत, मगर एक भी प्रमुख और बीडीओ ने नहीं की कोई कंप्लेन

**...क्या** कोई 10 हजार मानदेय पाने वाला कम्प्यूटर आपरेटर आर्थिक और राजनैतिक रुप से इतना मजबूत हो सकता है, कि वह सेकेंड बीडीओ की हैसियत रखता हो। अगर ऐसा कोई आपरेटर है, तो किसी बीडीओ, एडीओ, सेक्रेटरी सहित अन्य स्टाफकी क्या आवष्यकता। जीहां हम बात कर रहे हैं, कुदरहा ब्लॉक के मनरेगा कम्प्यूटर आपरेटर की, इनकी मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, कि यह खुद तो करोड़पति बन गए, मगर इन्होंने अनगिनत प्रधानों को भी करोड़पति बना दिया, बीडीओ और ब्लॉक प्रमुख की तो बात ही छोड़ दीजिए। इनकी नजर जिस प्रधान पर पड़ी, समझो वह एक साल में ही करोड़पति हो गया, और जिसपर इनकी नजर नहीं पड़ी उसकी गिनती लखपति में भी नहीं होती। जो प्रधान इनके मानक पर खरा उतरता है, उसके ग्राम पंचायत में एक-एक साल में दो-दो करोड़ का मनरेगा का काम होजाता है, और जो नहीं उतरता उस प्रधान के ग्राम पंचायत में बड़ी मुस्किल से सालभर में 20 से 25 लाख का काम हो पाता है। इतना ही नहीं जिन प्रधानों ने इनकी बात नहीं मानी समझों उनकी कोई भी कार्ययोजना मंजूर नहीं होगी, एक तरह से मनरेगा से संबधित जितने भी कार्ययोजना की फाइल बनती है, वह फाइल बीडीओ की मंजूरी से पहले आपरेटर के पास जाती है, आपरेटर की सहमति और अहसमति पर ही मनरेगा की पत्रावली निर्भर करती है। देखा जाए तो कुदरहा ब्लॉक क्षेत्र का विकास पिछले कई सालों से आपरेटर के हां और न पर निर्भर रहता है। कई षिकायतकर्त्ता प्रधानों ने कहा कि आपरेटर का सीधा सा फंडा है, लक्ष्मी लाओ और ग्राम पंचायतों को जाकर लूटो। सीधा कहा जाता है, कि पत्रावली के भीतर लक्ष्मी रखों और मस्ती करो, काम करवाओ या न करवाओं, बिना काम कराए ही मस्टरोल जारी हो जाएगा और जिसके खाते में प्रधान चाहेगा उसके खाते में पैसा चला जाएगा। कुदरहा ब्लॉक क्षेत्र के प्रधानों को जो सुविधा आपरेटर दे दे रहे हैं, भले ही चाहें भारी सुविधा षुल्क लेकर दे रहे हैं, दावा किया जा रहा है, कि कुदरहा ब्लॉक जैसी सुविधा देष के किसी भी कोने में प्रधानों को नहीं मिल सकती। हैरानी जब होती है, जब हर कोई आपरेटर की षिकायत तो करता हैं, मगर अभी बीडीओ और ब्लॉक प्रमुख नहीं करते बल्कि यह लोग आपरेटर का पक्ष लेते देखे गए। यही कारण है, कि अनगिनत षिकायत होने के बावजूद भी न तो इन्हें हटाने के लिए नहीं लिखा, और न ही इनके अनियमित कार्यो को रोकने का ही कोई प्रयास किया गया। इससे साबित होता है, कि आपरेटर ब्लॉक वालों के कितने प्रिय है।

## डेल्हवा की प्रधान ने भी लगाए गंभीर आरोप

**अगर कोई** मानदेय वाला आपरेटर किसी महिला प्रधान पर अपषब्दों का प्रहार करते हुए यह कहे कि चाहें जिससे भी मेरी षिकायत कर लो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, तो यह अति गंभीर मामला है, और इस पर डीएम, सीडीओ बीडीओ और प्रमुख को विचार करना चाहिए। वैसे भी प्रधान अपने ग्राम पंचायत का सीएम होता है, और एक चयनित जनप्रतिनिधि होने के नाते उसका भी उतना सम्मान है, जितना सांसद, विधायक और ब्लॉक प्रमुख का है। सीडीओ से मिलकर कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत डेल्हवा की प्रधान गीता वर्मा ने बताया कि आपरेटर अरविंद कुमार यादव को कुदरहा ब्लॉक से हटाना अतिआवश्यक हो गया है। क्यों कि इनकी कार्यषैली के कारण अधिकतर ईमानदार प्रधानों को विकास कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहली बात यह किसी भी प्रधान से कायदे से बात नहीं करते है। हर काम मनमानी तरीके से करना चाहते है। चूंकि यह इस ब्लॉक में पिछले 2008 से कार्यरत हैं, इस लिए यह जो चाहते हैं, वही इस ब्लॉक में होता है। इनके सामने नियम कानून का कोई मतलब नहीं होता। कहती है, कि बार-बार कार्य का डिमांड करने के बावजूद मस्टरोल जारी नहीं करते, उन्हीं प्रधानों का मस्टरोल जारी करते हैं, जो इनके मानक पर खरा उतरते है। एनआरपी से कहा जाता है, तो वह कहते हैं, आपरेटर से बात करो, और आपरेटर सुनने को तैयार नहीं है। महिला प्रधान ने दुखी होकर सीडीओ से कहा कि चाहें जैसे आपरेटर को कुदरहा से हटवा दीजिए तभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान रह पाएगा और ग्राम पंचायतों का सही तरीके से विकास भी होगा, सरकारी धन के दुरुपयोग पर रोक भी लगेगा।

# सड़क सुरक्षा के मानकों को लेकर करें जागरूक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**अपर** जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गत दिवस देर सांयकाल कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के मार्गो पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पाट) के सुधार हेतु एनएचएआई को निर्देशित किया गया। ऐसे चिहिन्त स्थानो पर रम्बल स्ट्रिप, कैट आयी, रिफ्लेक्टर मीडियन मार्कर एवं प्रापर डेलीनेटर लगाये जाने की संस्तुति की गयी, साथ ही मेंहदावल बाईपास से सोनी होटल तक के सर्विस लेन के मरम्मत के लिए निर्देशित किया। जनपद के स्कूली वाहनो को शत प्रतिशत फिटनेस सुनिश्चित कराये जाने के लिए भी निर्देशित किया। सड़क सुरक्षा मानको के पालन कराये जाने हेतु अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं इससे सम्बंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं यथा- हेलमेट, सीट बेल्ट, नो पार्किग एवं रॉग साइड लेन ड्राइविंग पर प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। अपर जिलाधिकारी ने एनएचएआई को निर्देशित किया कि हाईवे पेट्रोलिंग की व्यवस्था शुरू हो जिससे न्यून्तम रिस्पांस टाइम में स्थल तक सुविधा पहुचे सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एस0एन0 श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर अजय त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अंशुमान, सी0ओ0 ट्रैफिक, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, ए0आर0टी0ओ0, एनएचएआई के अधिकारीगण व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**सूचना का अधिकार अधिनियम अधिकारों के प्रति सचेत करता है:** कानपुर देहात।आजादी के बाद जिन दो अधिनियमों में जनता को सर्वाधिक सशक्त बनाने का काम किया वे थे जनहित याचिका और सूचना का अधिकार अधिनियमए इसलिए जरूरी है कि इनके बारे में जनता को जागरूक किया जाये। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में लागू किया गयाए इसके अन्तर्गत कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से कोई भी जानकारी ले सकता है।

# अब कौन बचाएगा सुधीर को!

**संवाददाता।** बस्ती

- कम्प्यूटर आपरेटर से पीएम मातृत्व वंदन योजना के जिला कार्यक्रम समन्यवक बनने का मामला
- पहले डीएम और बाद में कमिश्नर के आदेश पर भी सीएमओ ने नहीं की कोई कार्रवाई

**एनएचएम** के मिशन डायरेक्टर के पत्र ने यह साबित कर दिया कि तत्कालीन सीएमओ जेएलएनएम कुशवाहा के सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार करते हुए एक ऐसे कम्प्यूटर आपरेटर सुधीर कुमार यादव को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का जिला कार्यक्रम अधिकारी बना दिया, जो योग्य ही नही है, और जिसकी शैक्षिक योग्यता जिला कार्यक्रम अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद के लायक ही नहीं है। डायरेक्टर ने सीएमओ को इनके खिलाफपांच दिन में कार्रवाई करते हुए अवगत कराने कों कहा। यही आदेष तत्कालीन कमिष्नर अनिल कुमार सागर ने तत्कालीन सीएमओ को एडी हेल्थ की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का आदेष दिया था, उसके बाद तत्कालीन डीएम सौम्या अग्रवाल ने 29 मार्च 22 को सीएमओ को कार्रवाई करने को लिखा। अब आप अंदाजा लगा सकते है, कि सीएमओ एक भ्रष्टाचारी को बचाने के लिए कितने आला अधिकारियों के निर्देषों की अवहेलना की। इसके लिए बाबू को भी पूरी तरह जिम्मेदार माना जा रहा है। डीएम और डायरेक्टर की रिपोर्ट से पता चलता है, कि सीएमओ कार्यालय किस कदर भ्रटाचार में लिप्त है। सबसे अधिक चौकाने वाली डीएम की वह रिपोर्ट हैं, जिसमें स्पष्ट कहा गया कि अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट का एक काकस हैं, जो सरकारी धन का दुरुपयोग तो कर ही रहे हैं, साथ ही दोषियों को यहां पर जानबूझकर बचाने का काम भी होता है। इसी लिए सीएमओ की ओर से कार्रवाई नहीं की जाती, और जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक सुधार नहीं होगा। जिस तरह डीएम ने सुधीर कुमार यादव सहित अन्य के बारे में टिपणी कि उससे लगता है, कि इस कार्यालय को सीएमओ नहीं बल्कि बाबू और भ्रस्टाचारी चला रहे है। बहरहाल अब देखना है, कि क्या सीएमओ मिषन के डायरेक्टर के आदेश पर कार्रवाई करेगें या फिर कमिश्नर और डीएम के आदेश की तरह रददी की टोकरी में डाल देगे।

# मनरेगा श्रमिकों के कमी से थमी अमृत सरोवर योजना

**विक्रमजोत/बस्ती।** अमृत सरोवर योजना की रफ्तार कड़ी धूप में मनरेगा मजदूरों की कमी के चलते मंद पड़ गई है। जिससे अमृत सरोवर का निर्माण समय सीमा 15 अगस्त तक पूरा करना विभाग के लिए टेढ़ी खीर साबित होता दिख रहा है। ब्लॉक के बड़ौदा देव खालसा पिलाओ सॉरी हरेवा शुकुल बमरौली और पूरे चेतन गांव पंचायत में अमृत सरोवर की खुदाई का काम चल रहा है। योजना के अंतर्गत साल भर स्वच्छ जल स्रोत वाले सभी तालाबों की खुदाई का कार्य पांच जून से युद्ध स्तर पर चल रहा है लेकिन तेज धूप और सूखे वीरान पड़े पत्थर बन चुकी तालाब की जमीन की खुदाई में मनरेगा मजदूरों खासी मशक्कत करनी पड़ रही है जिसमें अधिकांश महिलाएं है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अमृत सरोवर के निर्माण को लेकर प्रतिदिन त्रिस्तरीय मॉनिटरिंग की जाती है वर्तमान में ब्लॉक के कुल 7 अमृत सरोवर पर 457 मनरेगा मजदूर काम कर रहे हैं सॉरी देव खाल मैं 50 फीसद कार्य पूरा हो चुका है सचिव को मनरेगा मजदूरों की संख्या बल बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय आंकड़ों की माने तो अमृत सरोवर योजना के तहत चिन्हित किए गए सात ग्राम पंचायतों के बड़े तालाबों पर कार्य शुरू कराया गया है। मनरेगा मजदूरों की उदासीनता और भीषण गर्मी के चलते तय समय सीमा में सरोवर का निर्माण पूरा करना विभाग के लिए चुनौती बन गया है, मानक के अनुसार तालाब की खुदाई के अलावा उसके चारों तरफ पांचवे भैरव केटिंग वृक्षारोपण फ्लैग स्टैंड सहित अमृत सरोवर का नामकरण किसी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम से करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा उसका उद्घाटन कराने तक का कार्य किया जाना है।

# जुमे पर अलर्ट, पुलिस गश्त पर

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



सेमरियावा क्षेत्र में पैदल गश्त करते एसपी। पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा शुक्रवार को जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना दुधारा क्षेत्र के पचपोखरी व सेमरियांवा में पैदल गश्त कर कानून एवं शांति व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहृर्द बनाए रखने हेतु बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि जनपद में असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, यदि आपके संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित ना होने पाए। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफ्वाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना / चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/ वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई तथा यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया। पैदल गस्त के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव, थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डायट में निकाली गई रैली



जागरुकता रैली निकालते पायनियर

**संवाददाता।** बस्ती

**सड़क** सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत प्रशिक्षुओं ने आज जागरूकता रैली निकाली रैली निकाली। इस रैली को को हरी झंडी प्राचार्य कृपा शंकर वर्मा (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) ने दिखा कर रवाना किया। रैली की अगुवाई डॉ ऋचा शुक्ला (मास्टर ट्रेनर- सड़क सुरक्षा) ने की प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के नारे लगा कर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रवक्ता शशि दर्शन त्रिपाठी, गोविंद, अमन सेन, वर्षा पटेल, सरिता चौधरी, वंदना चौधरी आदि उपस्थित रहे और प्रशिक्षुओं की हौसला अफ्जाई की।

# आयुष्मान कार्डधारक ने लगाया आपरेशन का पैसा लेने का आरोप

**संवाददाता।** बस्ती

- पहले हार्निया के आपरेशन में पैसा नहीं लिया, दस दिन बाद इलाज में ले लिए 15313 रुपये
- श्रीकृष्णा मिषन अस्पताल के एमडी ने दी सफाई, कहा- एक ही आपरेशन का दुबारा नहीं मिलता अप्रूवल

**आयुष्मान** कार्डधारक राजाराम ने अधिकारियों को पत्र लिखकर उनसे इलाज के नाम पर 15313 रुपया लेने का आरोप श्रीकृष्णा मिषन अस्पताल पर लगाया है। कहा कि वह तीन जून को अस्पताल में भर्ती हुआ और उसी दिन उसका हार्निया का आपरेषन हुआ, मगर दस दिन बाद जब उसे काफी दर्द होने लगा तो वह पुनः अस्पताल में भर्ती हो गया, जहां उसका 13 से 20 जून तक इलाज चला। डिस्चार्ज होते समय उससे दवा और भर्ती का पैसा मांगा गया, पैसा मिलने के बाद उसे डिस्चार्ज किया गया और रसीद भी उसे दी गई, जब कि पहले आपरेषन और इलाज का पैसा नहीं लिया गया। लिखा कि आयुष्मान कार्ड धारक होने के बावजूद भी उसे भर्ती नहीं किया गया। लिखा कि अस्पताल से उसे सम्पूर्ण लाभ नहीं मिला। वहीं अस्पताल के एमडी बसंत चौधरी ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत अगर किसी मरीज का हार्निया या फिर पथरी का आपरेषन होता है, तो दुबारा उसके इलाज का अप्रुवल नहीं मिलता। बताया कि एक तो षूगर का पेसेंट होने पर कोई अस्पताल मरीज का आपरेषन करने को तैयार नहीं था, हम लोगों ने मानवता के नाते किसी तरह सफ्ल आपरेषन किया। बताया कि डिस्चार्ज के समय मरीज को कोई भी दिक्कत नहीं थी, हो सकता है, कि बाद में कोई इन्फेक्शन हो गया हो या फिर मरीज नियमानुसार आपरेषन के बाद 15 दिन तक आराम न किया हो। फिर भी जब मरीज दुबारा आया तो हम लोगों ने मानवता के नाते मरीज का मरहम पटटी निशुल्क करवाया और कहा भी अगर इसके बाद भी किसी चीज की आवश्यकता होगी तो उसे अस्पताल निशुल्क उपलब्ध कराएगा। मगर मरीज भर्ती कराने को लेकर जिदद करने लगा। कहा कि अप्रुवल ही नहीं मिलेगा तो कैसे अस्पताल एक ही मर्ज का इलाज निशुल्क कर सकता है, अगर यही मरीज डिस्चार्ज होने के 15 दिन बाद पुनः इलाज कराने आते तो उसका अप्रूवल मिल जाता। वैसे देखा जाए तो आयुष्मान कार्डधारक और उसके परिवार को पांच लाख तक निशुल्क आपरेषन या इलाज हो सकता है।



शिकायत की प्रति दिखाता मरीज

# गैर इरादतन हत्या में आठ को सात-सात वर्ष की कैद

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा जघन्य अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अभियोगों को चिन्हित कराते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में मानीटरिंग सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में मानीटरिंग सेल की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी के फ्लस्वरुप 23, जून को श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, द्वारा थाना मेहदावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 88 / 2006 धारा 147/148/ 149/ 323/ 308/ 304/ 413/325/427/ 504/ 506 के मामलें में अभियुक्तगण अवधनारायण, बैजनाथ, दीनानाथ पुत्रगण रामभूलन पाण्डेय, हरीराम, विजयबहादुर, चन्द्रभूषण पुत्रगण रामलोटन पाण्डेय, अंशुमान उर्फ धर्मेन्द्र, जितेन्द्र पुत्रगण हरीराम निवासीगण नचनी थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को अंतर्गत धारा 147/149/ 304 (पार्ट-2)/ 323/325/ 308/ 504/506 भादवि के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास व प्रत्येक को 32-32 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड न अदा करने पर प्रत्येक अभियुक्तों को 01-01 वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। उक्त अभियुक्तगणों द्वारा एकराय व गोलबंद होकर गत 19, मार्च, 2006 को पुरानी रंजिश को लेकर वादीपक्ष के घर में घुसकर लाठी डंडो से लैस होकर जान माल की धमकी देते हुए वादी पक्ष के शशिकान्त पुत्र परमात्मा पाण्डेय, शिवशंकर पुत्र विंदेश्वर, विश्वनाथ पुत्र विन्देश्वर, राजकिशोर पुत्र छोटू को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया था, जिसमें दौराने इलाज शिवशंकर पुत्र विंदेश्वर की मृत्यु हो गयी थी।

# कोविड वैक्सीनेशन के प्रति जागरुकता के लिए मीडियाकर्मियों की हुई कार्यशाला

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**जिला** स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में सेव द चिल्ड्रन संस्था के सहयोग से शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में एक मीडिया वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य समुदाय में विशेष रूप से किशोरों और बच्चों में कोविड वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता लाना है जिससे कोविड टीकाकरण को और भी मजबूत किया जा सके और हर वर्ग मे शतप्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् ए0पी0 भार्गव ने कहा कि कोविड टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिन संस्थाओं का सहयोग मिल रहा ह उनमें से सेव द चिल्ड्रन संस्था की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर उन्होंने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले मीडिया कर्मियों को कोरोना वायरस और कोविड 19 संक्रमण से संबंधित विभिन्न मिथकों पर जानकारी दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् मुकेश मतनहेलिया ने बताया कि बीते छह जून से जिले में कोविड टीकाकरण को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आशा कार्यकर्ता और सेव द चिल्ड्रन के वालंटियर क्षेत्र के हर घर में जाकर कोविड से बचाव का टीका न लगवाने वालों को सूचीबद्ध करने का काम किया है। इस अभियान का समापन शुक्रवार 24 जून को हो रहा है। सेव द चिल्ड्रेन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अखिलेश शुक्ला ने कोविड वैक्सीन के विशेष अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य हर उस व्यक्ति तक पहुंचना हैए जिसको कोविड से बचाव का टीका लगना है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था कोविड वैक्सीन के प्रति जागरूकता फैला रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक राकेश गुप्ताए जिला स्वास्थ शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# युवाओं को धोखा देने की योजना है अग्निपथः पं. जनार्दन

- भाकियू ने दिया धरना, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



धरना देते भाकियू नेता पायनियर

**अग्निपथ** योजना को रद्द करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भारत का किसान संगठन) अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने खलीलाबाद शहर स्थित काली मंदिर परिसर में धरना दिया। जिसमें उपस्थित पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप कुमार चौधरी, मण्डल अध्यक्ष बस्ती सुबाष चन्द्र किसान एवं संतकबीरनगर के जिलाध्यक्ष पं0 जनार्दन मिश्र सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना से देश, जवान और किसान के भविष्य के साथ होने वाले खिलवाड़ कों रोकेंगें। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार भारतीय सेना में भर्ती की पुरानी पद्धति को खत्म कर अग्निपथ नामक एक नई योजना लाई है। इस नई योजना के तहत सेना की भर्ती में कई बड़े और दूरगामी बदलाव एक साथ किए गए है। वक्ताओं ने कहा कि अग्निवीर नामक इन अस्थाई युवाओं को न तो कोई रैंक दिया जाएगा न ही चार साल के बाद कोई ग्रेच्युटी या पेंशन चार साल की सेवा समाप्त होने के बाद इनमें से एक चौथाई या उससे भी काम को ही सेना में पक्की नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में हुई पिछली भर्ती में 87000 नियुक्तियों की जगह इस योजना के पहले साल में सिर्फ46000 और पहले चार साल में कुल दो लाख अग्निवीरों को नियुक्ति किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष रमाशंकर यादव ने मांग किया है कि किसी भर्ती के लिए आवेदकों से ऐसा हलफ्नामा लेने की शर्त न रखी जाय जो उन्हें लोकतांत्रिक प्रदर्शन के अधिकार से वंचित करती हो। अग्निपथ विरोधी प्रदर्शनों में शामिल युवाओं के खिलाफदर्ज सभी झूठे मुकदमें वापस लिए जाय और आंदोलनकारियों को नौकरी से बाधित करने जैसी शर्ते हटाई जाय। अग्निपथ योजना को तत्काल और पूरी तरह रद्द किया जाय और इस योजना के तहत भर्ती का नोटिफिक्रेशन वापस लिया जाय।

# ऋण पाकर स्वावलम्बी बनेंगे स्वयं सहायता समूहः सीडीओ

**श्रावस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वयं सहायता समूहों के लिए नगदी ऋण सीमा स्वीकृति वितरण मेले का आयोजन किया गया जिसमें बैंकों द्वारा निर्धारित शर्तो को पूरा कर रहे स्वयं सहायता समूहों को नगदी ऋण सीमा स्वीकृति प्रदान की गई। यह योजना स्वयं सहायता समूहों के क्रिया.कलापों व निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को ऋण सीमा स्वीकृत होने से काफी मदद मिलेगी स्वयं सहायता समूहों के मजबूत होने से न केवल विभिन्न विभाग के लक्ष्यों की पूर्ति होगीए बल्कि समाज स्वावलम्बी बनेगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, डीजेडएम निरंजन, रिजनल मैनेजर आर्यावर्त बैंक आरके वर्मा, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, निदेशक आरसेटी बृजेश श्रीवास्तव, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### तपोभूमि चित्रकूट में 27 जून को होगा श्रीरामायण यात्रा का भव्य स्वागत

# डीएम ने कार्यक्रम को भव्य बनाने की रणनीति बनाई

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को श्रीरामायण यात्रा की तैयारी के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि श्रीरामायण यात्रा अयोध्या से शुरू हुई है जो 27 जून को सांय काल पांच बजे चित्रकूट आएगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर सभी जनपदों में श्रीरामायण यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद चित्रकूट में यूपी के समाज कल्याण मंत्री को शामिल किया है, जो वह जनपद



निर्देश देते डीएम पायनियर

चित्रकूट में आकर श्रीरामायण यात्रा का स्वागत करेंगे। उन्होंने पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को निर्देश दिया कि रामघाट आरती स्थल पर स्वागत कार्यक्रम की तैयारी कराएं तथा श्रीरामायण यात्रा के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराएं और समय से मां मंदाकिनी की आरती शुरू कराएं जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव से कहा कि पर्यटन अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से संपर्क स्थापित करके कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि प्रकाश एवं साफ सफाई व्यवस्था अच्छी तरह से कराएं। खोया पाया केंद्र रामघाट की भी साफ-सफाई करा दें।साथ ही शौचालय को भी साफ सुथरा रखें एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने उपजिलाधिकारी से यह भी कहा कि मध्यप्रदेश के अधिकारियों के साथ भी वार्ता करके श्री रामायण यात्रा का सफल आयोजन कराएं। बैठक में उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी राम अचल कुरील, दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास, मां मंदाकिनी आरती समिति के सदस्य अश्वनी कुमार अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न लोगों ने ज्ञापन सौंपा

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कस्बे में पेयजल का संकट व्याप्त होने के बावजूद भी समाधान नहीं हो रहा सिर्फआश्वासन पर लोगों को पानी पिलाया जा रहा है। एक दर्जन से अधिक विभिन्न क्षेत्रों से पेयजल किल्लत से जूझ रहे लोगों ने ज्ञापन देने के साथ अधिकारियों से चिरौरी की। ज्ञापन देने वालों में याकूब गड्डी, बटलर खान, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद अकील खान आदि है। कहा गया है कि नगर में भीषण पेयजल का संकट है। जिसे कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया पानी के लिए लोग रातों जागते हैं। दूर दूर भटक रहे हैं। यहां तक के अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। और जिन से पानी भी आता है। पीने लायक नहीं है। नई बोरिंग के नाम से नलकूप लगाने की बात कही गई कुछ तो विफल हो गए और जो हुए भी वह संचालित नहीं किए जा सके ऐसी स्थिति में यदि दो दिन के अंदर पेयजल समस्या का समाधान ठोस रूप से नहीं हुआ तो वह जल संस्थान कार्यालय में क्रमिक अनशन के लिए बाध्य हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## जुलाई से बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे पर दौड़ेंगे वाहन

संवाददाता। चित्रकूट

**चित्रकूट** से इटावा को जोडने वाला बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का कार्य अन्तिम चरणों में है। जुलाई में इस एक्सप्रेस-वे का शुभारम्भ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं। इसे लेकर दो दिन पहले अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी यहां आये थे। कार्य की गति धीमी होने पर नाराजगी जताई थी। यूपीडा को दस दिन के अन्दर काम पूरा करने के निर्देश दिये थे। एडीएम ने बताया काम तेजी से चल रहा है, जुलाई से वाहन चलने लगेंगे। सूबे के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने दो दिन पहले बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का बारीकी से निरीक्षण किया। चित्रकूट से चलकर इटावा तक बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे जोडा जा रहा है। उन्होंने फ्लाई ओवर के कार्य की प्रगति देखने के बाद नाराजगी जताई। 296 किमी से 280 तक जिन-जिन स्थानों पर पुलो के निर्माण का कार्य चल रहा था। सभी स्थानों पर कार से उतरकर निरीक्षण किया। टोल प्लाजा के निर्माण कार्य



बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे तैयार पायनियर

को लेकर कई जगह पुलों पर स्लैब के अधूरे कार्य को देखकर नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट हेड उत्तम कुमार को दस दिनों के अन्दर सभी अधूरे कार्य पूरे करने के कडे निर्देश दिये। जुलाई के दूसरे सप्ताह में एक्सप्रेस-वे चालू कर दिया जायेगा। उनके निर्देश पर यूपीडा के सभी अधिकारी कार्य को पूरा करने में लगे हुए हैं। यह एक्सप्रेस-वे चित्रकूट से इटावा तक है और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे में लिंक होगा।

## आयोग की सदस्य ने पीड़िता के परिजनों को दिया भरोसा



**चित्रकूट।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता ने जिले के पहाडी ब्लाक के औदहा गांव में कुछ दिनों पहले 13 वर्षीय बालिका से सामूहिक बलात्कार व मृत्यु के मामले की पडताल पीड़िता के परिजनों से भेंटकर की। शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता पहाडी ब्लाक के औदहा गांव पहुंची। उन्होंने पीड़िता के माता-पिता से भेंटकर बच्ची के साथ हुए रेप की घटना और मृत्यु की कहानी सुनी। माता-पिता ने आयोग की सदस्य को बच्ची के साथ हुए सामूहिक बलात्कार और मृत्यु की पूरी दास्तान बताई। आयोग की सदस्य ने पीड़िता के माता-पिता को दोषियों को कडी सजा दिलाने का भरोसा दिया। उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। वहां से लौटने के बाद कोतवाली कर्वी में महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया। हेल्पडेस्क में कार्यरत महिला सिपाही को कम्प्यूटर की जानकारी न होने पर कई मामलों में उपस्थिति दर्ज नहीं मिली।

### मासूम का अपहरण

# हुआ खुलासा, सट्टे में हार जाने के बाद बनाई थी अपहरण की योजना

- **दोनो आरोपी वादी के है रिश्तेदार,चोरी की बाइक से किया था बच्चे का अपहरण**

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** शहर से तीन सप्ताह पहले दिनदहाड़े मासूम के अपहरण के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिता द्वारा दिये गये रुपयों को शर्त पर हार जाने पर अपहरण की योजना बनायी थी। दोनो आरोपी वादी के रिश्तेदार बताये जाते है।

पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने बताया कि कानपुर नगर के सोमेश तिवारी निवासी कैलाश विहार थाना



पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक व साथ में है आरोपी पायनियर

चकेरी व सुमित तिवारी निवासी तिवारीपुर थाना जाजमऊ दोनों ही सट्टे में हजारो रुपये हार गये थे,तभी दोनों ने 27 मई को घाटमपुर से एक बाइक चोरी कर हमीरपुर के प्रभात तिवारी के पांच साल के लड़के वैभव को अपहरण करने की योजना बना डाली। दोनो युवक तीन दिन तक बैभव को अपहरण करने की योजना बनाते रहे बाद में तीस मई को अपहरण करने में सफल हो पाये हालाकि पुलिस टीम ने अपहरण के चार घंटे बाद मासूम को बरामद कर लिया था,उसी दिन दोनो ने साइकिल सवार से मोवाइल छीन कर मासूम के पिता प्रभात तिवारी से पचास लाख रुपये फिरौती की मागं की। करीब तीन सप्ताह तक अपहर्ता लखनऊ,बनारस,चंदौली में अपने को छिपाये रखा। पुलिस ने इसी बीच न्यायालय से गैरजमानती बारंट जारी कराया। पुलिस ने घटना के खुलासा के लिये पांच टीम बनायी थी,एसपी ने बताया कि दोनो अभियुक्तों को स्थानीय रोहाइन नाले के पास से गिरफ्तार कर लिया, उनके पास से 7320 रुपये नगद,दो सोने की अगूठी,तमंचा,चाकू,चोरी की बाइक भी बरामद की गयी है। दोनो के खिलाफ छह छह अपराधिक मुकदमे कानपुर में मुकदमे दर्ज है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को दस हजार रुपये का इनाम दिया है।

## क्विक न्यूज

### कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर,अस्पताल में भर्ती

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के ब्लाक कार्यालय के सामने बाइक सवार को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कुरारा निवासी बीरेंद्र अपनी बाइक से कल शाम ब्लाक की तरफजा रहा था। तभी पीछे से एक कार चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया तथा चोट आई तथा कार चालक मौके से भाग निकला । वहां मौजूद लोगों ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी तब उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा घायल को सी एस सी लेकर गए वहां सिर में अधिक चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

### टप्पेबाजों ने दुकान से दस हजार रुपये पार किये

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा कस्बा के सरकारी अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर संचालक की गोलक से टप्पेबाजों ने रुपये पार कर बाइक से फरार हो गए। अखिलेश पांडे उर्फलालजी पांडे मेडिकल स्टोर की दुकान किये हैं। पुलिस को बताया कि बुधवार के दिन पिता को दुकान में बैठाकर घर में खाना खाने चला गया था। तभी दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से दुकान में आये तथा पिता से कहा कि दवा दे दो जब वह दुकान में पीछे की तरफ दवा लेने गये तो एक व्यक्ति ने गोलक में हाथ डालकर उसमे रखे 10 हजार रुपए निकाल लिये तथा बाइक में बैठकर मौके से फरार हो गए। जब वापस में आया तो घटना की जानकारी हुई। तब थाने में जाकर घटना की तहरीर दी है।

### बत्तीस घरों की विजली गुल,पाटनपुर गांव में चलाया गया अभियान

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिजली विभाग ने अपने करोड़ों रुपया बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया गया जिसमे पाटनपुर गांव व कस्बे के कुछ इलाकों में एक लाख से अधिक बकाया वाले 32 बिजली उपभोक्ताओं के घरों की बिजली गुल कर दी गयी। इन पर 45 लाख रूपया से अधिक का बकाया बताया गया है। विभाग के अवर अभियंता राजीव प्रसाद ने कहा कि पाटनपुर गांव में विभागीय शिविर लगाकर जहां बकायेदारों से बिना उनके कनेक्शन काटे बकाया अदा करने व छूट योजना जिस में किश्तों में पैसा जमा होता है का लाभ उठाकर अपना पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत गांव में 15 लोगों ने एक लाख 25 हजार रुपये जमा कराए जा चुके हैं बिजली के टीम पहुंचते ही उन लोगों ने ताबड़तोड़ अपने अवैध कनेक्शन की डोरियां हटाने का कार्य शुरू कर दिया। इससे कोई चोरी का मामला पकड़ में नहीं आया। लोगों को सलाह दी गई है कि वह विभाग की छूट योजना का लाभ उठाएं ।बकाया वसूली करने के लिए उन पर आरसी जारी न करनी पड़े। और न ही कनेक्शन कटे। अवर अभियंता ने नगर के कई इलाकों में एक लाख से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए हैं और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### साइबर अपराध के बारे में थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण करते हुये आमजनमानस को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। शुक्रवार को सिरसा कलार थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र के भ्रमण पर निकले जहां पर उन्होंने ग्रामीणों को एकत्रित कर साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि साइबर अपराधी शातिराना अंदाज में अपने मोबाइल पर कॉल कर विभिन्न प्रकार का लाभ दिलाने की झांसा देकर आपको गुमराह कर आपसे बैंक का एकाउंट नंबर या फिर एटीएम कार्ड का पासबर्ड पूंछ लेते हैं। इसके बाद वह आपके एकाउंट से पलक छपकते ही रुपयों का आहरण कर अच्छा खासा चूना लगा देते हैं और जब आपके मोबाइल पर उसका मैसेज आता है तब आपको खुद के साथ ठगी होने का एहसास हो पाता है। इसलिये आप लोग मोबाइलों पर आने वाली ऐसी कॉलों को अनसुना कर साइबर अपराधियों के झांसे में फंसने से बचे। यदि आप सावधान रहेंगे ओर दूसरों को भी सावधान करेंगे तो निश्चित रूप से आप इस प्रकार की ठगी से बच सकते हैं।

### पंचायत सहायक ग्रामीणों की असुविधाओं को अपने स्तर से दूर करें:बीडीओ

**कुठौंद (जालौन)।** शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत कार्यालय के मीटिंग हॉल में सभी पंचायत सहायकों की बैठक ली खंड विकास अधिकारी संदीप यादव एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, डॉक्टर सचान, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार की मौजूदगी में आयोजित बैठक में पंचायत सहायकों बिंदुवार जानकारी संदीप कुमार यादव खंड विकास अधिकारी द्वारा दी गयी। बैठक को संबोधित करते हुये बीडीओ ने कहा कि सभी पंचायत सहायक पंचायत भवन कार्यालयों में प्रातः 10 से सायंकाल 5 बजे तक उपस्थित रहना सुनिश्चित करें ताकि ग्राम से पहुंचे हुए ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर के सभी अभिलेखों को कार्यालय में रखकर व्यवस्था देखें। उन्होंने कहा कि ग्राम में बने हुए सामुदायिक शौचालयों में केयरटेकर उपस्थित सुनिश्चित करें। गांवों में किसान सम्मान निधि के पात्र व्यक्तियों की केवाईसी कर उन्हें सम्मान निधि से वंचित न होने दें। इसी प्रकार से वृद्धावस्था पेंशन से वंचित लाभार्थियों को तीन दिवस के अंदर फॉर्म ऑनलाइन करवाकर व्यवस्थित करें। डॉ. सचान ने संचारी रोग के बारे में काफी कुछ जानकारियां हासिल कराएं एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन सभी पंचायत सहायकों से अपनी-अपनी ग्राम सभाओं में सभी कार्यों से जानकारी रखने और विकास कार्यों पर विशेष जानकारी रखना चाहिए आप सभी ग्राम सभाओं में पंचायत भवन पर कंप्यूटर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्थाएं लगभग दूरस्थ होती जा रही हैं जिससे आप सभी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

### नर्सरी से पांच बकरियां चोरी

**कोंच(जालौन)।** समीपस्थ गांव घुसिया में एक पशु पालक की पांच बकरियों पर चोरों ने हाथ साफकर दिए। मजे की बात यह है कि जहां वह सो रहा था ठीक उसके बगल में ही बकरियां बंधीं थीं। उसे आहट भी नहीं मिली और चोरों ने काम लगा दिया। कोतवाली क्षेत्र के घुसिया गांव निवासी नत्थू पुत्र कमला प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह गांव के बाहर नर्सरी में रहता है और बकरी पालन करता है। 22 जून की रात रोज की तरह वह अपने छप्पर में सोया था और पास में ही उसकी पांच बकरियां बंधीं थीं। आधी रात के आसपास कोई उन बकरियों को चुरा कर ले गया। हैरत की बात यह है घटना के वक्त वह बिल्कुल बकरियों के पास सोया था, चोरों ने इतनी सफाई से चोरी की घटना को अंजाम दिया कि उसे कोई आहट भी नहीं मिली। नत्थू ने चोरी की घटना में दो लोगों का हाथ होने का संदेह जताया है। उसने रिपोर्ट दर्ज कर बकरियां बरामद करने की गुहार लगाई है।

### सर्प दंश से किसान की मौत

**कदौरा (जालौन)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पथरेहटा का मजरा हिमनपुरा निवासी रामसेवक (55) गुरुवार रात मूंगफली के खेत मे पानी लगाए हुए था। कि अचानक उनके पैर में किसी जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे वह खेत पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। खाना लेकर पहुचे पुत्र गंगाराम ने पिता को अचेत अवस्था मे खेत पर पड़े देखा तो अन्य परिजनों को सूचना दी।

## भाकियू ने जुलूस निकाल किया अग्निपथ का विरोध

संवाददाता। चित्रकूट

**भाकियू** ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर अग्निपथ के विरोध में जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने कर्वी शहर की गलियों में जुलूस निकालकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। शुक्रवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही ने एसडीएम सदर पूजा यादव को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सरकार किसानों के बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रही है। किसानों व मजदूर के बच्चों की पढ़ाई की उम्र में नौकरी दे रही है तो नौकरी की उम्र में पूंजीपतियों की चौकीदारी की योजना बना रही है। सरकार की मंशा किसानों की आने वाली पीढ़ियों को अपंग बनाना है। योजना में साफ शब्दों में लिखा है कि एक परसेंट से 25 परसेंट तक परमानेन्ट नौकरी दी जाएगी, लेकिन ये स्पष्ट नही है कि दो परसेंट या पांच परसेंट हो सकता है। सरकार योजना से नवयुवकों के साथ



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता पायनियर

छलावा कर रही है। जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि यदि सरकार सासंदो व विधायकों के बच्चों की भर्ती को पचास परसेंट नियम क्यों नहीं बनाती, पहले उनके बच्चों की भर्ती की जाए। जो देश सेवा के नाम पर जनता का पैसा लूट रहे हैं। ज्ञापन सौंपने में मंडल उपाध्यक्ष उदयनारायण सिंह, रामकरण सिंह, नीलकंठ द्विवेदी, शत्रुघ्न सिंह, हनुमान पाल, शैलेन्द्र सिंह, विनय त्रिपाठी, राजकिशोर सिंह, तीरथ प्रसाद सिंह, अर्जुन सिंह, शिव सिंह, नरेश सिंह, छोटे पीढिया, नरेश तिवारी, योगेंद्र सिंह, राकेश सिंह, कमलेश, रामेश्वर, छेदीलाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान शामिल रहे। इसी क्रम में संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र ने प्रदर्शन कर तहसीलदार कर्वी संजय अग्रहरि को राष्ट्रपति सम्बोधित सौंपे ज्ञापन में कहा कि अग्निपथ योजना देश के जवान और किसानों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड करने की योजना है। इसे तत्काल रद्द कर पुरानी पद्धति से भर्ती की जाये। इस मौके पर रामसहाय पटेल, अजय सिंह एड, हसीना बेगम, रामप्रताप विश्वकर्मा, लल्लूराम त्रिपाठी, मुन्ना, शिवकुमार, संतोष, सुरेन्द्र सिंह, शिवप्रताप विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

## पात्रों को लाभ दिलाने के लिये गांव गांव में आयोजित होंगे कैंप: सीडीओ

**उरई ( जालौन )।** मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य सचिव, उप्र शासन की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग में दिये गये निर्देशों के परिपालन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जनपद के लाभार्थी कृषकों की ई-केवाईसी शत प्रतिशत कराने हेतु संलग्न विवरण के अनुसार कृषि विभाग के कार्मिकों एवं जनसुविधा केन्द्र संचालकों को उनके नाम के सम्मुख ग्राम पंचायत आबंटित करते हुये तिथिवार कैम्प आयोजित करने हेतु नामित किया जाता है। जिसमें नामित कार्मिकों द्वारा निम्नवत कार्यवाही करते हुये राजकीय कार्य सम्पादित करेंगे। उन्होंने बताया कि कैम्प का आयोजन निर्धारित तिथि को आवंटित ग्राम में प्रातः 10 से सायंकाल 4 बजे तक किया जायेगा। ग्राम प्रधान को पहले से ग्राम में जाकर कैम्प आयोजन की सूचना दी जाए एवं अनुरोध करें कि ग्राम में मुनादी करा दे। निर्धारित तिथियों में ही आबटित ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाले समस्त ग्राम, मजरे, पुरवे आदि शत-प्रतिशत संतृप्त किये जायेंगे। प्रत्येक निर्धारित ग्राम में नामित कार्मिक समय से उपस्थित होकर ग्राम के समस्त लाभार्थियों को भारत सरकार की नवीन व्यवस्था ई-केवाईसी की जानकारी देते हुये नजदीकी जन-सुविधा केन्द्र पर आधार कार्ड संख्या एवं उससे लिंक्ड मोबाईल नम्बर के साथ उपस्थित होने का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। कार्यालय उप कृषि निदेशक, जालौन स्थान उरई से उपलब्ध करायी जा रही सूची के अनुसार ई-केवाईसी हेतु अवशेष कृषकों से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर ई-केवाईसी कराकर शतप्रतिशत संतृप्त करेंगे। ई-केवाईसी कैम्प की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट कैम्प आयोजन उपरान्त सायंकाल 5 बजे तक प्रत्येक दशा में अपने विकासखण्ड में नामित नोडल अधिकारी को निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायेंगे।

## पुलिस बल की मौजूदगी में अदा हुई जुमे की नमाज

**जालौन ( उरई )।** शुक्रवार को नगर की सभी मस्जिदों में पुलिस बल की मौजूदगी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज शांतिपूर्ण निपटी। शुक्रवार को जुमा और अग्निवीर को लेकर आंदोलन के बीच नगर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रही। शुक्रवार को सुबह से ही नगर की सभी जामा मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। नगर के संवेदनशील स्थान तकिया मैदान पर अतिरिक्त फोर्स के साथ दंगा नियंत्रण बल की भी तैनाती की गई। साइबर सेल भी सुबह से ही सक्रिय रही। सुबह से ही एसडीएम राजेश सिंह, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल शैलेंद्र सिंहपुलिस फोर्स के साथ तकिया मैदान पर पल पल की गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। एसडीएम ने लोगों से अपील की शांति व्यवस्था बनाएं रखें किसी भी प्रकार की साजिश अथवा अफवाहों का हिस्सा न बनें। सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि किसी भी हालत में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता पर है। पुलिस पल पल की स्थिति पर नजर रखे हुए है।

# प्लास्टिक के प्रतिबंधित होने से होगा पर्यावरण का संरक्षण: महंत मदन गोपालदास

- **वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प**
- **बुंदेलखंड के अजेय दुर्ग कालिंजर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

संवाददाता। चित्रकूट

**बुंदेलखंड** के ऐतिहासिक अजेय दुर्ग कालिंजर में शुक्रवार को वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य पर पर्यावरण संकल्प अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कामदगिरि प्रमुख द्वार चित्रकूट के महंत मंदन गोपाल दास महाराज द्वारा किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कामदगिरि प्रमुख द्वार



पौध वितरण करते महंत मदनगोपाल दास पायनियर

चित्रकूट के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती की यह जन्म भूमि है। उन्होंने ने कहा कि रामायण में बाबा तुलसीदास जी ने लिखा है कि भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण ने भी चित्रकूट में वृक्ष लगाकर पावन धरा को सुशोभित किया है। उन्होंने ने कहा कि प्रकृति का दुश्मन मानव ही है। हमें सबसे पहले प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करना होगा । पर्यावरण को बचाने के लिए अकेले सरकार कुछ नहीं कर सकती, इसको जन आंदोलन बनाना चाहिए। हम भगवान कामतानाथ का संदेश लेकर आपके पास आऐ है। पर्यावरण दिवस एक अनुष्ठान है हम सबको मिलकर अपने-अपने घरों और जंगलों को हरा भरा बनाना है। उन्होंने कहा कि कालिंजर अंतराष्ट्रीय पर्यटन स्थल केंद्र है,कालिंजर में बहुत सारे रहस्य है । कालिंजर अनादि काल से है। उन्होंने ने कहा कि पर्यावरण को हमें अपने जीवन काल हिस्सा बनाना पड़ेगा। तभी मानव जीवन बचा पाएगा। कालिंजर शोध संस्थान के प्रबंधक अरविंद छिरौलिया ने कहा कि कालिंजर बुंदेलखंड का अजेय दुर्ग है। महारानी दुर्गावती का गौरवशाली इतिहास है। बताया कि कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज का संकल्प है कि कालिंजर दुर्ग में अगले वर्ष यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का किया जायेगा। वहीं पूर्व सांसद भैंरों प्रसाद मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है।उन्होने भरोसा दिलाया कि हम सब मिलकर भारत सरकार से कालिंजर दर्ग में भगवान नीलकंठेश्वर के दर्शन को लगने वाले शुल्क को समाप्त करायेगें। वहीं नीति आयोग की जल प्रबंधन समिति के सदस्य उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि कालिंजर दुर्ग में भगवान नीलकंठेश्वर के दर्शन को लगने वाला शुल्क खत्म होना चाहिए। हमारे जीवन में पर्यावरण का विशेष महत्व है यदि पर्यावरण ठीक नहीं होगा तो मानव जीवन संकट में आ जाएगा। वहीं कालिंजर दुर्ग के डाक बंगले में 11 पेड भी लगाए एंव आऐ हुए लोगों में 200 पौधों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र,पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, समाजसेवी गोपाल भाई, विश्व हिन्दू महासंघ की प्रदेश मंत्री ज्योति करवरिया, ममता तिवारी,मीता करवरिया,सदाशिव अनुरागी, डा0 बुद्धविलास द्विवेदी,वीरेंद्र त्रिवेदी , दयाराम सोनकर,राजेन्द्र श्रीवास आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डा0आशीष पाठक ने किया।